सुप्रभात
रांची, मंगलवार
16.01.2024
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net पौष, शुक्ल पक्ष, पंचमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 184



12 अमिताभ बच्चन ने अयोध्या में खरीदी करोड़ों की जमीन




## न्यूज डायरी

### बाबूलाल मरांडी ने गंगा में लगायी डुबकी



**साहिबगंज।** सोमवार को झारखंड में मकर संक्रांति बड़े धूमधाम से मनायी गयी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और राज्य के पहले सीएम बाबूलाल मरांडी ने सुबह साहिबगंज में ओझा टोली घाट पर पहुंचकर गंगा में आस्था की डुबकी लगायी। उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष रामदरश यादव, चंद्रभान शर्मा, धर्मेंद्र कुमार, संजय पटेल ने भी गंगा में डुबकी लगायी।

### सीतापुर के चीनी मिल में तीन लोगों की मौत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सीतापुर स्थित चीनी मिल में सोमवार को मिल का फॉर्मेटर फट गया, जिससे तीन लोगों की मौत हो गयी। जबकि कई लोग घायल बताये जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि 3 शव पड़े मिले हैं। मामले की जांच जारी है।

### सरायकेला में सड़क हादसा, तीन की मौत

**सरायकेला-खरसावां।** जिले के टाटा-कांड्रा मार्ग और रांची-टाटा मार्ग पर चौका में दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में जमशेदपुर भुइयांडीह ग्वाला बस्ती का सुनील कुमार (45), बोलाईडीह के जगन्नाथपुर के झोपड़ी स्कूल के पास का राहुल मुखी (19) व शीतला मंदिर के पास का सोना मुंडा (18) शामिल है। घायल गणेश लोहार टीएमएच में इलाजरत है।

### झारखंड की संघमित्रा व अमित को कांस्य पदक

**रांची।** भारतीय एथलेटिक्स संघ और बिहार एथलेटिक्स एसोसिएशन के सोमवार को गया (बिहार) में संपन्न 58वीं राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में झारखंड के एथलीटों ने दो कांस्य पदक जीते हैं। बालिका अंडर-20 के छह किमी दौड़ में झारखंड की संघमित्रा महथा ने 21:14.00 और बालक अंडर- 16 आयु वर्ग में दो किमी दौड़ में अमित महतो ने 5:42.00 समय के साथ कांस्य पदक जीता।

### चतरा में मुठभेड़ हथियार बरामद

**चतरा।** सोमवार को टीएसपीसी और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ प्रतापपुर थाना के अनगड़ा जंगल में हुई है। मुठभेड़ के दौरान हथियारों का जखीरा और नक्सली साहित्य बरामद होने की सूचना है।

# मेरी सरकार के 10 साल गरीबों आदिवासियों को समर्पित रहे हैं

## जिसे पहले कोई पूछता नहीं था, आज उसे मोदी पूजता और पूछता है...

- आदिवासी कल्याण योजना के तहत लाभुकों की पहली किस्त जारी
- 10 साल में चार करोड़ गरीब परिवारों को पक्का मकान दिया
- 22 जनवरी को अपने नये घर में दिवाली मनायें

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी मोदी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण पीएमएवाई-जी) के 1 लाख लाभार्थियों को पहली किश्त जारी की। जन समुदाय को संबोधित करते हुए जीएम ने कहा, नमस्कार, जोहार, राम-राम। आज पूरा देश उत्सव मना रहा है। अयोध्या में दीपावली का माहौल है। आज देश के 1 लाख अति पिछड़े जनजातीय परिवार को घर बनाने के लिए पैसे ट्रांसफर किये जा रहे हैं। घरों का निर्माण कार्य जल्द शुरू हो और जनजातीय परिवार के लोग इस साल की दीपावली अपने नये पक्के मकान में मनायें। उन्होंने कहा कि मेरी सरकार के 10 गरीबों, आदिवासियों को को समर्पित रहा है। हमारी सरकार ने आदिवासियों के कल्याण के लिए तत्परता से काम किया है। मौके पर पीएम ने झारखंड के गुमला के बिशुनपुर प्रखंड के जोभी पाठ पंचायत अंतर्गत टूटवापानी की विलुप्तप्राय आदिम जनजाति समुदाय की शशि किरण बृजिया से बात की और योजनाओं के बारे में पूछा।

(शेष पेज 11 पर)



### मोदी ने गुमला की शशि किरण से की सीधी बातचीत

पीएम जन मन महाअभियान के तहत मोदी ने बिशुनपुर प्रखंड के जोभी पाठ पंचायत के टूटवापानी की विलुप्तप्राय आदिम जनजाति समुदाय की शशि किरण बृजिया से सीधी बात की। उनसे जमीनी स्थिति की जानकारी ली एवं लाभार्थियों को मिलने वाले लाभ के बारे में पूछा। शशि किरण ने बताया कि वह एवं उनका परिवार सखी मंडल से जुड़ा है। पीएम सम्मान निधि योजना के तहत लोन लेकर फोटो कॉपी मशीन व सिलाई मशीन खरीदी। वह फोटो कॉपी कर अपना रोजगार चला रही है। उनके ग्राम में सभी को पीएम उज्ज्वला योजना, जल जीवन योजना, सड़क, बिजली, पीएम किसान योजना, पीएम आवास योजना का लाभ मिला है, जिससे उनका गांव विकास के मार्ग पर अग्रसर है। वह अपने सखी मंडल की महिलाओं के साथ पीएम कौशल विकास योजना के तहत दोना पत्तल बनाना सीख कर नये रोजगार की भी शुरुआत करेंगी।

हेमंत ने इडी को पत्र भेज कर दिया जवाब, कहा

# 20 को सीएम आवास आकर दर्ज करा लें बयान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इडी की ओर से लगातार जारी हो रहे समन का सस्पेंस खत्म हो गया है। इडी के सात समन के बाद आठवें पत्र का जवाब देते हुए सीएम ने कह दिया है कि इडी की टीम 20 जनवरी को सीएम आवास आकर बयान दर्ज कर सकती है। सोमवार की दोपहर मुख्यमंत्री सचिवालय का विशेष दूत सीएम का जवाबी गोपनीय पत्र लेकर ईडी के रांची जोनल आफिस पहुंचा। पत्र मिलने के बाद ईडी के अधिकारियों ने इसकी जानकारी दिल्ली मुख्यालय को दी। ये पूरा मामला रांची के बरियातू स्थित जमीन के एक प्लॉट से जुड़ा है।

साहिबगंज में हुए अवैध खनन मामले में ग्रीड कंसल्टेंट के आर्किटेक्ट विनोद सिंह से सोमवार को इडी ऑफिस में पूछताछ होनी थी, पर वह इडी दफ्तर नहीं पहुंचे। उन्होंने कोई सूचना भी इडी को नहीं भेजी है। वहीं दूसरी ओर सीएम हेमंत सोरेन को इडी की ओर से भेजे गये पत्र का जवाब (बंद लिफाफा) लेकर सीएम सचिवालय का कर्मी सोमवार को इडी ऑफिस पहुंचा। गौरतलब है कि इडी ने सीएम को पत्र लिख कर अपना बयान दर्ज कराने के लिए पांच दिनों (16-20 जनवरी) का समय दिया है। इन पांच दिनों में दो दिन के अंदर उन्हें बयान दर्ज कराने के लिए समय और जगह बताने का कहा गया है। साथ ही चेतावनी भी दी गयी है कि अगर वह बयान दर्ज कराने नहीं आये तो इडी खुद उनके पास पहुंचेगी। इडी ने पत्र को समन समझने को कहा है। सीएम को भेजे गये पत्र में कहा गया है कि कानून सबके लिए बराबर है। इडी द्वारा भेजा गया समन कानूनसम्मत है। आपको इसका अनुपालन करते हुए बयान दर्ज कराना ही होगा। (शेष पेज 11 पर)




### विनोद सिंह नहीं आये सूचना भी नहीं भेजी

**रांची।** साहिबगंज में हुए अवैध खनन मामले में ग्रीड कंसल्टेंट के आर्किटेक्ट विनोद सिंह से सोमवार को इडी ऑफिस में पूछताछ होनी थी। 11 बजे ही उन्हें ईडी ऑफिस पहुंचना था, लेकिन नहीं पहुंचे। उन्होंने कोई सूचना भी इडी को नहीं भेजी है। इससे पहले इडी ने 11 जनवरी को साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव को पूछताछ के लिए बुलाया था, हालांकि वे भी इडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे। इसके अलावा 16 जनवरी को सीएम के प्रेस सलाहकार को भी इडी ने पूछताछ के लिए बुलाया है। झारखंड कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने इडी को पत्र लिख जानकारी मांगी है, वह राज्य सरकार के अफसरों को किस आधार पर पूछताछ के लिए समन किया है। साहिबगंज में 1250 करोड़ के अवैध खनन और इडी के गवाह विजय हांसदा को प्रभावित करने से जुड़े मामले में इडी ने तीन जनवरी को एक साथ अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू, साहिबगंज के डीसी रामनिवास यादव, डीएसपी राजेंद्र दुबे, साहिबगंज के खनन कारोबारी खुदानिया बंधु, सीएम के दोस्त विनोद सिंह, रौशन सिंह, कोलकाता के कारोबारी अभय सरावगी, पूर्व विधायक पप्पू यादव, रांची के बिरसा मुंडा जेल के जमादार अवधेश कुमार के ठिकानों पर छापेमारी की थी।

# चतरा के कुल्लू का पारा 1.2 डिग्री पहुंचा

- गुमला जिले का विष्णुपुर 3.3 डिग्री के साथ राज्य का दूसरा सबसे ठंडा स्थान

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में पिछले कई दिनों से सर्दी का सितम जारी है। मकर संक्रांति के दिन कुल्लू सबसे सर्द जगह रही। कुल्लू झारखंड और बिहार की सीमा पर स्थित चतरा जिले में है। मौसम विभाग की ओर से यह जानकारी दी गयी है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची स्थित मौसम केंद्र के प्रमुख अभिषेक आनंद ने बताया कि झारखंड के चतरा जिल का कुल्लू राज्य में सबसे ठंडा स्थान रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 1.2 डिग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड किया गया। इस मौसम में राज्य का यह सबसे कम तापमान है। मौसम विभाग ने बताया कि झारखंड के अधिकतर जिलों में मकर संक्रांति के दिन सोमवार (15 जनवरी) को तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम दर्ज किया गया, जबकि आठ जिलों में तापमान पांच डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। मौसम विज्ञान केंद्र ने चेतावनी जारी कर कहा है कि कि सोमवार को राज्य के चतरा, पलामू, गढ़वा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला और सिमडेगा जिलों सहित झारखंड के पश्चिमी इलाकों में शीत लहर चलने की संभावना है।

**रांची का न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री :** झारखंड की राजधानी रांची में न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.7 डिग्री कम है। अभिषेक आनंद ने बताया कि 19 जनवरी तक राज्य में ऐसा ही मौसम बना रहेगा। 16 जनवरी के बाद न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे तीन से चार डिग्री की वृद्धि होने की संभावना है। इस दौरान राज्य में कुछ जगहों पर मध्यम से घना कोहरा छाया रहेगा। मौसम विभाग ने कहा है कि गुमला जिले का विष्णुपुर 3.3 डिग्री सेल्सियस के साथ राज्य का दूसरा सबसे ठंडा स्थान रहा। इसके बाद पलामू जिले के चियांकी में न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री, खूंटी में 4.1 डिग्री, लातेहार में 4.2 डिग्री, लोहरदगा में 4.4 डिग्री, बोकारो में 6.1 डिग्री और डालटेनगंज में 6.7 डिग्री रहा।

**रांची में दो दिन हो सकती है बारिश :** मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा कि पूरे झारखंड में पश्चिमी से उत्तर-पश्चिमी हवाएं चलने के साथ तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। 17 और 18 जनवरी को झारखंड के कुछ इलाकों में हल्की बारिश की संभावना है। अभिषेक आनंद ने बताया कि राजधानी रांची में भी 17 और 18 को हल्के दर्जे की वर्षा हो सकती है। वहीं, 19 को रांची में सुबह में कोहरा या धुंध छाया रह सकता है।

### कड़ाके की ठंड पर भारी आस्था, लाखों ने किया संगम स्नान

वहीं प्रयागराजमे दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम माघ मेले का पहले स्नान पर्व मकर संक्रांति पर बर्फीली हवाओं और हाड़ कंपा देने वाली ठंड के बीच लाखों श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में आस्था की डुबकी लगायी।



### बोकारो : साइबर गिरोह के 16 आरोपी गिरफ्तार

**बोकारो।** पुलिस ने साइबर क्राइम की रोकथाम को लेकर बड़ी कार्रवाई की है। बारी-कॉपरेटिव और मनमोहन कॉपरेटिव के आवासों में छापा मार कर कुल 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित आवास को किराये पर लेकर साइबर फ्रॉड करते थे। पकड़े गये सभी लोग बिहार के नालंदा, नवादा, जमुई, शेखपुरा सहित अन्य जिलों के रहने हैं। अधिकतर 18 से 30 वर्ष के युवक हैं।

गिरगिट की तरह रंग बदलते हैं सपा प्रमुख : मायावती

# बसपा अकेले लड़ेगी लोकसभा चुनाव

एजेंसी

**लुधियाना/हैदराबाद।** मायावती ने सोमवार को अपने जन्मदिन पर मीडिया को संबोधित करते हुए कई सवालों के स्पष्ट जवाब दिये। उन्होंने बीते कई दिनों से इंडिया गठबंधन के साथ जाने के लगाये जा रहे कयासों पर विराम लगा दिया। कहा कि बीएसपी लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। बसपा सुप्रीमो ने कहा, हमारी पार्टी लोकसभा चुनाव अकेले इसलिए लड़ती है क्योंकि इसकी कमान एक दलित के हाथों में है। बसपा अकेले लड़ेगी, हम किसी गठबंधन में नहीं जायेंगे। उन्होंने सपा पर प्रहार करते हुए कहा, अखिलेश तो गिरगिट की तरह रंग बदलते हैं।



**बसपा के लोगों को सतर्क रहने की सलाह :** मायावती ने कहा, बसपा ने अपनी सरकार के दौरान लोगों को अपने पैरों पर खड़ा किया था। कुछ वर्षों से केंद्र-राज्य सरकार धर्म-संस्कृति की आड़ में राजनीति कर रही है।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 59,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख




# श्री रामलला की नयी मूर्ति का चयन वर्तमान मूर्ति भी गर्भगृह में ही रहेगी




एजेंसी

**अयोध्या।** अरुण योगीराज की बनायी रामलला की मूर्ति को राम मंदिर में स्थापित किया जायेगा। सर्वसम्मति से इसका चयन कर लिया गया है। वहीं श्री रामलला विराजमान की पुरानी मूर्ति को मंदिर के गर्भ गृह में स्थापित किया जायेगा और उसकी भी प्रतिदिन पूजा-अर्चना होगी। श्री रामलला विराजमान की पूजा अर्चना को लेकर लग रहे कयास पर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने सोमवार को विराम लगा दिया। उन्होंने कहा, भगवान की वर्तमान प्रतिमाएं जिनकी उपासना, सेवा, पूजा लगातार 70 साल (1950 से) से चली आ रही है, वो भी मूल मंदिर के गर्भ गृह में ही उपस्थित रहेंगी। (शेष पेज 11 पर)




**चयनित** राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि अरुण योगीराज की बनाइयी रामलला की मूर्ति का चयन कर लिया गया है। इस मूर्ति को राम मंदिर में स्थापित किया जायेगा। इस मूर्ति कों कर्नाटक के मशहूर मूर्तिकार अरुण योगीराज ने बनायी है। उन्होंने बताया कि कृष्णशिला पर बनी मूर्ति का वजन 150 से 200 किलोग्राम है। चंपत राय ने कहा कि अरुण योगीराज ने केदारनाथ में शंकराचार्य की मूर्ति बनायी है। इंडिया गेट पर सुभाष की प्रतिमा भी बनायी है। उन्होंने कहा कि मंदिर में जो मूर्ति स्थापित होगी वो भगवान राम की 5 साल की अवस्था की है कि राम मंदिर के लिए तीन मूर्तिकारों ने रामलला की मूर्ति बनायी थी।

**प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान आज से आरंभ :** चंपत राय ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के लिए मंगलवार (16 जनवरी) से पूजन विधि शुरू होगी और यह 21 तक चलेगी। 22 को मूर्ति गर्भ गृह में स्थापित की जायेगी। 12 बजे से शुरू होकर 1 बजे तक प्राण प्रतिष्ठा पूरी हो जायेगी। इसके बाद सभी महानुभाव, पीएम मोदी, आरएसएस प्रमुख डॉ मोहन भागवत और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने मनोभाव प्रकट करेंगे।



# धोनी को रामलला प्राण प्रतिष्ठा में आने का न्योता



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम जैसे-जैसे नजदीक आता जा रहा है वैसे-वैसे लोगों का उत्साह चरम पर होने लगा है। इन सब के बीच रांची के राजकुमार और भारत के पूर्व कप्तान पद्म भूषण महेंद्र सिंह धोनी को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आमंत्रण देने आरएसएस के सह प्रांत कार्यवाह धनंजय सिंह सोमवार को उनके आवास पर पहुंचे। भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह भी उपस्थित थे। धोनी को आमंत्रण पत्र देते उनसे प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने का आग्रह किया। इससे पहले श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा भी धोनी को आमंत्रण पत्र भेजा गया था। धोनी सहित रांची के 06 बड़ी हस्तियों को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा आमंत्रित किया गया है।

# देश में कुल 30 करोड़ आयुष्मान कार्ड बने, टॉप टेन में झारखंड

## हर मिनट बनाये जा रहे लगभग 181 आयुष्मान कार्ड

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/दिल्ली।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना ने 12 जनवरी 2024 को 30 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाने में बड़ी सफलता हासिल की है। इस प्रमुख योजना को राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण कार्यान्वित कर रहा है। इसका लक्ष्य 12 करोड़ लाभार्थी परिवारों को माध्यमिक और तृतीयक देखभाल अस्पताल में भर्ती के लिए प्रति परिवार 5 लाख रुपये प्रति वर्ष का स्वास्थ्य कवर प्रदान करना है।

आयुष्मान भारत पीएम-जेएवाई के तहत आयुष्मान कार्ड का निर्माण सबसे बुनियादी गतिविधि है। यह सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं कि योजना के तहत प्रत्येक लाभार्थी के पास आयुष्मान कार्ड हो। इस योजना के तहत 30 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाने की उपलब्धि हासिल हो चुकी है। पिछले दो वित्त वर्षों के दौरान ही 16.7 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। आज की तारीख में वर्ष 2023-24 के दौरान 7.5 करोड़ से ज्यादा आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं को सभी तक पहुंचाना सुनिश्चित करने के इरादे से 15 नवंबर, 2023 को शुरू की गई विकासशील भारत संकल्प यात्रा के दौरान दी जाने वाली ऑन-स्पॉट सेवाओं में आयुष्मान कार्ड निर्माण भी शामिल है। अभियान से जमीनी स्तर पर कार्ड निर्माण में तेजी लाने में काफी मदद मिली है। इस यात्रा के दौरान 2.43 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य योजनाओं को सभी तक पहुंचाने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शुरू आयुष्मान भव अभियान के दौरान 5.6 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं।

### कारगर साबित हो रहा है आयुष्मान ऐप

अंतिम लाभार्थी तक पहुंचने के लिए, एनएचए ने आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आयुष्मान ऐप लॉन्च किया है। इस ऐप में स्व-सत्यापन की एक अनूठी सुविधा है। 4 साधारण चरणों में, इस सुविधा से उपयोगकर्ता एंड्रॉइड मोबाइल फोन का उपयोग करके आयुष्मान कार्ड बना सकता है। इसके अलावा, कोई भी व्यक्ति लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड बनाने में मदद कर सकता है। इस प्रकार,आयुष्मान ऐप जनभागीदारी की भावना को मजबूत करता है। इस एप्लिकेशन की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 13 सितंबर 2023 को लॉन्च होने के बाद से इस ऐप को 52 लाख से ज्यादा बार डाउनलोड किया जा चुका है। इस पा गौर करे तो 4.83 करोड़ आयुष्मान कार्डों के साथ, उत्तर प्रदेश सबसे अधिक संख्या में आयुष्मान कार्ड बनाने वाले राज्यों की सूची में शीर्ष पर है। मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र क्रमश: 3.78 करोड़ और 2.39 करोड़ आयुष्मान कार्डों के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। 11 राज्यों में 1 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड धारक हैं।

### सर्वाधिक आयुष्मान कार्ड वाले दस राज्य

| राज्य | आयुष्मान कार्ड की संख्या |
|---|---|
| उत्तर प्रदेश | 4.8 करोड़ |
| मध्य प्रदेश | 3.8 करोड़ |
| महाराष्ट्र | 2.4 करोड़ |
| गुजरात | 2.3 करोड़ |
| छत्तीसगढ़ | 2.1 करोड़ |
| असम | 1.6 करोड़ |
| राजस्थान | 1.6 करोड़ |
| कर्नाटक | 1.5 करोड़ |
| आंध्र प्रदेश | 1.5 करोड़ |
| झारखंड | 1.2 करोड़ |

### महिलाओं के लिए बना 14.6 करोड़ आयुष्मान कार्ड

महिलाओं के लिए लगभग 14.6 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। यह योजना महिला लाभार्थियों को जारी किए गए 49 प्रतिशत आयुष्मान कार्डों के साथ स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में क्षेत्रीय समानता और आय समानता के साथ लैंगिक समानता हासिल करने का प्रयास कर रही है। साथ ही, इस योजना के तहत प्रदान किए गए उपचार का 48 प्रतिशतलाभ महिला द्वारा उठाया गया है। इस प्रकार, लैंगिक समानता इस योजना के मूल डिजाइन का हिस्सा है।

# आवास निर्माण के लिए चार किश्तों में मिलेंगे ₹2 लाख

**पीएम जनमन योजना**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पीएम जनमन योजना से झारखंड के चिह्नित लाभुकों को चार किश्तों में आवास निर्माण के लिए राशि मिलेगी। जनजातीय क्षेत्रों के विकास के लिए शुरू की गयी विशेष योजना पीएम जनमन से राज्य के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में आवास बनाने के लिए लाभुकों को चिह्नित किया गया है, जिन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से घर निर्माण स्वीकृति से फिनिशिंग कार्य तक दो लाख रुपये की राशि दी जायेगी। केंद्र सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना की शुरूआत सोमवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर दी है।

योजना के तहत देशभर के लाभुकों के खाते मे पहली किस्त की राशि सीधे खाते में भेजी जायेगी। मनरेगा आयुक्त सह नोडल पदाधिकारी राजेश्वरी बी ने इस संबंध में भारत सरकार को फंड आवंटन के लिए पत्र भी लिखा था। आवास सॉफ्ट के जरिये राशि एफटीओ के जरिये खाते में दी जायेगी।

**इस तरह मिलेगी राशि :** लाभुकों को पहली किश्त में आवास योजना की स्वीकृति के समय 30 हजार रुपये दी जायेगी। दूसरी किश्त में लिंटर कार्य के लिए 50 हजार रुपये, तीसरी किस्त में रूफ कॉस्ट के लिए एक लाख व आवास पूर्ण होने के समय 20 हजार रुपये दिए जायेंगे।

**क्या है पीएम जनमन :** इस योजना का उद्देश्य है कि ऐसे परिवारों और बस्तियों को सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता जेसी बुनियादी सुविधाएं देकर शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, बिजली, सड़क और दूरसंचार कनेक्टिविटी व स्थायी आजीविका के अवसरों तक बेहतर पहुंच स्थापित करके पीवीटीजी की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार लाना है।

## यूजीसी गाइडलाइन के अनुसार 40 छात्रों पर चाहिए एक शिक्षक, अभी हैं 100 छात्रों पर एक

# झारखंड के विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के लगभग 70 फीसदी पद अभी खाली

### चिंता का विषय
### झारखंड में कहीं ढह न जाये हायर एजुकेशन का ढांचा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में हायर एजुकेशन का ढांचा ढहने की स्थिति में है। पूरे राज्य के विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के 70 फीसदी पद खाली हो गए हैं। यूजीसी गाइडलाइन के अनुसार 40 विद्यार्थियों में एक शिक्षक का होना जरूरी है लेकिन वर्तमान में 100 छात्रों में एक शिक्षक हैं। राज्य के विश्वविद्यालयों में 4476 शिक्षकों के पद स्वीकृत हैं, लेकिन इसमें से 3064 पद खाली हैं। इस मामले को राजभवन ने गंभीरता से लिया है। राजभवन ने जल्द से जल्द पदों को भरने को कहा है।

**विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के स्वीकृत पद 4476**

**राजभवन हुआ गंभीर — 3064 पद हैं खाली**

### यूजीसी ने विश्वविद्यालयों को भी लिखा पत्र

यूजीसी ने भी इस मामले को लेकर सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और कॉलेजों के प्राचार्यों को इस संबंध में एक पत्र लिखा है। कहा है कि इतने कम शिक्षकों में राज्य के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में पढ़ाई कैसे संभव हो पा रही है। विश्वविद्यायलयों से राज्य के सभी कॉलेजों और कॉलेजों से शिक्षकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति करने और साल के अंत तक शिक्षकों की अपडेटेड लिस्ट यूजीसी के पोर्टल पर अपलोड करने को भी कहा गया है।



### हर साल बढ़ती जा रही बैकलॉग की नियुक्तियां

बैकलॉग नियुक्तियां हर साल बढ़ रही हैं, लेकिन झारखंड लोक सेवा आयोग से नियुक्ति प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रहा है। सूत्रों का कहना है कि आरक्षण और नियमावलियों में पेच के चलते नियुक्ति प्रक्रिया बाधित है। हालांकि बैकलॉग के आधार पर लगभग तीन दर्जन शिक्षकों की नियुक्ति हुई है।

### 23 वर्षों में सिर्फ एक बार हुआ जेट

एक तरफ राज्य के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षकों की भारी कमी है। वहीं दूसरी ओर इन खाली पड़े पदों भरने के लिए कभी भी ईमानदारी से प्रयास नहीं किया गया है। शायद यही वजह है कि राज्य गठन के 23 वर्षों में सिर्फ एक बार झारखंड पात्रता परीक्षा यानी जेट का आयोजन हुआ है। राज्य में 15 अक्टूबर 2006 को पात्रता परीक्षा हुई थी। उसके बाद से एक भी पात्रता परीक्षा आयोजित नहीं हो सकी है।

### किस यूनिवर्सिटी में कितने पद खाली

रांची विश्वविद्यालय में 688 शिक्षकों के पद खाली हैं। ठीक इसी तरह विनोबा भावे विश्वविद्यालय में 326 पद, कोल्हान विश्वविद्यालय में 700 पद, सिदो-कान्हू विश्वविद्यालय में 600 पद, नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में 450 पद और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में 80 पद खाली हैं। इसके अलावा 556 पद पर बैकलॉग से नियुक्ति की जानी है।

## फरार दाहू यादव के पुत्र राहुल को ईडी कोर्ट में किया गया पेश

**रांची।** साहिबगंज जिले में अवैध खनन से प्राप्त 1000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के मामले में फरार दाहू यादव का बेटा राहुल यादव से ईडी ने पांच दिनों तक पूछताछ की। पूछताछ की पुलिस रिमांड अवधि पूरी होने के बाद सोमवार को अदालत में पेश किया गया। जहां से उसे पुनः बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया गया। कोर्ट की अनुमति मिलने के बाद ईडी ने 11 जनवरी को जेल से उसे अपने साथ ले गई थी। पूछताछ में अवैध खनन से जुड़े कई तथ्यों की जानकारी ईडी को हाथ लगी है। राहुल यादव ने हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में दो जनवरी को ईडी कोर्ट में सरेंडर किया था। ईडी ने अवैध खनन मामले में पूछताछ के लिए राहुल यादव को पांच बार समन भेजा था। जब वह पांच समन के बावजूद ईडी के समक्ष नहीं पहुंचा तो ईडी ने कोर्ट से उसके खिलाफ गैर जमातनीय वारंट प्राप्त किया था। इसी गिरफ्तारी वारंट के रद्द कराने के लिए झारखंड हाईकोर्ट पहुंचा। हाईकोर्ट सरेंडर करने का आदेश पारित किया था। इसी मामले में मुख्यमंत्री के बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा समेत अन्य जेल में है।

## राज्य के 10 लाख बूथों पर भाजपा करेगी दीवार लेखन: कर्मवीर सिंह




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने दीवार लेखन का शुभारंभ किया। दरअसल, भाजपा ने राष्ट्रीय स्तर पर 15 जनवरी से दीवार लेखन अभियान शुरू की है। सोमवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इसका विधिवत शुभारंभ किया, जबकि झारखंड में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने साहिबगंज और रांची में संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने अभियान की शुरूआत की। प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय भी दीवार लेखन अभियान में शामिल हुये। अभियान के संचालन के लिए प्रदेश स्तरीय कमिटी के संयोजक सरोज सिंह बनाये गये हैं। सह संयोजक के रूप में अमित सिंह, सूरज चौरसिया और अमित साहू शामिल हैं। सरोज सिंह ने बताया कि झारखंड के 29 हजार बूथों पर प्रदेश, जिला, मंडल बूथ के कार्यकर्ताओं के साथ दीवार लेखन अभियान चलाया जायेगा। सांसद, विधायक भी अपने अपने बूथों पर अभियान में शामिल होते हुए दीवार लेखन करेंगे। उन्होंने बताया कि दीवार लेखन अभियान में पार्टी का कमल निशान बनाते एकबार फिर से मोदी सरकार का नारा लिखा जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक बूथ के 5स्थानों पर कार्यकर्ता दीवार लेखन करेंगे।

उन्होंने बताया कि 16 से 20 जनवरी तक को प्रदेश पदाधिकारी, केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक, जिला मंडल और बूथ स्तर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने लोकसभा क्षेत्र में बूथों पर दीवार लेखन करेंगे।

## आज और कल राजधानी एक्सप्रेस नहीं चलेगी

**रांची।** लिंक रेक के विलंब से चलने और रैक की अनुपलब्धता के कारण रांची रेल मंडल से होकर परिचालित होने वाली राजधानी एक्सप्रेस 16 और 17 जनवरी को रद्द रहेगी। 16 जनवरी को भुवनेश्वर से चलने वाली भुवनेश्वर-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस और 17 जनवरी को नई दिल्ली से चलने वाली नई दिल्ली-भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन (वाया-मूरी) नहीं चलेगी।

# पीएम जनमन योजना से 60 किमी ग्रामीण सड़क का होगा निर्माण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पीएम जनमन योजना से झारखंड जनजातीय क्षेत्रों में पहले चरण में 60 किमी ग्रामीण सड़क बनायी जायेगी। प्रधानमंत्री ग्राम्य सड़क योजना से 60 किमी रोड निर्माण की योजना की स्वीकृति दी गयी है। झारखंड स्टेट रूरल रोड डेवलपमेंट अथॉरिटी इसके निर्माण की योजना तैयार कर रहा है, कई इलाकों में सर्वे भी हुआ है। खूंटी के ग्रामीण इलाकों में भी पहले चरण में सड़क विकसित की जायेगी। इसका सर्वे चल रहा है, इंजीनियरों की टीम लगातार आदिवासी व जनजातीय बहुल क्षेत्रों का दौरा कर रही है। खराब सड़कों को भी अविलंब ठीक किया जायेगा, वहीं कनेक्टिविटी की दृष्टि से नये सड़क निर्माण की स्वीकृति दी जायेगी। बता दें कि जनजातीय क्षेत्रों में पीएम जनमन योजना से विकास कार्य किए जाने हैं, प्रत्येक जनजातीय बहुल क्षेत्रों में सड़क आवास निर्माण सहित अन्य योजना का क्रियान्वयन किया जाना है।

## उर्दू भाषा के शिक्षकों का पद समाप्त करने का फैसला वापस हो: माकपा

**रांची।** सीपीआईएम राज्य सचिव मंडल की ओर जारी बयान में कहा गया है कि उर्दू को लेकर प्राथमिक शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी तुगलकी आदेश को तुरंत वापस लिया जाना चाहिए। कहा गया है कि उर्दू प्रशिक्षित शिक्षक के शत-प्रतिशत पद एवं स्नातक प्रशिक्षित सहायक शिक्षक संवर्ग के 50 प्रतिशत सीधी नियुक्ति से भरे जाने वाले पद को मरणशील संवर्ग घोषित कर उर्दू शिक्षकों की बहाली पर रोक लगा दी गयी है। बयान में पार्टी की ओर से विभाग के आदेश को वापस लेने की मांग की गयी है। बयान में कहा गया कि प्राथमिक शिक्षा निदेशालय की इस कार्रवाई से पार्टी हतप्रभ है क्योंकि निदेशालय का यह कदम मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप नहीं है। निदेशालय को यह अधिकार नहीं है कि वह बिना राज्य कैबिनेट के निर्णय के किसी संवर्ग को मरणशील घोषित कर दे। राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने इस संबंध में कहा कि उर्दू भाषा को एकीकृत बिहार के समय से ही राज्य की दुसरी राजभाषा के रूप में मान्यता मिली हुई है। झारखंड बनने की बाद भी सरकारी के गजट में इसकी पुष्टि की गयी है।

## सांसद संजय सेठ ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखी चिट्ठी, किया आग्रह

# 22 जनवरी को सरकारी अवकाश घोषित हो, मांस-मदिरा की बिक्री पर भी रोक रहे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सांसद संजय सेठ ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। सांसद ने कहा है कि 22 जनवरी को झारखंड सरकार को अवकाश घोषित करना चाहिये। इसके साथ ही उस दिन मांस और मदिरा की बिक्री पर प्रतिबंध लगाना चाहिये। अपने पत्र में श्री सेठ ने कहा है कि 22 जनवरी भारतीय इतिहास का वह दिन है जिसकी प्रतीक्षा सदियों से भारतीय जनमानस कर रहा था। यह दिन इतने लंबे समय के संघर्ष, त्याग और तपस्या के बाद सौभाग्य के रूप में हम सबको मिला है। हम अपने आराध्य रामलला की पुनः प्रतिष्ठा अयोध्या धाम में कर रहे हैं। इस दिन को लेकर हमारा गौरव इसलिए भी बढ़ जाता है। भगवान राम के अनन्य भक्त श्री हनुमानजी की जन्मस्थली भी झारखंड ही है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से यह दिन सिर्फ हिंदू समाज के लिए नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष के लिए अविस्मरणीय दिन है। उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि इस तिथि को लेकर संपूर्ण समाज स्वतः स्फूर्त होकर दीपावली मनाने की तैयारी कर रहा है। कई सामाजिक व सांस्कृतिक उत्सव की तैयारी चल रही है। निश्चित रूप से राज्य के मुखिया होने के नाते आप भी इस उत्सव में शामिल होंगे।



## बेबाक वक्ता, सादा जीवन, गरीबों की आवाज को बुलंद करनेवाले नेता थे महेंद्र सिंह

# महेंद्र सिंह के बिना अधूरी है बगोदर की राजनीति

**स्मृति शेष**

**शहादत दिवस पर विशेष रिपोर्ट**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**बेबाक वक्ता, सादा जीवन, गरीबों की आवाज को बुलंद करने के लिए वे सिर्फ बगोदर के इलाके में ही नहीं, बल्कि झारखंड और बिहार में जाने जाते थे**



**रांची।** बगोदर के पूर्व विधायक महेंद्र सिंह विधानसभा सत्र के दौरान हमेशा याद किये जाते हैं। मुखर आवाज के लिए उन्हें हर कोई याद करता है। 16 जनवरी को उनका 19वां शहादत दिवस है। शहादत दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जिले और जिले से बाहर के लोग उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए जुटते हैं और श्रद्धांजलि सभा को संकल्प दिवस के रूप में मनाते हैं।

बगोदर की राजनीति की बात होगी, तो महेंद्र सिंह के नाम के बिना बात पूरी नहीं होगी। बेबाक वक्ता, सादा जीवन, गरीबों की आवाज को बुलंद करने के लिए वे सिर्फ बगोदर के इलाके में ही नहीं, बल्कि झारखंड और बिहार में जाने जाते थे। महेंद्र सिंह में सच को सच कहने की हिम्मत थी. यही कारण था कि सामने मौत को खड़ा देखकर भी उनके हौसले नहीं डगमगाए। महेंद्र सिंह का जन्म 22 फरवरी 1954 को बगोदर प्रखंड के एक छोटे से गांव खंभरा में हुई थी। 1970 के बाद सीपीआई (एमएल) से जुड़कर उन्होंने अपने गांव से राजनीतिक सफर की शुरूआत की थी।

उन्होंने शुरूआती समय में महाजनी प्रथा का पुरजोर विरोध किया था। 1978 में वे आईपीएफ से जुड़कर राजनीतिक पारी की जोरदार शुरूआत की और फिर उन्होंने पीछे मुड़कर कभी नहीं देखा। महेंद्र सिंह बगोदर विधानसभा क्षेत्र से लगातार तीन बार चुनाव जीते। एकीकृत बिहार में उन्होंने दो बार विधानसभा चुनाव जीते। पहली बार 1990 और दूसरी बार 1995 में बगोदर से चुनाव जीतकर बिहार विधानसभा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जनहित के मुद्दों को बिहार विधानसभा में जोरदार तरीके से उठाया। इसके बाद झारखंड अलग राज्य का गठन हुआ और वे एक बार फिर बगोदर से चुनाव जीतकर झारखंड विधानसभा पहुंचे।

साल 2005 में विधानसभा चुनाव की घोषणा हुई और फिर महेंद्र सिंह चुनावी रणभूमि में उतरे। 16 जनवरी 2005 को महेंद्र सिंह सरिया के दुर्गी धवैया में एक चुनावी कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर पहुंचे थे। इसी दौरान बाइक सवार अपराधी कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और महेंद्र सिंह से ही पूछा इसमें महेंद्र सिंह कौन है? अपराधियों के सवाल के जबाव में कहा मैं ही हूं महेन्द्र सिंह। इतना सुनते ही अपराधियों ने गोली चला दी। इससे उनकी मौत घटनास्थल ही हो गई। उनकी मौत की सूचना मिलने के बाद झारखंड के साथ-साथ बिहार से लोग जुटने लगे। बगोदर का खेल स्टेडियम लोगों की भीड़ से पट गया था। उनकी लोकप्रियता की वजह से घटना के तीसरे दिन यानी 18 जनवरी को बगोदर में शवयात्रा निकालकर जमुनिया नदी किनारे अंत्येष्टि की गई थी।

## झारखंड में सिपाही बनकर सरकारी नौकरी पाने का सुनहरा अवसर

# 4919 कांस्टेबल पदों पर भर्ती के लिए आज से करें आवेदन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की ओर से राज्य में पुलिस कांस्टेबल की 4919 पदों की वकेंसी निकली हुई है। 15 जनवरी से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। आवेदन भरने की अंतिम तारीख 14 फरवरी 2024 है।



**ऑनलाइन कर सकते हैं आवेदन**
झारखंड कांस्टेबल भर्ती के लिए आवेदन अभ्यर्थी ऑफिशियल वेबसाइट में जाकर कर सकते हैं। इस भर्ती के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 16 फरवरी 2024 तक जमा कर सकेंगे। इसके साथ ही जो लोग ऑनलाइन आवेदन किया है। उसमे संशोधन 20 फरवरी से 22 फरवरी 2024 तक किया जा सकेगा। इसके फीस भरने की अंतिम तिथि 23 फरवरी है। वहीं, फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने की अंतिम तिथि 25 फरवरी है।

**बैकलॉग में 1120 पद :** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की इस भर्ती में कुल 4,919 पद हैं। जिसमे सीधी भर्ती के 3799 पद और बैकलॉग में 1120 पद हैं। जेएसएससी कांस्टेबल भर्ती में आवेदन शुल्क के रुप में मात्र 100 रुपए जमा करने होंगे। वही, झारखंड राज्य के एससी,एसटी अभ्यार्थियों के लिए परीक्षा शुल्क 50 रुपए है।

**भर्ती के लिए आयु सीमा :** आयु सीमा- जो भी इच्छुक अभ्यर्थी हैं उनकी उम्र 18 साल से 25 साल के बीच होनी चाहिए। अत्यंत पिछड़ा वर्ग, पिछड़ा वर्ग को अधिकत्तम आयु सीमा में दो साल की छूट मिलेगी। अनारक्षित, ईडब्लूएस, अत्यंत पिछड़ा वर्ग की महिलाओं को तीन साल की छूट मिलेगी। एससी, एसटी पुरुष और महिलाओं को पांच साल की छूट मिलेगी। आयु की गणना 01 अगस्त से 2023 से की जाएगी। एससी, एसटी की महिला अभ्यर्थियों की अधिकत्तम आयु सीमा 30 वर्ष है।

# रिम्स और सदर में फैक्टर क्राइसिस से हीमोफीलिया के मरीजों को आफत

### झारखंड के अन्य अस्पतालों से भी फैक्टर हुआ गायब सोसायटी ने विभागीय सचिव को पत्र लिखा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स और सदर में फैक्टर की क्राइसिस हो गयी है। बताया जा रहा है कि इस कारण से मरीजों की जान पर आफत बन आयी है। डॉक्टरों का कहना है कि हीमोफीलिया के मरीजों को इंटरनल ब्लीडिंग होती है। ऐसे में उन्हें असहनीय दर्द होता है। यदि समय रहते उन्हें फैक्टर न लगाया जाए तो ब्लीडिंग बढ़ जाती है और जान जाने का भी खतरा होता है।

### जीवन रक्षक दवा फैक्टर-8 और 9 रिम्स में अभी उपलब्ध नहीं

संतोष जायसवाल ने सचिव को लिखे अपने पत्र में कहा है कि हीमोफीलिया की जीवन रक्षक दवा फैक्टर-8 और 9 वर्तमान समय में राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान रांची में नहीं है। नतीजा रांची के साथ अन्य जिलों के गंभीर रोगियों को जीवन रक्षक फैक्टर नहीं मिल रही है, जबकि रिम्स सभी जिलों से गंभीर मरीज इलाज के लिए आते हैं। फैक्टर उपलब्ध नहीं होने से उनका समुचित इलाज नहीं हो पा रहा है। रिम्स प्रशासन फैक्टर उपलब्ध कराने के लिए जेएमएचआईडीपीसीएल झारखंड को लिख चुका है लेकिन जेएमएचआईडीपीसीएल झारखंड अभी तक फैक्टर-8 उपलब्ध नहीं कराया है।




### रिम्स प्रशासन ने फैक्टर उपलब्ध कराने के लिए जेएमएचआइडीपीसीएल को लिखा है पत्र

बावजूद इसके स्वास्थ्य विभाग की ओर से रिम्स और सदर में फैक्टर की आपूर्ति नहीं की जा रही है। नतीजा, हीमोफीलिया के मरीजों की जान पर आफत बन आई है। अगर जल्द से जल्द मरीजों को फैक्टर उपलब्ध नहीं कराया गया तो मरीजों की जान भी चली जाएगी। इस समस्या को लेकर हीमोफीलिया सोसायटी के सेक्रेटरी संतोष कुमार जायसवाल ने स्वास्थ्य विभाग के सचिव को पत्र लिखा है। उन्होंने विभाग से जानना चाहा है कि मरीजों की मौत फैक्टर के अभाव में होती है तो इसके लिए जिम्मेवार कौन होगा? संतोष जायसवाल ने बताया कि कुछ फैक्टर सोसायटी के पास होते हैं जो गंभीर मरीजों की जान बचाने के लिए दिए जाते है।




### राज्य के कई सेंटरों में फैक्टर की कमी

इसके अलावा एसएनएमएमसीएच पलामू और मेडिकल कालेज दुमका में फैक्टर-8 तो उपलब्ध है। लेकिन फैक्टर-9 और फैक्टर-8 की कई डोजेज उपलब्ध नहीं है, जबकि वहां कई मरीज फैक्टर-9 के भी है। सीएस और डीपीएम पलामू और दुमका को तत्कालीन प्रधान सचिव स्वास्थ्य विभाग की ओर से निर्देश के बावजूद अभी तक फैक्टर उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है।

---

# दान-पुण्य कर लोगों ने मनायी मकर संक्रांति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सूर्य उपासना व दान-पुण्य का प्रतीक मकर संक्रांति का पर्व सोमवार को शहर में धूमधाम से मनाया गया। सुबह जल्दी उठकर लोगों ने स्नान किया और सूर्य देव की उपासना की। गरीबों व पंडितों को तिल और खिचड़ी दान किया। भगवान विष्णु की पूजा कर घर में सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। मकर संक्रांति उगते सूरज का पर्व है। घरों में तिल और गुड़ के लड्डू बनाए गए। बच्चों ने पतंग उड़ाई और खूब मौज मस्ती की।



# अब पूजन-अनुष्ठान व दीपोत्सव की तैयारी होगी : डॉ बीरेंद्र साहू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भगवान पुरुषोत्तम श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त अयोध्या से आया पूजित अक्षत के द्वारा 15 दिवसीय निमंत्रण अभियान का आज अंतिम दिन में कार्यकर्ताओं ने घर- घर, गली-गली जाकर लोगों को निमंत्रित किया। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ बीरेंद्र साहू ने कहा कि अयोध्या जी से आया पूजित अक्षत एवं नूतन मंदिर के चित्र के माध्यम से 15 दिवसीय निमंत्रण कार्यक्रम का सोमवार को संपन्न हो गया। सोमवार को दिन भर कार्यकर्ताओं ने पूरे जोश व हर्षोल्लास के साथ झारखंड प्रांत के सभी नगरों एवं गांवों के घर-घर जाकर निमंत्रण देकर आगामी 22 जनवरी को मंदिरों में पूजा अर्चना के बाद संध्या बेला में दीपोत्सव करने का अनुरोध किया गया। डॉ साहू ने कहा कि निमंत्रण अभियान आज पूर्ण हुआ। अब पूजन- अनुष्ठान एवं दीपोत्सव की तैयारी की जायेगी। अभियान के तहत रांची के प्रथम महापौर उदय प्रताप सिंह, बाल्मीकि नगर संघचालक रमेश सिंह सहित दर्जनों परिवारों के बीच पूजित अक्षत के द्वारा निमंत्रण दिया गया।



## रामोत्सव में शामिल होने के लिए निकली भव्य आमंत्रण यात्रा, राममय हुई रांची

# सैकड़ों वर्षों बाद हमारी पीढ़ी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की बन रही साक्षी : रमेश सिंह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अयोध्या में भव्य राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर 21 और 22 जनवरी को रांची के अल्बर्ट एक्का चौक पर भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह के नेतृत्व में चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति एवं श्री श्री शिव बारात आयोजन समिति के द्वारा आयोजित होने वाले रामोत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रण यात्रा निकाली गई। यह यात्रा रातू रोड के इंद्रपुरी स्थित शिव मंदिर से प्रारंभ होकर पहाड़ी मंदिर से राम मंदिर, मेन रोड होते हुए महावीर चौक से रातू रोड के दुर्गा मंदिर पर समाप्त हुई। इस दौरान आमंत्रण यात्रा का विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संस्थाओं एवं राम भक्तों के द्वारा स्वागत किया गया।

इस भव्य आमंत्रण यात्रा में रामरथ का प्रारूप बनाया गया था जिसमें कलाकारों को सीताजी, रामजी और हनुमान जी के रूप में विराजमान किया गया था। जिस प्रकार से 14 वर्ष के वनवास के बाद जब श्री राम अयोध्या वापस लौटे थे तो उनके अयोध्या लौटने से पूर्व हनुमान जी, जामवंत जी ने अयोध्या जाकर लोगों को भगवान राम के लौटने की सूचना दी थी। इसी से प्रेरणा लेते हुए राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व इस आमंत्रण यात्रा का आयोजन हुआ। जिसमें हजारों की संख्या में रांचीवासी शामिल होकर भगवान राम के भजनों पर नाचते झूमते नजर आए।

इस मौके पर आयोजनकर्ता रमेश सिंह ने कहा कि सैकड़ों वर्षों के संघर्ष के बाद हमलोगों की पीढ़ी प्रभु श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का साक्षी बन रही है। इस मौके पर पूरे देश के साथ राजधानी रांची भी राममय हो चुकी है। उन्होंने कहा कि रांची की जनता को रामोत्सव में शामिल होने के लिए पुनः निमंत्रण दे रहा हूं। उन्होंने कहा कि इस मौके पर अल्बर्ट एक्का चौक पर लगातार दो दिनों तक विभिन्न प्रकार के भक्तिमय आयोजन होने वाले हैं। जिसमे सुंदरकांड पाठ, कारसेवकों का सम्मान समारोह, प्रसिद्ध गयिका स्वाति मिश्रा के साथ कई कलाकारों के द्वारा दोनों दिन भक्ति संध्या, विभिन्न प्रकार से आरती, राम मंदिर प्रारूप के दर्शन सहित कई कार्यक्रम शामिल हैं।






# फ्लैट पर कब्जा करने और मारने की धमकी देने वाली आरोपी महिला गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** लालपुर थाने की पुलिस ने फ्लैट पर कब्जा करके रहने और जान से मारने की धमकी देनेवाली आरोपी महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी महिला का नाम पायल सिंह है और वह रांची के हिनू इलाके की रहनेवाली है। गिरफ्तार महिला पायल सिंह निजी अस्पताल में काम करती थी। पायल सिंह और उसके पति पंकज कुमार ने लालपुर थाना क्षेत्र स्थित मोदी कंपाउंड के गुलमोहर अपार्टमेंट में एक फ्लैट को अपने कब्जे में ले लिया था। यह फ्लैट पंकज कुमार के नाम से था। पंकज कुमार ने इस फ्लैट को अनिल कुमार झा को बेच दिया, जिसके बाद अनिल कुमार झा ने डूमरदग्गा की रहने वाली रूपा पाल को बेच दिया। इसके बाद पंकज कुमार की पत्नी पायल सिंह ने इस फ्लैट को अपने कब्जे में ले लिया और जबरन अपने परिवार के साथ रह रही थी। इस मामले की जानकारी रूपा पाल ने लालपुर थाने को दी, जिसके बाद रूपा पाल ने पंकज कुमार, अनिल कुमार झा, सीमा और पायल सिंह के खिलाफ थाने में एफआइआर दर्ज करायी। मामले की जानकारी मिलने के बाद लालपुर थाने की पुलिस ने इस पूरे मामले की जांच की और फ्लैट पर जबरन कब्जा कर रह रही पायल सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं पंकज कुमार, अनिल कुमार झा और सीमा फरार हो गये हैं। पायल सिंह के पति पंकज कुमार रांची में ब्रोकर का काम करते हैं।



# भाजपा और आरएसएस आदिवासियों को आपस में लड़ाने का कर रहे षड्यंत्र : बंधु

### 4 फरवरी की आदिवासी एकता महारैली की तैयारी को ले राज्य स्तरीय विशेष आयोजन समिति की घोषणा




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा और आरएसएस आदिवासियों को आपस में लड़ाने का षड़यत्र कर रहे हैं। यह बातें सोमवार को आदिवासी एकता महारैली को लेकर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कही। उन्होंने कहा कि भाजपा-आरएसएस की आदिवासी विरोधी नीतियां और आदिवासियों को आपस में लड़ाने का षड़यंत्र पर गंभीरता पूर्वक चर्चा होनी चाहिए। आदिवासियों को खत्म करने के लिए बहुत सारी शक्तियां लगी हुई हैं। आदिवासी समुदाय को इससे सावधान रहने की जरुरत है। ये वही ताकतें हैं जो आदिवासी समुदाय का भला कभी नहीं चाहती है।

वहीं विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि इस कार्यशाला में आदिवासी समुदाय के राजनीतिक हितों के विरोधियों को पहचानने की जरूरत है।

मौके पर आदिवासी एकता महारैली के संयोजक लक्ष्मीनारायण मुंडा ने कहा कि अब आदिवासियों का अस्तित्व पहचान खत्म करने और बड़ी बड़ी कंपनियों के लिए जमीन लूटने के लिए षड़यंत्र हो रहा है। इस अवसर पर आगामी 4 फरवरी की आदिवासी एकता महारैली की तैयारी के लिए राज्य स्तरीय विशेष आयोजन समिति की घोषणा की गई। इस राज्य स्तरीय विशेष आयोजन समिति में सदस्यों में लक्ष्मीनारायण मुंडा,अजय तिर्की, शिवा कच्छप, एल एम उरांव, रतन तिर्की, राधा उरांव, जगदीश लोहरा, अमर उरांव, शिव उरांव,भौआ उरांव, हरिनारायण महली, तुलेश्वर उरांव, सुशील ओड़ेया, गोविंदा टोप्पो, विल्सन टोपनो, महेश बेक, जानसन मिंज, हरिकुमार भगत को रखा गया है। इसके लिए केंद्रीय स्तर पर तीन प्रवक्ता प्रभाकर तिर्की, दयामनी बारला, लक्ष्मीनारायण मुंडा को बनाया गया है। इस विशेष आयोजन समिति का काम महारैली के लिए राज्य भर में व्यापक प्रचार-प्रसार और तैयारी की जिम्मेदारी दी गई है।

# 4 फरवरी को आदिवासी एकता महारैली में मूल आदिवासी समाज भाग ना ले : देव कुमार धान

**कहा, आदिवासी एकता महारैली धर्मांतरित ईसाई लोगों द्वारा आयोजित रैली**

**रांची।** देव कुमार धान ने कहा है कि आदिवासी एकता महारैली बंधु तिर्की द्वारा बुलाई गई महारैली है। यह महारैली मुख्य रूप से डिलिस्टिंग के खिलाफ है चूंकि ईसाई समाज डिलिस्टिंग के दायरे में आता है। यह आदिवासी एकता महारैली मुख्य रूप से धर्मांतरित ईसाई लोगों के द्वारा आयोजित एक रैली है। इस महारैली में मुख्य रूप से ईसाई लोग आएंगे जो डिलिस्टिंग के दायरे में आ रहे हैं। आदिवासी एकता महारैली से मूल आदिवासी समाज को कोई खतरा नहीं है। इसलिए आदिवासी समाज के महतो, पहान, पुजार, पड़हा राजा, साथ ही आदिवासी धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के अगुवाओ से निवेदन है कि 4 फरवरी को आयोजित आदिवासी एकता महारैली में भाग ना लें।

# सीसीएल में जस्ट ट्रैंजिशन इन इंडियन कोल सेक्टर-वे फारवर्ड पर पैनल डिस्कशन संपन्न



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय में जस्ट ट्रैन्जिशन इन इंडियन कोल सेक्टर-वे फारवर्ड पर पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उदेश्य सस्टेनेबल खनन कर गलोबल टम्प्रेचर को 2 डीग्री से कम करना है। इस मौके पर सीएमडी सीसीएल डॉ. बी. वीरा रेड्डी, चेयरमैन, झारखण्ड सरकार, जेटीटीएफ, एके रस्तोगी, सीसीएल निदेशक आरबी प्रसाद, हर्ष नाथ मिश्र, सीबीओ पंकज कुमार, निदेशक इसीएल, एनके सिंह, निदेशक बीसीसीएल एसके सिंह, सीईओ, सीड, रामापति कुमार,एवं अन्य अतिथिगण उपस्थित थे। साथ ही सीसीएल मुख्यालय सहित क्षेत्र के अधिकारीगण ने भी इस पैनल डिस्कशन में भाग लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुये सीएमडी सीसीएल ने बताया कि जस्ट ट्रैन्जिशन से संबंधित कार्य चल रहा है और एफएमसी प्रोजेक्ट, भूमिगत खदान आदि के माध्यम से सस्टेनेबल माईनिंग किया जा रहा है और खनन क्षेत्र में रहने वाले स्टेकहोल्डर्स को भी इससे संबंधित जागरूक किया जायेगा। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने भी अपना विचार रखा।

## 11 फरवरी को तिलका मांझी की जयंती पर रांची में कार्यक्रम का होगा आयोजन

# भारतीय जनता पार्टी की आदिवासी समाज के बीच पैठ बनाने की रणनीति हो रही है तैयार

**उदय चौहान**

**रांची।** लोकसभा चुनाव के लिये भाजपा ने सामाजिक समीकरण साधने के प्रयास शुरू कर दिये हैं। देशभर में आदिवासी समाज को पार्टी ने संदेश देने के लिए भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत की है। अब पहाड़िया समाज के नायक बाबा तिलका मांझी की जयंती पर 11 फरवरी को भाजपा रांची में जनजाति समाज का एक बड़ा कार्यक्रम कर रही है। इस कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री भी शामिल हो सकते हैं। सूत्रों के अनुसार भगवान बिरसा मुंडा के बाद अब तिलका मांझी की जयंती पर देशभर के आदिवासियों को संदेश देगी भाजपा। मालूम हो कि अगले दो तीन महीनों में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने सामाजिक समीकरण को साधने के तमाम प्रयास को अंतिम रूप देना प्रारंभ कर दिया है। दरअसल, झारखंड में दो आरक्षित लोस सीटों के अलावा आदिवासी बहुल सीट पर भाजपा की नजर है। 11 फरवरी को होने वाले कार्यक्रम में देशभर से हजारों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग आयेंगे। भाजपा इस कार्यक्रम के जरिए बड़ा संदेश देने की कोशिश में है।



### जनजातीय गौरव दिवस पर खूंटी में पीएम थे

15 नवंबर 2023 को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रांची से सटे जिले खूंटी में भगवान बिरसा मुंडा के गांव उलिहातू का दौरा किया था। उन्होंने इस अवसर पर देशभर के आदिवासी समाज के लिये हजारों करोड़ की योजनाओं की घोषणा भी की थी। भाजपा दूसरे आदिवासी नायकों को भी सम्मान देने की योजना पर काम कर रही है। झारखंड की राज्यपाल रहीं ओडिशा की द्रौपदी मुर्मु को राष्ट्रपति बनाकर पार्टी ने पहले ही संदेश दे रखा है। इन नीतियों का लाभ छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान के विधानसभा चुनाव में भी पार्टी को मिला है। जानकारी के अनुसार भारत के औपनिवेशिक युद्धों के इतिहास में पहला आदिवासी विद्रोही होने का श्रेय पहाड़िया आदिम आदिवासी समुदाय के लड़ाकों को जाता है। तिलका मांझी ने 1778 में पहाड़िया सरदारों से मिलकर रामगढ़ कैंप पर कब्जा करने वाले अंग्रेजों को खदेड़ कर कैंप को मुक्त कराया। 1784 में तिलका मांझी ने अंग्रेज आफिसर क्लीवलैंड को मार डाला। इसके बाद कैप्टन आयरकुट की सेना ने इन्हें पकड़ लिया तो उन्हें चार घोड़ों में बांधकर घसीटते हुये भागलपुर लाया गया। तिलका माझी को जबरा पहाड़िया भी कहा जाता था।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर रांची जिला कांग्रेस ने की बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो की अध्यक्षता में सोमवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर कांग्रेस भवन में बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से रांची जिला के प्रभारी शिव कुमार भगत, पूर्व रामगढ़ विधायक ममता देवी, प्रदेश महासचिव सुरेश बैठा, डॉ कुमार राजा, नशीम अख्तर, अमर नाथ मुंडा उपस्थित हुए।

बैठक में अध्यक्ष डॉ राकेश किरण ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी द्वारा अगामी लोकसभा चुनाव 2024 हेतू चलाये जा रहे बेहतर भारत के लिए दान अभियान में जिला कांग्रेस की ओर से बढ़-चढ़ शामिल हो कर कांग्रेस पार्टी के लिए स्वंय दान करें और दूसरे को भी प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि अगामी माह के भारत जोड़ो न्याय यात्रा झारखण्ड में प्रवेश होने जा रही है। इसके लिए हर प्रखण्ड से न्याय योद्धओ को चिन्हत कर एवं समन्वय स्थापित कर भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल करवाना है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की यह न्याय यात्रा सामाज के दबे कुचले लोगों के लिए है जिन्हें न्याय नहीं मिला है। बैठक में ऐनुल हक, मेरी तिर्की, चन्द्र रश्मि पिंगुवा, अजय साहू, साबीर लोहरा, रीता चौधरी, संजय कुमार, बरतु मुण्डा, राजकिशोर सिंह मुंडा, रामदेव सिंह, कौशल उरांव, अचर्न मिश्रा, नसीम अंसारी, शाहिद अख्तर, किस्कु टाना भगत, अजगुत महतो, सतीश महतो, सुशीला देवी, निकिता मिंज, संजू देवी, रेश्मा बेगम, संतोष महतो, मनीष कुमार, जमील मलिक, हंस उरांव, किस्टो कुजूर, आदि उपस्थित थे।



## आज का राशिफल
### 16 जनवरी 2024

**विक्रम संवत** 2080, **शक संवत** 1945। **ऋतु** : शिशिर। सूर्य उत्तरायन। **मास** : पौष, **पक्ष** : शुक्ल, **तिथि** : षष्ठी 23 :58 बजे समाप्त। **नक्षत्र** : उत्तराभाद्रपद 04 :38 बजे प्रातः में समाप्त। **योग** : परिघ 20 :01 बजे समाप्त। **करण** : कौलव 13 :05 बजे तक, तदनंतर तैतिल 23 .58 बजे समाप्त। **चंद्रमा** : मीन राशि में दिन–रात। **दिशाशूल** : उत्तर।

**मेष** : रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-5-8-9

**वृष** : कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। शुभांक-4-6-7

**मिथुन** : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। परिवारजनों के सहयोग से काम बनाना आसान रहेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। थाड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। शुभांक-3-6-9

**कर्क** : परिवारजन का सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेगी। लाभ मार्ग प्रशस्त होगा। शुभांक-5-7-8

**सिंह** : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-6-9

**कन्या** : शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शुभांक-2-5-7

**तुला** : कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-6-9

**वृश्चिक** : स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**धनु** : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। शुभांक-3-5-7

**मकर** : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-3-4-6

**कुंभ** : शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। शुभांक-4-7-9

**मीन** : धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। शुभांक-3-5-7

# राष्ट्रीय जतरा महोत्सव को समाज के लोगों का पूर्ण समर्थन : देव कुमार धान

## तैयारी को लेकर हुई बैठक, आयोजन 31 जनवरी व 1 फरवरी को




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय जतरा महोत्सव की तैयारी को लेकर सोमवार को बैठक हुई। आदिवासी महासभा के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री देव कुमार धान ने कहा कि समाज के लोगों का पूर्ण समर्थन राष्ट्रीय जतरा महोत्सव को मिल रहा है। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय जतरा महोत्सव का आयोजन आगामी 31 जनवरी और 1 फरवरी को होगा।

मौके पर राष्ट्रीय जतरा महोत्सव के अध्यक्ष अंतू तिर्की ने कहा कि जतरा महोत्सव की तैयारी को लेकर सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गयी है। चारों जोन में लोगों को बांट दिया गया है। समिति के पदाधिकारी बैनर पोस्टर के माध्यम से लोगों के बीच जाकर राष्ट्रीय जतरा से संबधित बातों से रूबरू करा रहे हैं। लोगों में राष्ट्रीय जतरा महोत्सव को लेकर उत्साह का माहौल दिख रहा है।

राष्ट्रीय जतरा महोत्सव के कार्यकारी अध्यक्ष अर्जुन मुंडा ने कहा कि राष्ट्रीय जतरा महोत्सव को लेकर समिति के पदाधिकारी झारखंड के अलावा दूसरे राज्य के आदिवासियों से संपर्क कर रहे हैं। राष्ट्रीय जतरा महोत्सव में आदिवासी दर्शन का झलक लोगों को देखने को मिलेगा और यह जतरा ऐतिहासिक होगा।

इस मौके पर महोत्सव के उपाध्यक्ष अमित मुंडा, संरक्षक संजय तिर्की, कार्यकारी अध्यक्ष अभय भूटकुवर, रवि मुंडा, निरंजना हेरेंज, सचिव डब्लू मुंडा कोषाध्यक्ष मोहन तिर्की, विक्की करमाली, मीडिया प्रभारी निरंजन भारती, सलाहकार राज उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

# श्री गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व में शामिल होने पटना रवाना हुए श्रद्धालु

## रांची की कृष्णा नगर कॉलोनी से गया 85 श्रद्धालुओं का जत्था



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा, कृष्णा नगर कॉलोनी से श्रद्धालुओं का जत्था पटना साहिब में श्री गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व में शामिल होने के लिए ट्रेन से सोमवार को रवाना हुआ। 85 श्रद्धालुओं का जत्था आशु मिढ़ा एवं नवीन मिढ़ा के नेतृव में पटना साहिब में श्री गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व में शामिल होने के लिए रवाना हुआ।

सभी श्रद्धालु गुरुद्वारा साहिब से हटिया स्टेशन के लिए ऑटो से रवाना हुए और हटिया रेलवे स्टेशन से हटिया पटना ट्रेन से साहिब के लिए प्रस्थान किया। सभा के अध्यक्ष द्वारका दास मुंजाल ने सभी श्रद्धालुओं को विदा किया। गुरुनानक सत्संग सभा के उपाध्यक्ष सुरेश मिढ़ा, गुरुनानक भवन कमिटी के अध्यक्ष हरविंदर सिंह बेदी,गुरुनानक बाल मंदिर स्कूल के अध्यक्ष नीरज गखड़, सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा,वार्ड नंबर 31 के पार्षद अशोक यादव एवं वार्ड नंबर 30 के पार्षद प्रतिनिधि दिलीप गुप्ता ने सभी श्रद्धालुओं को सफल यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

# झारखंड स्टेट वीमेंस ताइक्वांडो में शारदा ग्लोबल की माही को रजत



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** धनबाद में आयोजित तृतीय झारखंड स्टेट वीमेंस प्रतियोगिता में शारदा ग्लोबल स्कूल की ग्यारहवीं की छात्रा माही शंकर ने रजत पदक प्राप्त कर विद्यालय की गरिमा बढ़ायी है। यह प्रतियोगिता झारखंड ताइक्वांडो संघ द्वारा धनबाद जिला के प्रीमियम ऋषिकेश मेमोरियल पब्लिक विद्यालय में आयोजित की गयी थी।

माही शंकर ने जूनियर आयु वर्ग के अंडर 74 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि पर शारदा ग्लोबल परिवार हर्षित है। विद्यालय की डायरेक्टर (एकेडमिक्स) डॉ रंजना स्वरूप तथा विद्यालय की प्राचार्या ने माही की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# हर व्यक्ति को उनके गुणों के संग प्रशंसा करें : स्वामी डॉ उमाकांत नंद सरस्वती



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी के हरमू मैदान में चल रहे राम कथा में सोमवार को स्वामी डॉ उमाकांतनंद सरस्वती महाराज ने कहा कि सनातन का मूलमंत्र है, हम सब मिल जुल कर रहे। उन्होंने कहा सभी जातियों की जनगणना होनी चाहिए साथ ही राष्ट्र का भला सोचने वाले को ही देश चलाने की सेवा मिलनी चाहिए। साथ ही

उन्होंने कहा, अहंकार, जय, विजय ,हमारी कीर्ति हमे हमारे भगवान से मिलने नही देती। नारद प्रसंग पर चर्चा करते हुए कहा कि भक्तो के सबसे बड़े भक्त नारद मुनि है। निंदा किसी की भी ना करे निंदा करने वाले कि भी जब आप प्रशंशा करेंगे तो वो आपकी निंदा नही करेंगे। भगवान के भक्ति पर चर्चा करते हुए बताया भगवान जिसकी रक्षा करते है उसका कोई भी कुछ नहीं बिगाड़ सकता। भक्ति वो ताकत होती है जो सारी गति बदल देती है।

इस अवसर पर राज्य सभा सदस्य दीपक प्रकाश, अध्यक्ष राकेश भास्कर, राज किशोर सिंह, वीरेंद्र सिंह, अजय सिंह, सुरेश सिंह, प्रमोद सारस्वत, धर्मेंद्र तिवारी (केंद्रीय अध्यक्ष भारतीय जनतंत्र मोर्चा), राजीव रंजन ( पूर्व डीआइजी), रितेश झा, श्याम झा, अरुण सिंह ने गुरु जी को माल्यार्पण कर स्वागत ,अभिनंदन किया। प्रवक्ता प्रमोद सारस्वत ने बताया कि श्री राम कथा 21 जनवरी 2024 तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से 7 बजे तक चलेग।

# सीयूजे में पीजी में एडमिशन को लेकर आवेदन की प्रक्रिया शुरू

## अभ्यर्थियों से एनटीए के माध्यम से मांगे गये आवेदन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीयूजे (झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय) में सत्र 2024-25 में स्नातकोत्तर में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। दाखिले को लेकर एनटीए के जरिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 24 जनवरी है। इस वर्ष झारखण्ड केन्द्रीय विश्वविद्यालय, रांची में कुल 12 स्नातकोत्तर कोर्स में नामांकन होंगे। इसके लिए कुल सीटों की संख्या 440 है। इच्छुक अभ्यर्थी जो सीयूजे में स्नातकोत्तर में नामांकन लेना चाहते हैं, वे 24 जनवरी तक डब्ल्यूडब्ल्यू डॉट सीयूजे डॉट एसी डॉट इन के माध्यम से आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेनद प्रक्रिया, पात्रता मानदंड का विवरण इत्यादि विश्वविद्यालय के वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यू डॉट सीयूजे डॉट एसी डॉट इन पर भी उपलब्ध है।

**नामांकन के लिए उपलब्ध कार्स** : एमएससी- जियोइंफोर्मेटिक्स, सांख्यिकी, जुलोजी (भूविज्ञान), एमए- अंग्रेजी, लोक प्रशासन, राजनीतिक विज्ञान, तिब्बती भाषा,एमपीए थिएटर आर्ट और योकल म्यूजिकएमबीए और बीएड एमकॉम में दाखिले दिये जायेंगे।

# सांसद सेठ ने कश्यप आई हॉस्पिटल के चिकित्सकों में वितरित किया अयोध्या से आया पूजित अक्षत



**राम मंदिर अयोध्या के पूजित अक्षत को कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल के चिकित्सकों में वितरित करते रांची के सांसद संजय सेठ। साथ में हैं डॉ भारती कश्यप, डॉ बीपी कश्यप, डॉ बिभूति कश्यप, डॉ निधि गड़कर कश्यप।**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने सोमवार को कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल के चिकित्सकों के बीच अयोध्या धाम से आया पूजित अक्षत वितरित किया। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने अपील की कि 22 जनवरी को हर घर में दीप जलाकर दिवाली मनाएं और लोगों में खीर पूड़ी के प्रसाद का वितरण करें।

# सीएमपीडीआइ ने पेटेंट के क्षेत्र में हासिल की एक और उपलब्धि

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएमपीडीआई, ब्लास्टिंग सेल, रांची और आईआईटी-खड़गपुर को पेटेंट कार्यालय,भारत सरकार ने विभिन्न प्रकार के विस्फोटकों और इनीसिएटर्स के विस्फोट के वेग और एसेसरी उत्पाद के स्कैटरिंग/विलंब के समय को मापने के लिए एक बेहतर और अत्यधिक किफायती उपकरण के आविष्कार एवं उसके विधि के लिए पेटेंट प्रमाण-पत्र जारी किया। यह पेटेंट दाखिल करने की तिथि दिनांक 23.09.2013 के 10 वर्षों के उपरांत दिनांक 13.12.2023 को हासिल हुआ जो कि पेटेंट दाखिल करने की तिथि से 20 वर्षों के लिए प्रदान किया गया है। इस उपकरण का उपयोग करके विस्फोट के वेग (वेलोसिटी ऑफ डिटोनेशन) का सटीक वैल्यू प्राप्त किया जा सकता है। यह उपकरण और विधि किसी दिए गए भू-खनन स्थितियों के लिए विस्फोट अनुकूलन प्राप्त करने और बड़े पैमाने पर नि>तता के साथ विस्फोटों को डिजाइन करने में मददगार होगी। सीएमपीडीआई के तत्कालीन मुख्य प्रबंधक (माइनिंग) एससी कर बतौर परियोजना समन्वयक एवं तत्कालीन वरीय प्रबंधक (माइनिंग) डॉ. एके झा बतौर प्रोजेक्ट लीडर पेटेंट के लिए आवेदन दाखिल करने के समय अपनी भूमिका निभायी थी। पेटेंट सीएमपीडीआई की तकनीकी क्षमता का प्रमाण है।

# श्री महावीर मंडल ने बांटा अयोध्या धाम से आया पूजित अक्षत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** श्री महावीर मंडल के तत्वावधान में सोमवार को श्री अयोध्या धाम से आये हुए पूजित अक्षत को देकर अपने अपने घरो एवं नजदीकी मंदिरो में दीप जलाकर दीपोत्सव मनाने का निमंत्रण राजधानी के विभिन्न क्षेत्रो में राम भक्तों दिया गया। मुख्यरूप से श्री महावीर मंडल के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा एव अध्यक्ष अशोक पुरोहित, समाजसेवी शंकर दुबे, श्री राम बानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह, हिन्दू जागरण मंच के महानगर अध्यक्ष सुजीत सिंह एवं



श्री चैती दुगार्पूजा महासामिति के महामंत्री सह विश्व हिन्दू परिषद के महानगर उपाध्यक्ष गोपाल पारीक उपस्थित थे। श्री मिश्रा ने बताया कि अयोध्या से आये पूजित अक्षत को घर-घर तक श्री महावीर मंडल के द्वारा पहुंचाने का कार्य दिनांक 03 दिसंबर से 15 जनवरी 2024 तक किया गया। अभियान के दौरान सभी सनातनी से 22 जनवरी 2024 को श्री रामनवमी जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर दिप जलाकर दीपोत्सव मनाने को कहा गया। श्री मिश्रा ने सभी सनातनी भाइयो से आह्वान किया है कि 22 जनवरी अपने घर में दीप जलाकर दिवाली मनायें।

## खबर एक नजर में

### जेपीएस में हस्तकला सह विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**रांची।** झारखंड पब्लिक स्कूल (जेपीएस) केदल में हाजी अफजल अंसारी मेमोरियल हस्तकला सह विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी महमूद आलम (मुन्ना) ने किया। वर्ग तीन से नवम के विद्यार्थियों ने जल तथा वायु प्रदुषण, मृदा अपर्दन, सौर मंडल, कंकाल तन्त्र, सोलर सिस्टम, मॉडल विलेज आदि का मॉडल प्रस्तुत किया। स्कूल के प्रधानाध्यापक मो फिरोज ने सभी मॉडल कि विस्तृत जानकारी दी। मौके पर बबलू अंसारी, अब्दुल गफ्फूर इशहक, मो मुस्तकिम, विद्यालय के शिक्षक अनवर आलम, रेशमा खातून, सदफ सानिया, मुस्कान, प्रवीण, तौफीक और बड़ी संख्या में अभिभावक व बच्चे उपस्थित थे।

### अनाथ बच्चों के संग मनायी मकर संक्रांति



**रांची।** ह्यूमन राइट्स संस्था के सदस्यों ने निवारणपुर स्थित अनाथ आश्रम के अनाथ बच्चों के साथ मकर संक्रांति मनाया। बच्चों को दही, चुरा, तिलकुट, भोजन खिलाया गया। इसके साथ बच्चों के बीच पतंगों का वितरण करके मकर संक्रांति कि खुशियां मनाई गई। साथ ही नेशनल ह्यूमन राइट्स के मीडिया प्रभारी नमन भारतीय का जन्मदिन भी अनाथ बच्चों के साथ मनाया गया। मौके पर संस्थान के संस्थापक सिद्धार्थ ने कहा हर नागरिक को बच्चों के साथ हर पर्व मानना चाहिये। अनाथ बच्चों को पुस्तक कॉपी पेन वस्त्र देकर उन्हें भोजन करना चाहिये। विभिन्न पर्व और त्यौहार में अनाथ बच्चों को खुशी देना सबसे बड़ा पुण्य का काम है।

### बालाजी मंदिर में गोदारंगनाथ व्रत महोत्सव का समापन



**रांची।** सोमवार को धनुर्मास समापन समारोह के अंतिम दिन श्रीगोदा दिव्य चरित्र कथा हुई। जगतगुरु रामानुजाचार्य श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य जी महाराज ने कहा कि श्रीगोदांबा देवी के धनुर्मास व्रत अनुष्ठान से भगवान श्रीमन्नारायण प्रसन्न हो जाते हैं। गोदांबा देवी को इच्छा पूर्ति का वरदान देते हैं ।अनंतानंत कोटि ब्रशांड नायक भगवान गोदांबा देवी को स्वीकार करते हैं। देखते ही देखते गोदांबा देवी भगवान में विलीन हो जाती हैं। धनुर्मास के व्रत अनुष्ठान के माध्यम से गोदांबा देवी ने सभी भक्तों को भगवान की शरणागति और समर्पण का संदेश दिया। वृंदावन से पधारे स्वामी अनिरुद्धाचार्यजी महाराज ने बतलाया कि जिस तरह विष्णु भगवान के दस अवतार हैं। वैसे ही अलवारो के भी दस अवतार हुये हैं। इसमें श्रीगोदांबा देवी एकमात्र महिला आलवार हैं। इस तरह से जानकी जी का अवतार पृथ्वी से हुआ। इसी तरह श्रीगोदांबा देवी भी पृथ्वी से ही तुलसी पौधे के जड़ से प्रकट हुई। पृथ्वी से प्रकट होने के कारण इनका नाम गोदा पड़ा।

### श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ने गर्म कपड़ों का वितरण किया



**रांची।** कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट की महिला समिति की सदस्यों ने सोमवार शिवगंज हरमु रोड स्थित सत्संग के प्रांगण मे विभिन्न मोहल्लों से आयी हुई 91 जरूरतमंद महिलाओ के बीच मकर सक्रांति के अवसर पर 91 कंबल, 91 उनी टोपी, 91 उनी मोजा, 91 उनी मफलर एवं तिलकुट चुडा का वितरण किया। कंाल वितरण कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी,महिला समिति की विधा देवी अग्रवाल,सुधा सुलतानीया, शकुन्तला केजरीवाल आदि उपस्थित थे।

# ब्रदर्स एकेडमी में प्रवेश परीक्षा 'जी-सैट' ऑफलाइन मोड में आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** ब्रदर्स एकेडमी के नये सत्र में विभिन्न कोर्स में नामांकन के लिए सोमवार को जी-सैट परीक्षा का आयोजन सफलतापूर्वक हुआ। प्रवेश परीक्षा का आयोजन ऑफलाइन मोड में हुआ, जिसमें विभिन्न सत्रों में 977 से ऊपर की संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे। अभ्यर्थियों ने प्रश्न पत्र के पैटर्न और पूछे गये प्रश्नों की प्रशंसा की। नये सत्र के लिए 9 अप्रैल 24 से बैच शुरू होंगे।

यह जानकारी देते हुए ब्रदर्स एकेडमी के प्रबंधन ने बताया कि जो छात्र आज की प्रवेश परीक्षा में शामिल नहीं हुए हैं, वे ब्रदर्स एकेडमी की 16 मार्च 2024 को आयोजित होने वाली ग्रैंड - स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट में भाग ले सकते है। यह भी ऑफलाइन मोड में नये सत्र के लिए आयोजित की जायेगी। जी-सैट आवेदन पत्र ऑनलाइन पर भरा जा सकता है। आवेदन पत्र रांची में ब्रदर्स ऐकेडमी के लालपुर या डोरंडा परिसर से प्राप्त किये जा सकते हैं और भरे जा सकते हैं। केवल पहले 2000 आवेदकों के लिए पंजीकरण निःशुल्क है। इसके बाद पंजीकरण के लिए 500 रुपये लगेंगे।

प्रबंधन ने कहा कि जी-सैट बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि ये परीक्षा ही आइआइटी जी और नीट कोचिंग के लिए ब्रदर्स एकेडमी में नामांकन कराने का एकमात्र तरीका हैं। जी-सैट के सभी प्रतिभागियों को पाठ्यक्रम शुल्क पर न्यूनतम 40 प्रतिशत छात्रवृत्ति दी जायेगी और प्रत्येक पाठ्यक्रम में शीर्ष प्रदर्शन करने वालों को सर्वाधिक 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति से पुरस्कृत किया जायेगा। वर्तमान में कक्षा 7, 8, और 9 में पढ़ रहे छात्र नियमित स्कूली अध्ययन के साथ आइआइटी-जेइइ और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं के लिए एनटीएसइ, ओलंपियाड और बेसिक्स फाउंडेशन को लक्ष्य मानते हुए एक साल / 3 साल / 4 साल / 5 साल के फाउंडेशन कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। वर्तमान में कक्षा 10 में पढ़ने वाले और कक्षा 11 में जाने वाले छात्र आइआइटी जी / निट (मेडिकल) के लिए 2 साल के पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं, जिसमें उन्हें कक्षा 10 पास करने के बाद 2 साल के लिए इन प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सघन प्रशिक्षण के साथ कक्षा 11 और 12 के अपने नियमित स्कूल सिलेबस को भी पढ़ाया जायेगा।

# उड़ान आइएएस अकादमी ने आयोजित किया जेएसएससी-सीजीएल के लिए रिहर्सल टेस्ट



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** उड़ान आईएएस अकादमी की ओर से सोमवार को जेएसएससी-सीजीएल के लिए रिहर्सल टेस्ट का आयोजन किया गया। यह रिहर्सल टेस्ट जेएसएससी द्वारा आयोजित होने वाली परीक्षा के अनुरूप एक दिन में तीन पेपर (पेपर-1 ,पेपर- 2 ,पेपर-3) के प्रारूप के अनुरूप आयोजित किया गया था।

इस रिहर्सल टेस्ट का आयोजन झारखंड के 10 शहरों के साथ-साथ बिहार के पटना सहित कुल 11 शहरों में हुआ। इस टेस्ट में लगभग 10,000 छात्रों ने (95 प्रतिशत उपस्थिति के साथ) भाग लिया। टेस्ट के तीनों पालियों का आयोजन सफलतापूर्वक एवं शांति पूर्वक ढंग से संपन्न हुआ। इस सफल आयोजन के लिए उड़ान आईएएस के निदेशक अरुण अग्रवाल ने सभी अभ्यर्थियों एवं उड़ान आईएएस अकादमी परिवार के सभी सदस्यों को बधाई दी है।

स्पीड न्यूज

### मेले का आयोजन

**मांडर।** थाना क्षेत्र के बिआरखो धाम परिसर में मकर संक्रांति के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस बार भी मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति की ओर से छह घंटे के अखंड हरी कीर्तन का भी आयोजन किया गया था। कीर्तन मंडली में आसपास के कई गांव की कीर्तन मंडली भी शामिल थी। आयोजन समिति के प्रदीप महली ने बताया कि वर्षों से इस धाम में आज के दिन श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए पहुंचते हैं। उन्होंने सरकार से मांग भी रखी है कि इस क्षेत्र को धार्मिक स्थल के रूप में भव्य तरीके से विकसित किया जाए जिससे सदियों से चली आ रही यह परंपरा कायम रहे। मौके पर त्रिपुरारी तिवारी, योगेंद्र यादव, प्रताप साहू, बजरंग, मुरारी सिंह, विजय सिंह आदि उपस्थित थे।

### कुएं से मिला शव

**मांडर।** थाना क्षेत्र के कंजिया अखाड़ा टोली से सोमवार की सुबह 62 वर्षीय बांदे उरांव का शव एक कुएं में तैरता पाया गया। मिली जानकारी के अनुसार अथवा उरांव नामक व्यक्ति का कुआं गांव से थोड़ी दूर पर स्थित है।सोमवार की सुबह कुएं के बगल से गुजर रहे एक व्यक्ति की नजर कुएं में तैर रही शव पर पड़ी। इस घटना की जानकारी ग्रामीणों से मिलने पर पुलिस द्वारा शव को बाहर निकाला गया। शव की पहचान गांव के ही बंदे उरांव के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार ब्रह्म भोज में शामिल होने गया था और देर रात तक वापस नहीं लौटा।

### मोटरसाइकिल की चोरी

**रातू।** थाना क्षेत्र के झखराटांड़ से अपराधियों ने चान्हो चोरेया निवासी मनोज राम की मोटर साइकिल जेएच 01 डीएफ 2004 की चोरी कर ली। गाड़ी मनोज बीज भंडार के समीप खड़ी थी। घटना 14 जनवरी है। मामले को लेकर भुक्तभोगी की ओर से रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस इसकी जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### वाहन चेकिंग अभियान चला

**ठाकुरगांव।** वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर ठाकुरगांव थाना द्वारा सोमवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने उरुगुट्टू व इटहेमोड़ में वाहन चेकिंग किया। मौके पर पुलिस ने चारपहिया तथा बाइकों के कागजातों का जांच किया। साथ ही बिना हेलमेट व बिना वैद्य कागजात वाले वाहन मालिकों को पुलिस ने चेतावनी देकर छोड़ा। मौके पर पुनि जुगनु महथा,हेमंत कुमार,बसंत मुंडा समेत अन्य मौजूद थे।

### बेड़ो बाजारटांड़ के शौचालय परिसर से बाइक की चोरी

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के बेड़ो बाजार टांड़ स्थित शौचालय के परिसर से सोमवर की अपराह्न लगभग चार बजे ग्राम भसनंदा बेड़ो निवासी सुनील गोप पिता मंगरा गोप की ब्लू रंग की होंडा साइन बाइक नं जेएच 01सीपी 3138 को अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। घटना के संबंध में सुनील ने बताया कि वह अपने बाइक में सवार होकर बेड़ो बाजार आया था और बाइक शौचालय परिसर में खड़ा कर बाजार सब्जी खरीदने चला गया,जब मैं बाजार से आया तो देखा कि जहां पर वह बाइक खड़ा किया था। बाइक वहां नहीं है। सुनील ने अपने अस्तर से अगल-बगल बाइक का पता किया पर बाइक का कोई पता नहीं चला। जिसके बाद उसे पता चला कि उसकी बाइक को चोरों ने चोरी कर ली। वहीं सुनील ने बेड़ो थाना में बाइक चोरी होने को लेकर लिखित आवेदन दिया है।

### गोहाल का ताला तोड़ तीन खस्सी की चोरी

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र में बकरी चोरों को आतंक जारी है। रविवार की रात अज्ञात चोरों द्वारा कुरुम तेतरिया टोली निवासी दोनो भाई बालेष्वर महतो व बिरसा महतो दोनो के तीन खस्सी चोरी कर लिया गया। गोहला तला बंद था। ताला तोड़ कर खस्सी ले गए। बताया गया कि अज्ञात चोर काले रंग के बोलेरो में चोरी के पहुंचे थें। चोरी के दौरान बकरियों की आवाज सून लोग बाहर निकले लेकिन वाहन का नंबर नही देख सके। क्षेत्र के किसान चोरी की बकरी चोरी का मामला थाना में दर्ज नही कराते हैं।

# मकर स्नान के मौके पर हजारों ने लगायी डुबकी

खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू/राहे।** मकर संक्रांति के मौके पर सोमवार को सोनाहातू ओर राहे के हजारों श्रद्धालुओं ने स्वर्ण रेखा नदी,कोकरो नदी और राढू नदी में मकर स्नान किया। सबेरे ही लोग नदी घाट पर जुट गए स्नान के बाद विधिवत पूजा करके गुड़, तिल, चावल, दान कर किये। मान्यता है कि आज के दिन सूर्य धनु राशि से मकर में प्रवेश करता है, इसीलिए मकर संक्रांति मनाई जाती है। इस दिन गुड़, तिल और चावल का दान बहुत ही महत्वपूर्ण माना गया है। इस त्योहार को खिचड़ी के नाम से भी जाना जाता है। साथ ही एक दूसरे को मकर संक्रन्ति की बधाई दी। इधर रिवाज के अनुसार गलऊ पंचायत में मुखिया सावना महली के नेतृत्व में ग्रामीणों ने फोदी खेल का आयोजन किया गया।खेल संपन्न होने के बाद ग्रामीण गाजे बाजे के साथ मुखिया के घर गये जहां मुखिया ने सभी को सम्मानित किये।



स्वर्णरेखा नदी तट पर स्नान कर पूजा करते श्रद्धालु।

### मकर संक्रंति पर चूड़ा, गुड़ एवं तिलकुट का किया वितरण

**नामकुम।** सोमवार को मकर संक्राति के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रमेश पाण्डेय नें बडी संख्या में जरूरतमंद लोगों के बीच जोरार स्थित आवास पर तिलकुट,चूड़ा और गुड़ का वितरण किया। इस दौरान आसपास क्षेत्र के बडी संख्या में महिला पुरूस उपस्थित होकर चूडागुड और तिलकुट लेकर श्री,पाण्डेय को धन्यवाद दिए। मौके पर रमेश पाण्डेय ने कहा कि मकर संक्रंति बहुत बडा त्योहार है और जरूरतमंद भी चूडा,गुड तिलकुट लेकर खुशी खुशी परिवार के साथ त्योहार मनाऐगें तो उन्हे आत्मीय शांति मिलेगी। उन्होने आगे भी जरूरतमंद लोगों की सेवा करते रहने की बात कही। इस मौके पर आत्मानंद पांडेय,अखिलेश सिंह,सिकंदर ठाकुर, विकास दुबे,पन्नालाल मुंडा,साधु मुंडा,विनोद मंडल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## चार दिवसीय मकर संक्रांति महोत्सव संपन्न

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के प्रसिद्ध घघारी बाबा धाम में चार दिवसीय मकर संक्रांति महोत्सव के अंतिम दिन श्रद्धालुओं का भीड़ उमड़ पड़ी। हालांकि बगैर किसी तामझाम के शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। रविवार को हजारों लोगों ने घघारी बाबा धाम मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना की और मकर संक्रांति के मौके पर जमुनी नदी के तट पर दही चूड़ा और तिलकुट ग्रहण किया। पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ 72 घंटे के अखंड हरिकीर्तन का समापन किया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी के महाप्रसाद का लंगर लगाया गया। सैकड़ों लोगों ने खिचड़ी का महाप्रसाद ग्रहण किया। शनिवार की अपेक्षा रविवार को घघारी बाबा धाम में अधिक भीड़ देखी गई। मेला स्थल पर रविवार को दुकानें भी सजी थी। बड़ी संख्या में श्रद्धालु शनिवार की बजाए रविवार को घघारी बाबा धाम पहुंचे थे। श्रद्धालुओं ने कहा कि 14 जनवरी की रात तक खरमास ही था। इसलिए मकर संक्रांति रविवार को ही मनाया गया। मंदिर में मंदिर के मुख्य पुजारी राम शंकर पाठक, राजकुमार पाठक, राजेश पाठक, सीताराम पाठक, तुलसीदास गोस्वामी तथा अजय गोस्वामी ने श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना कराई। इधर मेला समापन के साथ ही थाना प्रभारी लापुंग सुर्यकांत कुमार और बेड़ो थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेंब्रम ने मेला में आए श्रद्धालुओं जो नदी के नीचे उतर गए थे उन सबों को सुरक्षा पूर्वक ऊपर पहुंचाया।



महोत्सव के दौरान उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

फुटकलटोली में शिक्षादीप कार्यक्रम आयोजित, मंत्री ने कहा

## मदरसे को जल्द मिलेगी छात्रावास की सुविधा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** राज्य के काबिना मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर अल्पसंख्यक, पर्यटन, कला-संस्कृति और खेल का विकास किया जा रहा है। खेलकूद में युवा प्रोत्साहित किये जा रहे हैं। कला-संस्कृति को बढ़ावा देकर प्रतिभागियों में निखार लायी जा रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बच्चियों के शिक्षित होने से समाज को दिशा मिलेगी। श्री हसन ने मदरसे को जल्द ही छात्रावास की सुविधा दिये जाने की बात कही। वह फुटकलटोली जामिया नगर में अलकमर एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से संचालित मदरसा अहले सुन्नत हज्जन समीरनलील बनात में आयोजित शिक्षादीप कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच गर्म कपड़े और कंबल का वितरण किया। अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने युवाओं की आर्थिक उन्नति के लिये उन्हें रोजगार से जोड़ने पर जोर दिया। प्रदेश कांग्रेस के महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने शिक्षा को ऊंचाई छूने का माध्यम बताया। झामुमो के जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने सरकार के चार साल की उपलब्धियां गिनायी और केंद्र पर तीखे प्रहार किये। स्वागत भाषण ट्रस्ट के अध्यक्ष कमरुल हक ने दिया। जबकि, संचालन मो मोजिबुल्लाह ने किया।



कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि।

### कार्यक्रम में लिया हिस्सा

पद्मश्री मधु मंसुरी, प्रमुख संगीता तिर्की, उप प्रमुख रियाजुल अंसारी, अश्विनी शर्मा, अताउल्लाह अंसारी, अनीसुर्रहमान, अंजुम खान, मोख्तार अंसारी, अजमुल हक, शमीम मंसुरी,कलाम आजाद, असलम अंसारी, सैयद फिरोज, मो जाकिर, अब्दुल रहमान, मुंतजिर खान, धर्मेंद्र सिंह, नयनतारा उरांव, शमनुर मंसुरी, मो हासिम, अब्दुल सुभान, नुरुल्लाह नदवी, तौहिद अंसारी, हाजी शरीफ, मुमताज खान व रियाजुद्दीन अंसारी आदि।

### आज लगेगा ऐतिहासिक सतीघाट का टुसू मेला

**सोनाहातू।** प्रखंड के बारेंदा पंचायत अंतर्गत स्वर्णरेखा नदी के तट पर पंचपरगना क्षेत्र का ऐतिहासिक टुसु मेला मंगलवार सुबह से लगेगा। मेले को लेकर मेला कमिटी एवं मुखिया के द्वारा सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। मेला परिसर में काफी दूर-दूर से चौकी, टेबल, दरवाजे आदि तरह तरह के सामान बेचने के लिए एक दिन पहले ही आये हुए है। बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न तरह के झूले लगे हुए हैं। मौत का कुँआ भी बनकर तैयार है जो सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। सतीघाट मेला पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्र से सटे होने के कारण बंगाल से भी हजारों की तादाद में मेला प्रेमी मेला देखने आते हैं।

## एक नजर में

### अयोध्या पैदल निकले पिता-पुत्री का खलारी के बजरंगियों ने किया स्वागत



**खलारी।** पिता पुत्री की राम भक्ति ऐसी की बुढ़मू प्रखंड के सारले गांव से पैदल ही राम लला के दर्शन करने के लिए अयोध्या के लिए निकले। पिता पुत्री के हाथ में प्रभु बजरंगबली का झंडा लिए और पीठ पर बैग टांगे पैदल यात्रा के लिए निकले। बताना चाहते है कि बुढ़मू प्रखंड के सारले गांव से अयोध्या दर्शन के लिए पिता कृष्णा सिंह और पुत्री अंकिता कुमारी (13 वर्ष) दोनो पैदल चलकर राम भगवान के दर्शन के लिए निकले है। इसकी जानकरी विहिप व बजरंगदल को मिला तो राँची जिला संयोजक बिनोद विश्वकर्मा ने खलारी के बजरंगियों के साथ महावीर नगर (अमृत नगर ) के पास दोनो पिता पुत्री को फूल का माला एवम भगवा गमछा छोटी बच्ची को चुनरी देकर भव्य स्वागत किया। उसके बाद बनिया धौड़ा में स्थित मंदिर में दोनो का पूजा करवा कर सभी बजरंगियों के साथ पैदल चलकर खलारी बैंक चौक तक गए। राम मय भक्तन को मंगल यात्रा की कामना किया गया। मौके पर खलारी प्रखण्ड संयोजक अमित लोहरा ,दीपक तूरी, ऋतिक दीपु साव विनीत कुमार, भरत प्रजापति मनोज कुमार, मिथलेश कुमार, विक्की कुमार, विजय कुमार, किशन कुमार, रवि कुमार, बजरंगी कुमार,करण कुमार, आकाश कुमार, दीपक तुरी, बंटी कुमार, सत्यम कुमार, विशाल कुमार, यश कुमार, दीपक लोहरा, कुणाल कुमार रेबेल साव, प्रकाश कुमार अंकित कुमार, इत्यादि काफी संख्या में रामभक्त खड़े थे।

### बालू का अवैध परिवहन करते पांच ट्रैक्टर को पुलिस ने पकड़ा



**अनगड़ा ।** थान क्षेत्र के हाहे राहे सड़क पर सताकी गांव के निकट एसएसबी कैम्प के आगे अनगड़ा पुलिस राहे पुलिस तथा दशम फॉल ओपी पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार की रात्री छापा मारी कर पांच ट्रेक्टर को अवैध बालू परिवहन करते हुए पकड़ा गया । पकड़े गए पांचो बालू लदे ट्रेक्टर को अनगड़ा थाना लाया गया है। तथा सभी के विरुध अनगड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया है। ज्ञात हो कि इस समय बालू का काफी किल्लत है जिसके कारण विकास कार्य बूरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं । करीब दस दिन पूर्व लगभग एक माह तक बालू की जमकर परिवहन हुआ 14 हजार रुपये प्रति हाईवा मिलने वाला बालू 32 से 35 हजार रुपये बेचा जा रहा था । पूछने पर कि इतना कीमत क्यों लिया जा रहा है तो हाईवा मालीक नाम नही छापने कहकर बताए कि रोड मे 17 हजार रुपया प्रति ट्रक नाजायज खर्च देना पड़ता है। ग्रामीणो ने सहज और सही कीमत पर बालू उपलब्ध कराने की सरकार से माग की है। ताकि गरीब ग्रामीण अबुआ आवास या प्रधानमंत्री आवास अथवा अपना घर मकान बना सके । बालू की कीमत अनाप सनाप बढने से ग्रामीणों मे सरकार के प्रति भी गलत संदेश जा रहा है।

### टुसू हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा इसे संरक्षित करने की जरूरत : जैलेंद्र

**सिकिदिरी।** ऐतिहासिक हुंडरू फॉल टुसू मेला में सोमवार को जनसैलाब उमड़ पड़ा। रांची,रामगढ़ बोकारो,जमशेदपुर एवं पुरुलिया से हजारों की संख्या में श्रद्धालु मेला देखने पहुंचे थे। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता जलैन्द्र कुमार ने कहा कि टुसू हमारी परंपरा और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। टुसू समाजिक मेलजोल बढ़ाने के अतिरिक्त हमारे पूर्वजों से मिली संस्कृतिक परंपरा को कायम रखने के लिए प्रेरित करता है। इससे पूर्व कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया एवं मेला समिति के अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद,सचिव बालेश्वर बेदिया,पूर्व पंसस महेश गंझू व ग्राम प्रधान जयदेव बेदिया ने संयुक्त रूप से फीता काटकर मेले का उदघाटन किया। मेला में स्थानीय पहान गुहीराम बेदिया व ?कालिया ने 51बकरे की बलि देकर हुण्डरु बाबा की पूजा अर्चना की। में बदरी, कुच्चू,नवागढ़, सिंगारी टाटी, हेसातू,आदि गांव के महिलाऔर पुरुष टुसू लेकर मेला पहुंचे थे। चौड़ल में बदरी के आकला कुम्हार व परमेश्वर बेदिया के टीम को प्रथम,हुंडरूके रिंकी कुमारी को द्वितीय एवं शंकुतला कुमारी को तृतीय पुरस्कार विधायक प्रतिनिधि शफीक अंसारी ने दिया। विधि व्यवस्था में सिकिदिरी थाना प्रभारी सत्य प्रकाश रवि, एंव एसआई अरूण कुमार सिंह ने संभाल रखा था। संचालन सचिव बालेश्वर बेदिया ने किया मेला के सफल आयोजन में मुखिया भुवनेश्वर शचिमोहन कुमार, दसैया बेदिया,धनीराम बेदिया, चंद्रमोहन भोगता, शुभम बेदिया,पवन भोगता, रविलाल बेदिया,लगनू बेदिया,श्रवण कुमार विष्णु कुमार बेदिया मनोज बेदिया,मेघनाथ बेदिया, झरिया बेदिया,अजय बेदिया, मोहित बेदिया हरिशंकर शाही मुंडा, प्रदीप मुंडा,फिरोज आलम,अताऊल अंसारी आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### महेशपुर में लगा बिजली का नया ट्रांसफार्मर

**अनगड़ा ।** प्रखण्ड के ग्राम महेशपुर में खिजरी विधायक राजेश कच्छप के सौजन्य से 63 केवीए का नया बिजली ट्रांसफार्मर लगाया गया ' जिसका उद्घाटन वरिष्ठ कांग्रेसी शिवदास गोस्वामी पंचायत अध्यक्ष समीम खान तथा एतवा उरांव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया । ज्ञात हो कि 25 केवीए का ट्रांसफार्मर पिछले काफी समय से खराब था जिसके कारण पूरे गांव का लोड एक हीं ट्रांसफार्मर में पड़ रहा था । यहां के ग्रामीणों ने विधायक राजेश कच्छप से नया ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की । विधायक संज्ञान में लेते हुए ग्रमीणों को शीघ्र ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाए' मौके पर पूर्व पूर्व उपप्रमुख अनवार खान पूर्व मुखिया रामनाथ मुण्डा दशरत पहान रब्बानी खान मकसूद खान इरसाद खान तबरेज खान, रुस्तम खान साकिर खान आदि उपस्थित थे।

## गंगा महाआरती में सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचे

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के ऐतेहासिक खुखरा गांव के 52 बगीचा व 53 पोखरा मतलब तालाब नाम से यह गांव जाना जाता था। यहां की तालाब लाइफ लाइन है। इसकी वजह से ही आसपास के इलाके में पानी का लेवल अब भी बरकरार है। वही अब इस गांव में गिने चुने तालाब बचे हुए हैं। जिसमें एक बेर तालाब में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर सोमवार को वाराणसी की तर्ज पर पहली बार भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया। जिसमें गंगा यात्री पियूश पाठक के नेतृत्व में गंगा आरती की गई। जिसे देखने के लिए काफी संख्या में लोग जुट गए। बता दें कि खुखरा गांव के युवाओं द्वारा की गई पहल पर राइजिंग यूथ खुखरा के तत्वाधान में इस गंगा आरती का यह आयोजन किया गया। इस आरती के माध्यम जल स्त्रोतों को स्वच्छ और निर्मल बनाने का संकल्प लिया गया।इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया गया।जिससे कि आने वाले समय में अपने जलस्त्रोतों को बचाया जा सके। खुखरा के युवाओं का कहना है कि हम पर्यावरण को संरक्षित करेंगे तो पर्यावरण भी हमारी रक्षा करेगा। इसके पूर्व देवी मंडप परिसर से गाजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में सदानंद गोस्वामी परमेश्वर, विकास, सूरज, परशुराम छोटेलाल, पवन, राजेश,जीतराम,सोनू,भारत सहित पूरे गांव के लोगों का सहयोग रहा।



बेड़ो के खुखरा शोभायात्रा में शामिल युवतियां।

**जलस्त्रोतों को बचाने की पहल :** ऐतिहासिक खुखरा गांव के जलस्त्रोतों को बचाने के लिए गांव के युवकों ने पियूश पाठक और उनकी टोली ने गंगा आरती की शुरूआत की है। समय-समय पर ये लोग सभी तालाब और नदियों में जाकर गंगा आरती कर रहे है।

## लोगों ने श्रमदान कर देवी मंडप की छत की ढलाई की



छत ढलाई कार्य में भाग लेते मुखिया व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** इटकी प्रखंड के कुंदी गांव में सोमवार को श्रमदान कर देवी मंडप के छत का ढलाई किया गया। छत ढलाई कार्य मे कुंदी गांव के हिन्दू व आदिवासी समाज के लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। मुखिया फ्रांसिस्का केरकेट्टा ने छत ढलाई कार्य मे शामिल होकर श्रमदान किया। मौके पर किशोर गोप, जगदीश गोप, राकेश गोप सोहराई गोप, बासु गोप, पवन गोप, अमित खलखो रौशन केरकेट्टा, विकास पूर्ति व बबलू सहित दर्जनों ग्रामीणों ने श्रमदान किया।

### झामुमो में बढ़ रहा युवाओं का विश्वास : धर्मेंद्र



मोर्चा में शामिल हुए युवाओं के साथ जिलाध्यक्ष।

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** झामुमो जिला युवा मोर्चा के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह की अगुआई में सोमवार को तारूप में सदस्यता अभियान चलाया गया। इस दौरान सैकड़ो युवाओं ने मोर्चा का दामन थामा। श्री सिंह ने पट्टा और माला पहना कर उनका स्वागत किया। समारोह में उन्होंने कहा कि मोर्चा केंद्रीय नेतृत्त्व के प्रति युवाओं का विश्वास बढ़ा है। श्री सिंह ने ऊजावार्न मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तारीफ करते हुये कहा कि उनकी कुशलता से झारखंड विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा है। मौके पर जितनंदन महतो, सुनील उरांव व फागु मुंडा आदि मौजूद थे।

## गरीबों के बीच 650 कंबल का हुआ वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती पंचायत सदमा व चंदरा क्षेत्र के दर्जनभर गांव के गरीब व वृद्ध लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिप सदस्य कमिश्नर मुंडा, पूर्व मुखिया रमेषचंद्र उरांव व समाज सेवी बाबुलाल महली ने ग्रामीणों को कंबल प्रदान किया गया। सोमावर को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित बिनायाका इंफ्रा के निदेषक ओम प्रकाश अग्रवाल ने कंबल वितरण करने के साथ गरीब वृद्ध व विधवा को अंग वस्त्र भी प्रदान किया। कहा ठंड के मौसम में गरीबों का संघर्ष दोगुना हो जाती है। क्षेत्र में आने जाने के दौरान गरीबों की हालात देखकर ही सहयोग करने की इच्छा हुई। वहीं कमिष्नर मुंडा ने कहा आनंद अग्रवाल व विनय अग्रवाल के सौजन्य से क्षेत्र के 650 गरीबों को कड़ाके की ठंड में कंबल का सहायता मिला है।इससे अन्य लोगों को भी सहयोग करने की प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम में सरना समिति अध्यक्ष बाबूलाल महली, ग्राम प्रधान रंजित उरांव, वार्ड सदस्य सुषमा उरांव, समाज सेवी इंदर देव सिंह, कपिल मुन्नी पांडे, आनन्द कुमार, सोमेन अग्रवाल, नमन अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, उमाशंकर व संजय लिंडा आदि उपस्थित थें।



गरीबों को कंबल देते जिप सदस्य व पूर्व मुखिया।

मदरसा नुरुल उल्लुम में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

## लड़कियों में दिखा दमखम, उत्साहित नजर आये बच्चे

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** बिजुलिया ईदगाह टंगरा स्थित मदरसा नुरुल उल्लुम में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता हुयी। भोंडा फुटबॉल मैदान में आयोजित प्रतियोगिता के दौरान लड़कियों के बाजी मारी। 100 मीटर की दौड़ में नूरी नाज पहला, यूजमा परवीन दूसरे और मदीहा परवीन तीसरे स्थान पर रही। वहीं, 200 मीटर में नूरी अव्वल रही। हुमा आफरीन को दूसरा और अलीशा नाज को तीसरा स्थान मिला। जबकि, 400 में आदिल अंसारी ने पहले स्थान के लिये जगह बनायी। अब्दुल मोतल्लीब दूसरे और सैयद अंसारी तीसरे स्थान पर रहे। पुरस्कार वितरण समारोह में अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम, प्रदेश कांग्रेस के महासचिव अजय नाथ शाहदेव व प्रखंड अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष अताउल्लाह अंसारी बतौर अतिथि थे। उन्होंने प्रतिभागियों को खूब सराहा और उन्हें पुरस्कृत कर हौसला अफजाई की। इससे बच्चे उत्साहित नजर आये। संचालन मदरसा कमेटी के अध्यक्ष और प्रखंड अंजुमन के सचिव अनीसुर्रहमान अंसारी ने किया।



दर्शक दीर्घा में खड़े अतिथि।

### इन्होंने निभायी भूमिका

प्राचार्य मौलाना अबुल हसन, मो उस्मान अंसारी, अब्दुल कयूम, सफिरूद्दीन अंसारी, कारी युनूस, मौलाना मुस्ताक, अफजल अंसारी, तौसिफ अंसारी, जुबैर अंसारी, मुर्शीद अंसारी, बिलकिश बानो, अफसाना खातून, अजरुन निशा, मौलाना साकिर इस्लाही, शफीक आलम, इसराफिल अंसारी व महमूद आलम आदि।

खबर मन्त्र
रांची.मंगलवार .16 जनवरी 2024
अभिव्यक्ति
epaper.khabarmantra.net

# इंदौर से सीखें

इंदौर ने घर-घर से कचरा उठाने, अगलनीय कचरे को अलग करने व कचरे का पुनर्चक्रण करने जैसे कई चरणों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। कभी सिटी ब्यूटीफुल के उपनाम से पहचान बनाने वाले चंडीगढ़ का स्वच्छता सर्वे में सर्वश्रेष्ठ सफाई मित्र बनना संतोष की बात है। लेकिन हरियाणा, पंजाब व खुद केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ की राजधानी होने तथा देश के पहले नियोजित शहर होने के नाते इस शहर को स्वच्छता के शीर्ष मानकों में खरा उतरना चाहिए था। वहीं इंदौर के साथ पहला स्थान साझा करने वाले सूरत की उपलब्धि भी सराहनीय है। कभी प्लेग की महामारी के कारण दुनियाभर में सुर्खियों में आने वाले सूरत का स्वच्छता के मानकों पर खरा उतरना निश्चित ही चौंकाने वाला है। महामारी के बाद इस शहर में सफाई के प्रयास युद्धस्तर पर किये। पिछले तीन दशक में लगातार स्वच्छता के प्रयासों का नतीजा है कि सूरत का कायाकल्प हुआ है। राज्य के रूप में महाराष्ट्र ने बाजी मारी है। वहीं गंगा किनारे बसे शहरों में वाराणसी अव्वल रहा है। पटना, रांची सहित बिहार, यूपी और झारखंड के शहर का पिछड़ना निश्चित ही दुर्भाग्यपूर्ण है। इन राज्यों को स्वच्छता को लेकर युद्ध स्तर पर काम करने की जरूरत है। स्वच्छ शहर शोभनीयता के अलावा जनस्वास्थ्य की दृष्टि से भी विशेष महत्वपूर्ण है। बहरहाल, केंद्रीय शहरी विकास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने पिछले लगभग एक दशक से स्वच्छता रैंकिंग जारी करके देश में सफाई के प्रति एक स्वस्थ प्रतियोगिता शुरू की है। जन-जन में भी जागरूकता आई। लेकिन स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने के लिये अभी अधिक प्रयासों की जरूरत है। हमें याद रहे कि लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छ भारत मिशन की घोषणा किये दस साल हो गए हैं। जरूरत है कि इंदौर की सीखने की।

# पूंजीगत व्यय बढ़ें

भारत का सामना दोहरी बैलेंस शीट की समस्या से था जहां कॉरपोरेट और बैंकों की बैलेंस शीट दोनों दबाव में थीं। अब हम उस दौर से पूरी तरह उबर चुके हैं और निजी निवेश में भी सुधार के संकेत हैं। हालांकि अभी यह देखना होगा कि यह कितना टिकाऊ साबित होता है। विश्व बैंक ने 104 अर्थव्यवस्थाओं का अध्ययन किया जिनमें सन 1950 से 2022 के बीच के 35 विकसित तथा 69 उभरते बाजार तथा विकासशील देश शामिल थे। जैसा कि अध्ययन बताता है निवेश की गति बढ़ाने के दौरान उभरते बाजारों तथा विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में उत्पादन वृद्धि सालाना 5.9 फीसदी बढ़ी। यह अन्य वर्षों से 1.9 फीसदी अधिक थी। अनुभवजन्य विश्लेषण तथा रिपोर्ट में शामिल केस अध्ययन, निवेश दर बढ़ाने में नीतियों की भूमिका को लेकर तीन प्रमुख पर्यवेक्षण प्रस्तुत करते हैं जिनका यहां जिक्र करना उचित होगा। पहला, वृहद आर्थिक स्थिरता में सुधार करने वाले नीतिगत हस्तक्षेप मसलन राजकोषीय घाटा कम करने की कोशिश तथा मुद्रास्फीति को लक्षित करना तथा ढांचागत सुधार आदि सभी निवेश बढ़ाने में मददगार साबित हुए हैं। इसमें अंतरराष्ट्रीय व्यापार को सहज बनाने तथा पूंजी की आवक सुनिश्चित करने वाले हस्तक्षेप भी शामिल हैं। दूसरा, विशिष्ट नीतिगत हस्तक्षेपों की अपनी भूमिका होती है लेकिन नीतिगत हस्तक्षेपों का एक व्यापक पैकेज जो अधिक वृहद आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करता हो तथा ढांचागत मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करता हो, वह निवेश वृद्धि की संभावनाओं में इजाफा करने का रुख रखता है। तीसरा है संस्थानों की भूमिका, उदाहरण के लिए उनका सही ढंग से काम करना और स्वतंत्र विधिक व्यवस्था बहुत महत्वपूर्ण हैं। एक सक्रिय न्यायिक व्यवस्था निवेशकों और उद्यमियों में विश्वास पैदा करती है क्योंकि अनुबंधों को लागू करना आसान होता है।

# उच्च गुणवत्ता में भारत को दुनिया में अग्रणी बनाना

विनिर्माण क्षेत्र में 'जीरो डिफेक्ट, जीरो इफेक्ट' के संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान के अनुरूप उच्चतम वैश्विक मानकों को पूरा करने वाले उच्च गुणवत्ता के उत्पाद उपलब्ध कराने में भारत दुनियाभर में अग्रणी बनने की दिशा में अग्रसर है।

प्रतिस्पर्धी दरों पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की आपूर्ति 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने के प्रधानमंत्री के मिशन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठा रही है कि 'मेड इन इंडिया' ब्रांड गुणवत्ता की गारंटी हो, जो भारतीय और विदेशी उपभोक्ताओं के लिए आनंद का परिचायक बने।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया है कि एक लाभदायक बाजार तभी कायम रह सकता है जब उत्पादकों और उपभोक्ताओं के हितों में संतुलन हो। इस रणनीति का एक प्रमुख घटक गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) पर जोर देना है। इसके जरिये क्यूसीओ यह सुनिश्चित करता है कि सभी उत्पाद भारतीय मानक ब्यूरो के निर्धारित मानदंडों के अनुरूप हों।

यह उन उपभोक्ताओं के लिए एक वरदान है, जिससे उपभोक्ताओं को उत्पादों तथा व्यवसायों के संबंध में विश्वसनीय, सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता का भरोसा प्राप्त होता है। इसके जरिये घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में बढ़ती मांग व उपभोक्ताओं की आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद मिलती है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की डिजिटल इंडिया पहल ने 140 करोड़ भारतीयों के परिवार को दुनिया से जुड़ने और सर्वोत्तम उत्पादों व व्यवहारों के बारे में जानने में मदद की है। वे किसी उत्पाद को खरीदने से पहले नियमित रूप से प्रदर्शन, स्थायित्व और निर्भरता के लिए ग्राहक समीक्षाओं की जांच करते हैं। यदि वे उत्पाद से असंतुष्ट हैं, तो वे सार्वजनिक रूप से कमियों को उजागर करते हैं। इसलिए, उत्पाद की गुणवत्ता, कीमत और नवीनता के बीच संतुलन बनाना समय की मांग है।

मोदी सरकार सुरक्षित, विश्वसनीय व बेहतर गुणवत्ता वाले सामान उपलब्ध कराने और भारतीय उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एक मजबूत गुणवत्ता इको-सिस्टम विकसित करने पर केंद्रित है। मई 2014 से पहले, 106 उत्पादों को कवर करने वाले केवल 14 क्यूसीओ जारी किए गए थे।





–पियूस गोयल

> उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं और घरों में उपयोग होने वाले अन्य उत्पादों पर कई गुणवत्ता मानदंड लागू किए गए हैं। इनमें स्मार्ट मीटर, बोल्ट, नट और फास्टनर, छत के पंखे, अग्निशामक यंत्र, कुकवेयर, बर्तन, पानी की बोतलें, पाइप्ड नेचुरल गैस के उपयोग के लिए घरेलू गैस स्टोव, लकड़ी आधारित बोर्ड, इंसुलेटेड फ्लास्क और इंसुलेटेड कंटेनर आदि शामिल हैं।

सूची को अब 653 उत्पादों को कवर करते हुए 148 क्यूसीओ तक बढ़ा दिया गया है। इनमें एयर कंडीशनर, खिलौने और जूते जैसे घरेलू उत्पाद शामिल हैं।

**निर्यात पर गुणवत्ता नियंत्रण**

क्यूसीओ ने 'मेक इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड' के मिशन को गति दी है। क्यूसीओ के तहत कई उत्पादों का निर्यात किया जा रहा है। कच्चा लोहा उत्पाद, सौर डीसी केबल, दरवाजे की फिटिंग, छत के पंखे, हेलमेट, स्मार्ट मीटर, हिंजेस, एयर कूलर और एयर फिल्टर गुणवत्ता-नियंत्रित उत्पाद हैं, जो आयात किए जाने की तुलना में कहीं अधिक निर्यात किए जाते हैं। क्यूसीओ द्वारा कवर किए गए कास्ट आयरन उत्पादों का पिछले साल 535 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निर्यात हुआ था, जबकि आयात मुश्किल से 68 मिलियन अमेरिकी डॉलर था। लगभग 25 क्यूसीओ में ऐसे उत्पाद शामिल हैं, जहां आयात से अधिक निर्यात होता है।

यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि क्यूसीओ भारत में मजबूत गुणवत्ता चेतना के निर्माण पर केंद्रित हैं। इससे देश में खराब गुणवत्ता वाले सामानों की डंपिंग को कम करने में भी मदद मिलती है। उल्लेखनीय है कि सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली वस्तुओं तक पहुंच हमारे अमृत काल में प्रत्येक भारतीय नागरिक का अधिकार है। क्यूसीओ लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। सस्ते इलेक्ट्रॉनिक्स के कारण आग लगने, खिलौनों में जहरीले रसायनों के कारण बच्चों के अस्पताल में भर्ती होने और बिजली के शॉर्ट-सर्किट जैसे जोखिमों के कारण घटिया उत्पाद घरों के लिए बेहद खतरनाक हो सकते हैं।

शानदार उदाहरण

गुणवत्ता-नियंत्रण कैसे उपभोक्ताओं और निमार्ताओं की मदद के लिए विनिर्माण को आमूल रूप से उन्नत कर सकता है, इसका एक शानदार उदाहरण खिलौना उद्योग है। इस क्यूसीओ के कार्यान्वयन से पहले, भारतीय खिलौना बाजार सस्ते, घटिया उत्पादों से भरा पड़ा था।

वर्ष 2019 में भारतीय गुणवत्ता परिषद के एक सर्वेक्षण से पता चला कि मुश्किल से एक-तिहाई खिलौने प्रासंगिक बीआईएस मानकों का पालन करते हैं, और उनमें से अधिकांश बच्चों के लिए खतरनाक थे। यह मोदी सरकार के लिए पूरी तरह से अस्वीकार्य था, जिसने एक जनवरी, 2021 से इस क्षेत्र के लिए क्यूसीओ के साथ तेजी से हस्तक्षेप किया था।

इससे भारत में खिलौनों की गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ। एक हालिया सर्वेक्षण से पता चला है कि भारतीय बाजार में 84 प्रतिशत खिलौने बीआईएस मानकों का पालन करते हैं। क्यूसीओ ने न केवल भारतीय बच्चों को सुरक्षित, उच्च गुणवत्ता वाले खिलौने उपलब्ध कराए हैं, बल्कि 2018-19 की तुलना में 2022-23 में उनके निर्यात में 60 प्रतिशत की वृद्धि भी हुई है।

उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं और घरों में उपयोग होने वाले अन्य उत्पादों पर कई गुणवत्ता मानदंड लागू किए गए हैं। इनमें स्मार्ट मीटर, बोल्ट, नट और फास्टनर, छत के पंखे, अग्निशामक यंत्र, कुकवेयर, बर्तन, पानी की बोतलें, पाइप्ड नेचुरल गैस के उपयोग के लिए घरेलू गैस स्टोव, लकड़ी आधारित बोर्ड, इंसुलेटेड फ्लास्क और इंसुलेटेड कंटेनर आदि शामिल हैं।

सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए उद्योग प्रतिनिधियों सहित सभी हितधारकों से परामर्श करती है कि क्यूसीओ को लागू करने से पहले उनकी प्रतिक्रिया, तकनीकी इनपुट और व्यावहारिक सुझावों पर विचार किया जाए। यह सुनिश्चित करने के लिए विशेष ध्यान रखा जाता है कि सूक्ष्म एवं लघु इकाइयों को लंबी अंतरण अवधि देकर उनके हितों की रक्षा की जाए। सरकार उद्योग को अधिक प्रतिस्पर्धी बनने में मदद करने और उन निमार्ताओं का समर्थन करने के लिए हमेशा तैयार है, जो गुणवत्ता में सुधार करना चाहते हैं। (लेखक केन्द्रीय मंत्री हैं।)

## खास बात

### किस्सा-ए-शीशमहल

**अजय कुमार शर्मा**

'मुगल-ए-आजम' के लिए जब मधुबाला का चयन हुआ तब तक फिल्म की थोड़ी बहुत शूटिंग की जा चुकी थी। इसलिए अब सभी कलाकारों को अनारकली का रोल अदा करने जा रही मधुबाला को देखने और उनके साथ काम करने का इंतजार था। फिल्म में मधुबाला का पहला दृश्य वह था जहां वे संगमरमर के बुत के रूप में खड़ी होती हैं। इस दृश्य को करने के लिए मधुबाला को कई घंटे मेकअप में बिताने पड़ते थे। उनका चेहरा और कपड़े के बाहर दिखाई देने वाले सभी अंग चिकनी मिट्टी से लीप दिए जाते थे। शरीर पत्थर सा दिखे इसलिए उनको एक रबड़ की पोशाक भी पहनना पड़ती थी।

मुंबई की गर्मी में घंटों तक ऐसी अवस्था में रहना काफी तकलीफ देय था। अगले सीन में उन्हें एक गाना गाते हुए उस पर नृत्य भी करना था जिसे लच्छू महाराज ने कई दिनों की कड़ी रिहर्सल से तैयार कराया था। यह पूरा नृत्य उन्हीं पर फिल्माया गया और उन्होंने कहीं भी किसी डुप्लीकेट का इस्तेमाल नहीं किया। सेट पर उपस्थित सभी लोग मधुबाला की मेहनत और उसकी प्रतिभा से प्रभावित होते जा रहे थे। सबको यह समझ में आ गया था कि वह फिल्म का जरूरी और एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं । यह सब देखकर मधुबाला के पिता अताउल्ला के मन में लालच आ गया। वह अधिक पैसों की मांग करने लगा। उसका अनुबंध पचास हजार रुपयों का था लेकिन वह पच्चीस हजार और मांगने लगा। आसिफ ने उसकी इस बात पर कोई ध्यान नहीं दिया। एक दिन उन्हें अत्यधिक महत्त्वपूर्ण दृश्य को फिल्माना था और उन्हें अंदेशा था कि अताउल्ला उसे करने से पहले पैसों की मांग करके उसे नहीं की। तब उन्होंने 'मुगल-ए-आजम' के जनसंपर्क अधिकारी तारकनाथ गांधी को बुलाकर समझाया कि आज तुम उसे कहीं ले जाओ और किसी बात में उलझाकर रखो। इन दिनों अताउल्ला के हाथों में काफी पैसा रहता था। इसलिए वह सट्टा, जुआ, ताश आदि बुरी आदतों का शिकार बन चुका था। तब आसिफ और तारकनाथ में तय हुआ कि ताश के खेल में अताउल्ला को पूरी तरह उलझाकर रखा जाए और इधर जल्द से जल्द शूटिंग पूरी की जाए।

# सागर का हठ

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

राम ने अपनी चिंता व्यक्त की। आखिर समुद्र को कैसे पार किया जाए। विभीषण ने कहा प्रभु समुद्र आपकी बात नहीं उठायेंगे। ये समुद्र परमात्मा स्वरुप कहें जाते हैं। आप भगवतस्वरुप हैं। आप इनसे रास्ता मांग लीजिए ये रास्ता दे देंगे। विभीषण की बात राम को अच्छी लगी लेकिन ये बात लक्ष्मण को अच्छी नहीं लगी कि श्रीराम हाथ जोड़कर रास्ता मागेंगे। ऐसा कहकर विभीषण जी प्रस्थान कर गये। उनके जाने के बाद रामजी हाथ जोड़कर समुद्र से विनती करते रहे। हे समुद्र आप संसार में परमात्मा का स्वरूप हैं। जैसे परमेश्वर से यह संसार निकलता है और उन्हीं में लय होता है उसी तरह संसार की सभी नदियां सभी जल आपमें ही आकर लय हो जाते हैं। इसलिये आप परमात्म स्वरुप हैं। हे समुद्र लंका जाने का रास्ता दे दीजिए। तीन दिन गुजर गया लेकिन समुद्र सुन नहीं सका। समुद्र के इस हठ को देख रामजी क्रोधित हुए। नीति के अनुसार समुद्र आपसे मैंने विनयशीलता के साथ रास्ता मांगा है। लेकिन सच है कि सठ के साथ विनयशीलता काम नहीं करता है और कुटील के साथ प्रीति काम नहीं करती है।यही कारण है कि बाण मानकर हमें आपको शोषित करना पड़ेगा। बिना भय के आप नहीं सनु सकते हैं। ऐसा कह ज्योंही राम ने बाण उठाया समुद्र हाथ जोड़कर खड़ा हो गया कहा प्रभु गलती हो गयी। आपके बाणोंसे मेरा जल खत्म हो जाएगा। जीव जंतु जो मेरा आश्रय लिये हैं ये समाप्त हो जायेंगे।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

**अंत:करण**-पावित्रय, आत्म-विश्वास और आशावादिता जीवन की महत्तम विभूति हैं ! जीवन अंतहीन संभावनाओं और अवसरों का अखंड स्रोत है ! आध्यात्मिक व्यक्ति प्रत्येक प्रतिकूल परिस्थिति में अनुकूलता और उचित अवसर ढूंढ लेता है।

**– स्वामी अवधेशानंद गिरी**

## रोचक ट्वीट



**सभी** को सोहराय, टुसू पर्व और मकर संक्रांति की हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। प्रकृति, संस्कृति और सभ्यता के द्योतक यह पर्व आप सभी को स्वस्थ जीवन, सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करे, यही कामना करता हूँ। **– हेमंत सोरेन**



**सभी** को लोहड़ी के पर्व की बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं। यह त्योहार आप सब के जीवन में खुशियों की भरमार और समृद्धि की बहार लाए।

**– राहुल गांधी**

## कॉर्टून वर्ल्ड




साभार कॉर्टूनमूवमेंट डॉट कॉम

# भारतीय संस्कृति में प्रत्येक पर्व के अपने आयाम, राम ने भी उड़ाया था पतंग

**डॉ जंग बहादुर पाण्डेय**

## सामयिक

**भारतीय** संस्कृति में प्रत्येक पर्व एवम् त्योहार के अवसर पर किसी न किसी प्रकार के मेले का आयोजन होता है;क्योंकि मेला एक प्रकार से भारतीय संस्कृति की आत्मा है ।कविवर आर.एन.गौड़ ने ठीक ही कहा है कि

भारत की संस्कृति में सुन्दर,
यदि मेलो का मेल न होता।
तो निश्चय ही भारपूर्ण मानव,
जीवन भी खेल न होता।।

मकर संक्रांति के दिन तिल युक्त जल से स्नान शुभकर होता है ।किसी संयमी प्रकृति वाले ब्राह्मण गृहस्थ को भोजन सामग्रियों से युक्त तीन पात्र तथा एक गाय का दान रूद्र तथा धर्म के नाम पर करना चाहिए ।दान करते समय इस मंत्र को पढ़ना चाहिए:

यथा भेद न पश्यामि,शिवविष्णवर्कपद्मजान्।
तथा ममास्तु,विश्वात्मा, शंकर:शंकर:सदा।
(मत्स्य पुराण 38/17)

इस श्लोक का अभिप्राय है कि मैं शिव और विष्णु तथा सूर्य और ब्रह्मा में कौई अंतर नहीं करता,वह शंकर जो विश्व की आत्मा हैं सदा कल्याणकारी हों। परिश्रम करने के बाद व्यक्ति व्यक्तिगत रूप से और समाज सामूहिक रूप से विश्राम और मनोरंजन करना चाहता है ।अपने पुराने मित्रों, परिचितों और संबंधियों से मिलकर वह कुछ समय के लिए जीवन के अभिशापों को भूला देना चाहता है ।वह अपने पूर्वजों के आदर्शो से संघर्ष और सफलता की प्रेरणा प्राप्त करता है ।उसके बताए हुए मार्गों पर चलकर अपने जीवन को सफल बनाने का प्रयास करता है।

यह पर्व बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश और उतरप्रदेश में खिचड़ी के नाम से प्रसिद्ध है।

दक्षिण में यह पर्व पोंगल, पंजाब में लोहड़ी, असम में माघ बिहू के नाम से जाना जाता है। महाराष्ट्र में नव विवाहिता स्त्रियां अपनी पहली संक्रांति को तिल का तेल, कपास और नमक का दान सौभाग्वती स्त्रियों को देती हैं ।वे सौभाग्यवती स्त्रियां अपनी सखियों को हल्दी, रोली,तिल और गुड़ प्रदान करती हैं।

**राम ने उड़ाया था पतंग**

कहा जाता है सूर्य के उतरायण होने के उपलक्ष्य में भगवान् राम ने पतंग उड़ाई थी ।उड़ते उड़ते वह पतंग इन्द्र लोक में चली गई थी ।उसे इन्द्र पुत्र जयंत ने पकड़ ली ।राम ने पतंग लाने के लिए हनुमान जी को इन्द्र लोक में भेजा ।जयंत पत्नी ने इस शर्त पर पतंग लौटाई कि भगवान् राम उनको दर्शन दें। हनुमानजी ने सब बात बताई।

राम ने चित्र कूट में दर्शन देना स्वीकार किया, तब जयंत ने पतंग लौटाई ।पतंग बाजी आपसी भाईचारे और प्रतिस्पर्धा का भी प्रतीक है। दीपावली, नागपंचमी और रक्षाबंधन यदि हिन्दुओं के प्रिय पर्व- त्योहार हैं,तो ईद बकरीद और मुहर्रम मुस्लमानों के। क्रिसमस, ईस्टर यदि ईसाइयों के पर्व हैं सरहुल, सोहराय आदिवासियो के ।रथयात्रा यदि उत्कलवासियों का पर्व है,तो ओणम् केरलवासियों का ।परंतु मकर संक्रांति ही एक ऐसा पर्व है,जो हिमालय के हिम मंडित शिखरों से मातृ.चरण पखारने वाली कन्याकुमारी की उत्कृष्ट लहरों तक,एलिफेन्टा की गुफाओं से असम की दुर्गम घाटियों तक बिना किसी भेदभाव के पूरे भारतवर्ष में धूम धाम से मनाया जाता है। भुवन भास्कर की भांति देश के सौभाग्य वृद्धि की कामना करते हैं ।मैं नव वर्ष में आगत इस मकर संक्रांति के महापर्व पर सबके मंगल की कामना करता हूं:-

बढ़ें आप मंगलमय पर,
रहें तत्व अनुकूल सभी।
आगे बढ़ते पीछे को भी,
रहें देखते कभी कभी।

(लेखक साहित्यकार हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### मतदाताओं से धोखा

**चुनाव** का मौसम आया है, तो दलबदल और पालाबदल भी स्वाभाविक है। इस तरह चुनाव के वक्त नेताओं के दल बदल से स्पष्ट हो गया है कि राजनीति में सिद्धांतों का कोई मतलब नहीं रह गया है। इस तरह दल बदल करना, जीतने वाली पार्टी से गठजोड़ कर फिर सत्ता में पहुंचने के प्रयास मतदाताओं के साथ धोखाधड़ी है। और यह पूरे जोर-शोर से चल रही है। **– विभूति, हजारीबाग**

### आज भी प्रासंगिक

स्वामी विवेकानंद जी का मानना था कि किसी भी राष्ट्र के विकास के लिए उसकी युवा पीढ़ी की खास भूमिका होती है। लिहाजा राष्ट्र को चिंतक व अच्छे विचार वाले युवाओं की आवश्यकता है। नर सेवा को ही नारायण सेवा मानना उनके आदर्शों में शुमार था। उनका कहना था कि भारतीय संस्कृति में मूल्यों की अहमियत है। हर वर्ग-आयु के लिए प्रासंगिक हैं।

**– नीरज, रांची**

# अब हसीना करें बांग्लादेश के हिन्दुओं का कर्ज अदा

**आर.के. सिन्हा**

## सामयिक

पड़ोसी देश बांग्लादेश में उम्मीद के मुताबिक, मौजूदा प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को विजय हासिल हुई है। शेख हसीना ने फिर प्रधानमंत्री पद की शपथ ले ली है। पिछली 7 जनवरी को हुए आम चुनाव में शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग ने संसद की 300 में से 204 सीटें जीत लीं। इस बार 299 सीटों पर ही वोटिंग हुई थी। शेख हसीना 1996 से 2001 तक प्रधानमंत्री थीं। इसके बाद 2009 में फिर प्रधानमंत्री बनीं। तब से अब तक वे लगातार सत्ता पर काबिज हैं। बांग्लादेश में 10 प्रतिशत आबादी वाले हिन्दुओं के वोट एकमुश्त अवामी लीग को गए। इनमें कई सीटें तो ऐसी हैं, जहां हिन्दू वोटर 20 से 40 प्रतिशत तक है। इन्होंने खुलेआम हसीना के पक्ष में मतदान किया। अब शेख हसीना को भी सुनिश्चित करना होगा कि बांग्लादेश में हिन्दुओं पर होने वाले कट्टरपंथी हमले थम जाएं और वे उनके देश में सम्मान के साथ रहें। पहले देखने में आया है कि देश में अवामी पार्टी की नेता शेख हसीना के आम चुनाव में विजय के बाद हिन्दुओं पर प्रतिशोध में हमले होने लगे थे। राजशाही, जेसोर, दीनाजपुर वगैरह में हिन्दुओं पर भीषण हमले हुए। उन्हें मारा गया और उनकी संपत्ति को हानि पहुंचाई गई।

शेख हसीना को अब अपने देश के हिन्दुओं को जिहादी कसाइओं का आसान ग्रास बनाने से बचाना होगा। अफसोस कि वहां पर हिन्दू बुरी तरह से पीड़ित है। मन्दिरों व हिन्दू घरों को खुलेआम तोड़ा व जलाया जाता है।

भारत सरकार भी इस बात को सुनिश्चित करे कि बांग्लादेश की धरती पर हो रहे जिहादियों के नंगे नाच को रोका जाए और जो लोग वहां से पलायन को मजबूर हैं , उन्हें सीमा पर ही सीमा सुरक्षा बल के शिविरों में सुरक्षा व सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर जुल्मो-सितम रुकते ही नहीं हैं। जब 1947 में भारत का बंटवारा हुआ था, उस समय पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) में हिन्दू वहां की आबादी के 30 से 35 फीसदी के बीच थे। पर अब वहां हिन्दुओं की कुल आबादी मात्र 8 फीसदी है।

बांग्लादेश में शायद ही ऐसा कोई दिन बीतता हो, जब किसी हिन्दू महिला के साथ कट्टरवादी बदतमीजी न करते हों। क्या बांग्लादेश में हिन्दुओं के उत्पीड़न की खबरें उन भारतीय सेकुलर नेताओं तक नहीं पहुंचती हैं, जो हमास के किसी आतंकी को मारने पर इजराइल को पानी पी-पीकर कोसते हैं? भारत में कुछ लोग अक्सर यह भी कहते हैं कि पाकिस्तान और भारत के राजनेता अपने स्वार्थ के लिए ही दोनों देशों के बीच खटास पैदा करते रहते हैं, जबकि दोनों देशों के आम लोग अमन चाहते हैं, एक-दूसरे से मोहब्बत करते हैं। ऐसे लोग अपने पाकिस्तान के मित्रों से यह क्यों नहीं पूछते कि पाकिस्तान में हिन्दू एक प्रतिशत से भी कम क्यों रह गए हैं? यदि पाकिस्तान के मुस्लिम अपने यहां के हिन्दुओं से मोहब्बत करते तो वे लुट-पीटकर भारत नहीं आते?

पाकिस्तान में हिन्दुओं की आबादी कम होने की सबसे बड़ी वजह है जबरिया मतान्तरण। हिन्दुओं को जबरदस्ती इस्लाम कबूलवाया जाता है। इस पर भारतीय सेकुलर कभी कुछ क्यों नहीं बोलते हैं? पाकिस्तान व बंगलादेश में हिन्दुओं के साथ घटने वाली नृशंस घटनाएं क्या उनकी संवेदनाएं कभी झकझोर पाएंगी? या वे पूर्णतः संवेदनहीन हो चुके हैं?

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### मुस्कान को मिला ऑरेंज बेल्ट



भुरकुंडा (रामगढ़)। सितोरियू कराटे ग्रेडिंग परीक्षा में भुरकुंडा की मुस्कान कुमारी को ऑरेंज बेल्ट की उपाधि से नवाजा गया है। मुख्य प्रशिक्षक जीबी थापा ने मुस्कान को ऑरेंज बेल्ट का प्रमाण-पत्र व मेडल देकर सम्मानित करते हुए कहा की कराटे आत्मरक्षा का बेहतर साधन है। वर्तमान में लड़कियों को मार्शल आर्ट का ट्रेनिंग जरूर लेना चाहिए। वहीं प्रशिक्षक सेंसाई कंचन दास ब्लैक बेल्ट तृतीय डान ने बताया की मुस्कान कुमारी उत्क्रमित मध्य विद्यालय भुरकुंडा में सातवीं कक्षा की छात्रा है। उन्होंने बताया की मेरे देखरेख में आस्था सिंह द्वारा आत्मरक्षा के लिए बालिकाओं में मार्शल आर्ट का ट्रेनिंग दिया जा रहा है। मुस्कान को ऑरेंल बेल्ट मिलने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहित शिक्षक सतीश कुमार, अशोक कुमार ने ज्जवल भविष्य की कामना की है।

### कुमार क्लासेस में टेस्ट आयोजित



भुरकुंडा (रामगढ़)। पटेलनगर भुरकुंडा स्थित कुमार क्लासेस कोचिंग सेंटर में रविवार को 9वीं एवं 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए टेस्ट परीक्षा का आयोजन किया गया। बोर्ड परीक्षा पर आधारित इस टेस्ट में करीब 50 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। निदेशक संतोष कुमार ने बताया कि यह टेस्ट आगामी बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखकर लिया गया है। इस परीक्षा से मुख्य परीक्षा के लिए विद्यार्थियों का दबाव कम होगा। उन्होंने बताया कि कुमार क्लासेस में आयोजित टेस्ट में कोचिंग सहित बाहर के विद्यार्थी भी हिस्सा ले सकते हैं। टेस्ट को सफल कराने में शिक्षक नितेश सिंह, संतोष रजक व संतोष कुमार का विशेष योगदान रहा।

### जेसी के सदस्य बने नरेश मंडल



भुरकुंडा (रामगढ़)। कोल इंडिया के आनुषांगिक कंपनियों में माइनिंग एक्टिविटी में कार्यरत ठेका मजदूरों की मजदूरी व अन्य सामाजिक सुरक्षा की देखरेख करने और ठेका मजदूरों से सम्बंधित कानूनों को लागू कराने के लिए नरेश मंडल का एचपीसी जेसी निगरानी समिति का सदस्य चयनित किया गया है। निगरानी समिति का सदस्य चयनित होने पर लोगो ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। उक्त चयन एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह जेबीसीसीआई सदस्य एवं कोल फेडरेशन के महासचिव रमेन्द्र कुमार के अनुशंसा पर कोल इंडिया प्रबंधन के सयुंक्त निगरानी समिति का गठन गौतम बनर्जी महाप्रबंधक ने आदेश जारी कर किया है।

### संतोष यादव ने बांटा कंबल



भुरकुंडा (रामगढ़)। रिभर साईड भुरकुंडा दोमुहानी नदी तट पर स्थित राम-जानकी मंदिर प्रांगण में मकरसंक्रांति के अवसर पर रविवार को लगे मेले में दर्जनों गरीबों के बीच राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव के सौजन्य से दर्जनों गरीब-जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव, पंडित संतोष पांडेय, पप्पू कुमार व रवि सोनी ने गरीबों के बीच कंबल का वितरण कर मकरसंक्रांति पर्व की बधाई दी। मौके पर राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव ने कहा कि राजद के लोग अपना सामाजिक दायित्व निभाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं हो सकता। ऐसे नेक कार्यों में सक्षम लोगों को हर संभव सहयोग करना चाहिए। श्री यादव ने कहा की राजद गरीबों की मदद के लिए हर संभव सहयोग करती रहेगी।

### एमआर कॉम्प्लेक्स में कंबल वितरित



कुजू। एमआर कॉम्प्लेक्स में मकर संक्रांति के अवसर पर सोमवार को फागू बेसरा व मांडू थाना प्रभारी अवधेश कुमार, झामुमो केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो, आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, जिला परिषद दयामंति देवी, भाजपा जिला मंत्री खिरोधर प्रसाद, आजसू मांडू प्रखंड अध्यक्ष नरेश महतो, कुलदीप प्रसाद ने संयुक्त रूप से क्षेत्र के गरीब, असहाय, दिव्यांग लोगों के बीच 301 कंबल सहित चुड़ा-गुड़, तिलकुट व खिचड़ी का वितरण किया। अतिथियों ने कहा कि गरीबों की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। गरीबों के बीच कंबल दिए जाने से काफी राहत मिलेगा। समारोह का संचालन धनेश्वर प्रसाद ने किया। मौके पर अमर सिंह, प्रेम कुमार, भाजपा नेता खिरोधर प्रसाद साहू, जदयू जिला अध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, शैलेंद्र कुमार, अलख कुमार मांझी, रतन प्रसाद साहू, अशोक कुमार, शिबू प्रसाद, जनक प्रसाद, सीताराम प्रसाद, प्रदीप गुप्ता, अशोक प्रसाद, श्रवण सिंह, राजेश प्रसाद गुदुल, मोती प्रसाद, इंद्रमोहन शर्मा, अरविंद कुमार, मुकेश साहू, विजय साहू, राजेश प्रसाद, मिथलेश प्रसाद, रामदेव प्रसाद, रवि साहू, लखन प्रसाद, मनोज प्रसाद, विनोद प्रसाद, कौलेश्वर महतो, महेश ठाकुर, रामटहल प्रसाद, प्रकाश साव, श्याम प्रसाद, शिवा मेहता, अमन साहू, ददन प्रसाद, आशीष साहू सहित कई लोग मौजूद थे।

### क्रिकेट अकाडमी का उद्घाटन



रामगढ़। छावनी फुटबॉल मैदान में सोमवार को रामगढ़ स्पोर्ट्स अकाडमी द्वारा क्रिकेट खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण देने के लिए क्रिकेट अकादमी का उद्घाटन दक्षिणी छोटानागपुर के जोनल आईजी अखिलेश झा ने किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के टर्फ विकेट और व्यवस्थित अकादमी क्रिकेटरों का स्किल डेवलप करेगा। जिससे रामगढ़ जिला को अच्छे-अच्छे खिलाड़ी मिल सकेंगे। उन्होंने अकादमी के व्यवस्था को देखकर प्रसन्नता जाहिर की और अकादमी के संचालक आलोक शर्मा ,मोहम्मद कैफ आलम एवं रोहित कुमार को शुभकामना देते हुए कहा की कम से कम फीस रखकर बेहतर प्रशिक्षण दें। जिससे रामगढ़ जिला में अच्छे खिलाड़ी उभर कर राज्य लेवल के खिलाड़ी बन सकें।

## सांसद जयंत सिन्हा को मिलेगा महारत्न पुरस्कार, भाजपा जिलाध्यक्ष बोले

# हजारीबाग के लिए गर्व की बात

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** लोकसभा के सांसद सद सह अध्यक्ष, वित्त संबंधी संसदीय स्थाई समिति जयंत सिन्हा को सांसद महारत्न पुरस्कार प्रदान किए जाने के घोषणा किए जाने पर हजारीबाग भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य भैया अभिमन्यु प्रसाद ने अटल भवन के सभागार में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया।

इस अवसर पर प्रेस को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा को सांसद महारत्न पुरस्कार से सम्मानित होना हम हजारीबाग लोकसभा की जनता के लिए गर्व का विषय है। इस पुरस्कार के लिए सांसद का चयन निर्णायक समिति के वरिष्ठ सदस्य केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल एवं वरिष्ठ पूर्व चुनाव प्रमुख कृष्णमूर्ति सहित अन्य प्रमुख सदस्यों के द्वारा किया गया है। श्री यादव ने कहा कि सांसद ने वर्ष 2019 से लेकर अभी तक के कार्यकाल में लोकसभा क्षेत्र व झारखंड देश हित से जुड़े लगभग 1000 प्रश्न उठाएं और उसका समाधान भी करवाया है। सांसद श्री सिन्हा ने जीरो अवर के तहत 54 व नियम 377 के तहत 29 मुद्दों पर संसद का ध्यान आकृष्ट करवाया है। अपने कार्यकाल में सांसद जयंत सिन्हा ने देश हित से जुड़े 13 प्राइवेट मेंबर बिल प्रस्तुत किए हैं।

इनकी अध्यक्षता वाली वित्त संबंधी संसदीय स्थाई समिति को भी 5 वर्षों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए देश का सर्वश्रेष्ठ समिति के रूप में चयन किया गया है। साथ ही कहा कि अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर 22 जनवरी को लोकसभा क्षेत्र में एक लाख दिया का वितरण किया जाएगा। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य भैया अभिमन्यु प्रसाद एवं सांसद जयंत सिन्हा के मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा उपस्थित हुए।

### भाजपा नेता केदार यादव ने दी बधाई



**बरही।** भाजपा युवा नेता सह बरही विधानसभा विधायक उम्मीदवार केदार यादव ने हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा को बधाई दी। केदार यादव ने कहा कि वित्त समिति महत्वपूर्ण विषयों पर रिपोर्ट प्रस्तुत करती है, जिसके आधार पर केंद्र सरकार नीति बनाती है। देश के बजट बनाने में भी यह समिति अपनी भूमिका निभाती है। इन्हीं सब कारणों से सांसद जयंत सिन्हा को सांसद महारत्न पुरस्कार दिए जाने की घोषणा हुई है। इससे केवल हजारीबाग वासियों के लिए नही बल्कि सम्पूर्ण लोकसभा और झारखंड राज्य की भी गर्व की बात है। मौके पर भाजपा युवा नेता संजय सिंह, युवा नेता सहजाद खान सहित अन्य भाजपाइयों ने बधाई दी।

# कुजू में कोयला हेराफेरी का भंडाफोड़, 16 हाइवा जब्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कुजू।** सीसीएल कुजू क्षेत्र के सुरक्षाकर्मियों ने सोमवार अहले सुबह सीसीएल कुजू क्षेत्र में कोयला ट्रांसपोटिंग की आड़ में वर्षों से हो रहे कोयला हेरा फेरी का भंडाफोड़ किया गया। सीसीएल कुजू न्यू सीडिंग के सुरक्षा प्रभारी मदन महतो के द्वारा कुजू ओपी में आवेदन दिया है। जिसमें कहा कि मेसर्स आरएसएसजी कंसरटिंम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को सीसीएल कुजू क्षेत्र में करमा परियोजना से कुजू न्यू साइडिंग में कोयला परिवहन हेतु टेंडर दिया गया है. कंपनी की गाड़ी संख्या जेएच 24 के/ 1734 के द्वारा करमा परियोजना से लगभग 30 टन कोयला वजन लेकर निर्गत चालान संख्या 58509 से करमा चेक पोस्ट रविवार को रात 1:40 बजे चला। रास्ते में हाईवा चालक लोड कोयले को स्थानीय फैक्ट्री में गिराकर वहां से मिट्टी पत्थर लादकर कुजू न्यू साइडिंग में अनलोड करने लगा। इसी दौरान वहां ड्यूटी पर लगे लोडिंग इंस्पेक्टर दसाई गंझू, मोहरमैन जगदेव बेदिया, प्रधान सुरक्षा प्रहरी ईश्वरी उरांव, सुरक्षा प्रहरी किशुन कुमार मुंडा देखा कि उक्त गाड़ी मिट्टी पत्थर गिर रहा है। इसके बाद कोयला कर्मियों ने अनलोडिंग कार्य को रोक दिया। वहीं हाईवा चालक फरार हो गया।इधर मामले की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी पीसी साहू तथा कुजू पुलिस को दिया। जब्त हाइवा को सुरक्षा कर्मियों ने कुजू ओपी पुलिस को सौंप दिया। मौके पर क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी पीसी साहू, हेमंत सिंह, सुरक्षा प्रभारी रामप्रसाद बेदिया, सुरक्षाकर्मी मुकेश कुमार, अजय कुमार, मदन महतो, ईश्वरी उरांव, किशन कुमार मुंडा, चंद्र प्रकाश मुर्मू,राजू राणा पहुंचे। मामले को लेकर अधिकारियों ने सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक को जानकारी दी गई है। सीएमडी के निर्देश पर सीसीएल मुख्यालय से मुख्य सुरक्षा पदाधिकारी के कुजू आने तथा संबंधित ट्रांसपोर्टर के विरुद्ध कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है। साथ ही दिये गये आवेदन में 16 चक्का हाईवा मालिक व चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है।

### खुशी के भाई ने पिता व सौतेली मां पर लगाया हत्या का आरोप



भुरकुंडा (रामगढ़)। भदानीनगर ओपी क्षेत्र अंतर्गत चिकोर गांव में 13 जनवरी को खुशी कुमारी का शव घर से बरामद हुआ था। सूचना के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। घटना के बाद मृतिका के भाई जसवंत महतो उर्फ शाहिल ने ओपी में आवेदन देकर पिता सुनील कुमार महतो और सौतेली मां पूनम देवी पर अपनी बहन के हत्या का आरोप लगाया है। दिये गये आवेदन में जसवंत ने कहा है कि उसके दादा चेतलाल महतो ने करीब दस साल पूर्व मेरे और मेरी बहन खुशी के नाम पर छह-छह लाख रुपये बैंक ऑफ इंडिया भुरकुंडा में फिक्स करवाया था, जो मार्च 2024 में पूरा होगा। पैसे की लालच में सौतेली मां और पिता ने मिलकर मेरी बहन की हत्या कर दी है। जसवंत ने बताया कि मेरी बहन को मेरे पिता और सौतेली मां हमेशा मारपीट करते थे। साथ ही जरूरत पर पैसे की मांग करने पर ताना देते और मारपीट करते थे। मैं अपनी बहन की जरूरतों को देखते हुए चुपचाप पैसा देता था। इधर घटना के तीसरे दिन चिकोर के ग्रामीणों ने सोमवार को भदानीनगर ओपी का घेराव किया। जिसमें लोगो ने आरोपी की गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की।

### खेपा आश्रम में कंबल वितरित



भुरकुंडा (रामगढ़)। मकरसंक्रान्ति के पावन अवसर पर रविवार को श्रीश्री 108 खेपा बाबा आश्रम में खेपा बाबा ने 101 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण करते हुए कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन-मन और धन से सहयोग करना चाहिए। इस दौरान गरीबों के बीच गुड चूड़ा वितरण के साथ साथ सभी को पूरी सब्जी का भोजन भी करवाया गया। खेपा बाबा ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। जबतक मेरे शरीर में जान है मैं सेवा करता रहूंगा।

## हर्ष शर्मा को मिला ग्लोबल स्टार कोच अवार्ड



भुरकुंडा (रामगढ़)। सुंदरनगर भुरकुंडा निवासी आरके शर्मा व इंदु देवी के पुत्र हर्ष शर्मा उर्फ प्रेम ने भारत 2024 के प्रतिष्ठित ग्लोबल स्टार कोच का खिताब जीतकर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। हर्ष की इस सफलता से एसवीएम पब्लिक स्कूल परिवार व कोयलांचल भुरकुंडा के लोगों में हर्ष का माहौल है। साथ ही बधाईयों को तांता लगा हुआ है। ग्लोबल स्टार द्वारा पुणे मे आयोजित कार्यक्रम में सिने अभिनेत्री तनाजा ईरानी ने हर्ष को ग्लोबल स्टार कोच का अवार्ड प्रदान कर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। सुंदरनगर निवासी हर्ष शर्मा ने भुरकुंडा जैसे छोटे शहर से खेलों के कोचिंग के क्षेत्र में उत्कृष्टता का प्रतीक बनकर उम्दा समर्पण और प्रतिभा का परिचय देकर कई क्रिकेटरों के प्रेरणास्रोत बने हैं।

इस कामयाबी पर क्रिकेट प्रेमियो ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। हर्ष शर्मा ने राधा गोविंद से बीपीएड और राज्जू भैया यूनिवर्सिटी से एमपीएड की डिग्री हासिल कर अपने कोचिंग कैरियर के लिए मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। इसके बाद कठिन परिश्रम के बल पर हर्ष केएन पटेल इंटरनेशनल स्कूल, अहमदाबाद, गुजरात के मुख्य क्रिकेट कोच बने और बाद में वह खेल विभाग के एचओडी भी बने। हर्ष के मार्गदर्शन में दर्जनो लड़कियों का चयन प्रदेश टीमों में हुई। उन्होने अंडर-15 लड़कियों की प्रदेश टीम को आकार देने में मदद की। हर्ष ने अपनी कोचिंग क्षमता को बढ़ाने के लिए दुबई से आईसीसी लेवल वन कोच प्रमाण-पत्र प्राप्त किया। साथ ही, उन्होंने एक कठिन स्ट्रेंथ एंड कंडिशिनिंग कोर्स पूरा किया। जिसके बाद हर्ष की उत्कृष्टता व मेहनत और खेलों के कोचिंग पर उनके गहरे प्रभाव के कारण भारत 2024 के ग्लोबल स्टार कोच अवार्ड के लिये चयन किया गया। अपनी कामयाबी से गदगद हर्ष शर्मा कहा की मेरा लक्ष्य ज्यादा से ज्यादा से बच्चों को बेहतर ट्रेनिंग देकर आगे बढ़ाना है। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता, क्रिकेट के प्रति अपनी समर्पण, कठिन परिश्रम और क्रिकेट के प्रति अपनी समर्पण को दिया है।

### 22 को मनाया जायेगा उत्सव : बबीता पांडेय



भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा में आयोध्या धाम से आये पूजित अक्षत का ग्रामीणों के बीच वितरण किया गया। इसके पूर्व हिन्दी संगठन के तत्वावधान में पतरातू प्रखंड की उपप्रमुख बबीता पांडेय व पूर्व उपप्रमुख रामाशंकर पांडेय द्वारा अयोध्या से आये पूजित अक्षत का विभिन्न मंदिरों में पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। उपप्रमुख बबीता पाण्डेय ने कहा की अयोध्या धाम में 22 जनवरी को रामलला विराजमान होंगे। इस अवसर पर पूरा पतरातू प्रखंड में दिवाली जैसा महोत्सव मनाया जायेगा।पूजा के दौरान जय श्री राम, जय हनुमान सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के गगनभेदी उद्घोष से पूरा क्षेत्र

# कोयलांचल में धूमधाम से मनी मकर संक्रांति

- पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों में उमड़ी भीड़, गुड़-चूड़ा, दही व तिलकुट खिलाने का चला दौर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

भुरकुंडा (रामगढ़)। कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार को मकर संक्रांति का पर्व पूरे धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालु महिला-पुरूष व बच्चों ने क्षेत्र के विभिन्न नदी व तालाबों में स्नान-ध्यान कर मंदिरों में पूजा-अर्चना की। साथ ही गरीबों के बीच दान-पूण्य कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि व क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। 14 और 15 जनवरी दोनो दिन रीवर साईड भुरकुंडा स्थित दामोदर नदी तट स्थित नलकारी-दामोदर नदी में स्नान-ध्यान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। साथ ही आस्था का केंद्र राम-जानकी मंदिर में पूजा के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस दौरान न केवल कोयलांचल भुरकुंडा बल्कि दूर-दराज क्षेत्रों से लोग नदियों में पवित्र स्नान के लिए पहुंचे। साथ ही घरो में भी लोगों ने स्नान-ध्यान कर पूजा-पाठ के बाद नियम पूर्वक दान-पूण्य भी किया। मकरसंक्राति के अवसर पर सुबह से ही दही, चूड़ा, गुड व तिलकुट खाने-खिलाने का दौर भी चला जो देर शाम तक चलता रहा। लोग एक-दूसरे के घर जाकर चूड़ा-तिलकुट का लुत्फ उठाते हुए एक-दूसरे को पर्व की बधाई दी। इस बार कई क्षेत्रों में रविवार को भी मकरसंक्रांति का पर्व मनाया गया। मकरसंक्राति के अवसर पर कई जगहों पर भंडारा का भी आयोजन हुआ। जिसमें सैंकड़ों महिला-पुरूष व बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया। इधर 14 जनवरी को राम-जानकी मंदिर परिसर में लगे मेला में लोगों ने जमकर खरीदारी करते हुए लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया। वहीं राम-जानकी मंदिर में आयोजित अखंड-कीर्तन में पूरे दिन हरे राम हरे कृष्ण के उद्घोष से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा।



राम-जानकी मंदिर में अखंड-कीर्तन में शामिल श्रद्धालु ।

## एक नजर में

### कटकमदाग : मकर संक्रांति पर लगा मेला



कटकमदाग। बानादाग पहाड़ी मंदिर गौरी शंकर धाम ट्रस्ट की ओर से इस वर्ष भी मेला लगा। हजारीबाग के आरोग्यम हॉस्पिटल के निदेशक सह हजारीबाग के युवा नेता एवं समाज सेवी हर्ष अजमेरा के द्वारा बानादाग पहाड़ी मंदिर गौरी शंकर धाम के पास मेला का उद्घाटन किया। साथ ही बानादाग पहाड़ी मंदिर क्षेत्र के विकास के लिये हर सम्भाव मदत करने के साथ साथ कटकमदाग प्रखंड वासीयो को मकर संक्रांति कि बधाई दी एवं गौरी शंकर धाम ट्रस्ट के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया।एवं पहाड़ी मंदिर के पास राम मंदिर बनाने में सहयोग का वादा भी किया। मौके पर उपस्थित पसई मुखिया परमेश्वर गोप, कटकमदाग प्रखंड सांसद प्रतिनिधि अजय राणा, भाजपा नेता इंद्र नारायण कुशवाहा, समाज सेवी भाई सुबोध साधक, टुकन महतो, संदीप कुमार, रोहित कुमार, राजेश गोप, रामावतार राणा, अनिल महतो, तुलसी महतो, चमन महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

### लूंदरु में रामभक्तों ने निकाली शोभा यात्रा



टाटीझरिया। इचाक प्रखंड अंतर्गत लुंदरु गांव के बक्सी टोला में 22 जनवरी को राम जन्मभूमि अयोध्या में मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राम भक्त ग्रामीणों ने पूजित अक्षत वितरण जय श्री राम के जय घोष के साथ हाथो में हनुमान ध्वज लिए भव्य तरीके से सोमवार को शोभा यात्रा निकाल घर घर जाकर अक्षत वितरण किया और लोगो से अयोध्या में स्थापित राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की बाते बता प्रभु मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम दर्शन करने हेतु आमंत्रण किया। अक्षत वितरण के दौरान आरएसएस संघ देवकुली पंचायत अध्यक्ष सुधीर प्रसाद कुशवाहा,अनिल सोनी,महेश यादव ,गौतम राणा,खगेंद्र प्रसाद,प्रशांत कुमार,मनोज कुमार,प्रवेश सोनी,काली सोनी,लक्ष्मी सोनी,पंकज सिन्हा,संजीत सोनी संग सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु भक्त गण शामिल थे।

### पदमा में अक्षत निमंत्रण अभियान संपन्न

पदमा। 22 जनवरी को होने जा रहे श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा अभियान के निमित्त विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा 1 जनवरी से लेकर 15 जनवरी तक श्री राम जन्मभूमि से आए पूजित अक्षत को लेकर हर एक हिंदू परिवार तक निमंत्रण पहुंचने का महा अभियान 15 जनवरी 2024 को प्रखंड के नावाडीह गांव में संपन्न हुआ। इस समापन अभियान में मुख्य रूप से उपस्थित रहे बजरंग दल के जिला संयोजक प्रशांत सिंह उन्होंने कहा प्रखंड समिति के द्वारा प्रखंड के प्रत्येक गांव प्रत्येक हिंदू परिवार तक पहुंचकर इस महा अभियान को सफल बनाया है वह सभी बधाई के पात्र हैं। प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता ने कहा कि प्रखंड के अंदर सभी गांव में तथा प्रत्येक हिंदू परिवारों में अक्षत देकर श्री राम जन्मभूमि का निमंत्रण किया गया। इस मौके पर बजरंग दल जिला संयोजक प्रशांत सिंह, विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, विश्व हिंदू परिषद प्रखंड मंत्री ऋषिकेश मेहता, उपाध्यक्ष प्रदीप मेहता, प्रखंड संयोजक पंकज मेहता, प्रखंड सहसंयोजक सिकंदर मेहता, गौ रक्षा प्रमुख संजय मेहता ,जिला परिषद सदस्य बसंत नारायण मेहता ,अयोध्या मेहता सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

### चंदनपुर में मंदिर का होगा सुंदरीकरण



बड़कागांव।बड़कागांव पश्चिमी पंचायत के ग्राम चंदनपुर में स्थित हनुमान मंदिर का सुंदरीकरण एवं चार दिवारी निर्माण कार्य लगभग तीन लाख की लागत से होगा। सोमवार को झारखंड प्रदेश इंटक के सचिव अंकित राज ने चंदनपुर पहुंचकर ग्रामीणों को अनुशंसा पत्र सौंपा। मौके पर पंचायत अध्यक्ष गौतम कुशवाहा,रोहित सिंह,पदुम साव,धर्मनाथ महतो,राजेंद्र कुमार,कृष्ण महतो,संजय महतो, लक्ष्मण महतो,पवन कुमार, खिरोधर महतो,बालेश्वर राणा,गणेश महतो, विनय महतो,बलदेव राणा सहित कई लोग मौजूद थे।

### इंदिरा में तीन दिवसीय मेला का आयोजन

चरही। इस वर्ष भी मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर चुरचू प्रखंड के इंदिरा गांव में तीन दिवसीय जतरा मेला का आयोजन किया गया है।जिसका उद्घघाटन प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक,जिप सदस्य बासुदेव करमाली, एएसआइ जितमोहन महतो,मुखिया राधिका देवी,पूर्व मुखिया दशरथ महतो सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधियों ने सामुहिक रूप से फीता काटकर मेलाका उद्घघाटन किया।इस मेले को दिखने के लिए बहुत ही दूर दराज से लोग पहुंचते हैं। साथ ही मेले में हजारीबाग, बरही,कुजू,मांडू,रामगढ़ और रांची तक के विक्रेता तरह तरह के लोहे से बने समानों को इस मेले मेले लेकर आते हैं।तीन दिनों रहके अपने समानों बिक्री चले जाते हैं।इस मेले में लोहा,तांबा,पीतल,अलुमिनियम सहित कई तरह के सामानों की बिक्री होती है।बच्चों के लिए झुला भी लगाए गए हैं।तरह-तरह दुकाने लगे हुए हैं।महिला, पुरूष और बच्चे-बच्चियां मेला का आनंद ले रहे हैं।

### सदर विधायक ने चबूतरा के लिए दिया ईट और सीमेंट

कटकमसांडी। पंचायत सारुगरू भुइयां समाज के ग्राम ग्राम वासियों के कई वर्ष का सपना सदर विधायक मनीष जायसवाल के सहयोग से अब जल्द ही साकार होने जा रहा है। सारुगारू ग्राम वासी गांव में चबूतरा निर्माण में असमर्थता जाहिर करते हुए क्षेत्र के धर्मपरायण जननेता सदर विधायक मनीष जायसवाल से सहयोग की अपेक्षा की तो उन्होंने ने चबूतरा के निर्माण में हरसंभव सहयोग के लिए तैयार हैं । चबूतरा के ढलाई के लिए ईट और सीमेंट कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा ने भेंट किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा,युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सुमन राय, बढ़न राम, सनिचर राम, बालो राम,मोहन राम,पिंटू राम,मोहन राम,सुनील राणा, मनोज भुइयां, सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### नव झारखंड फाउंडेशन ने बांटा कंबल

चरही। चुरचू प्रखंड के चरही बाजारटांड़ स्थित विश्वकर्मा मंदिर के प्रांगण में कंप कपाती ठंढ को देखते हुए गरीब बुजुर्गों और असहाय लोगों के बीच नव झारखंड फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा के तरफ से उनकी बहन सुमित्रा देवी के द्वारा कंबल वितरण किया गया। जनहित में और भी समाज सेवा करने का निर्णय लिया गया।मौके पर महादेव विश्वकर्मा, सुमित्रा देवी,सोनू सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

### पीड़ित परिवार को सांत्वना देने पहुंचे गौतम

टाटीझरिया । दारू प्रखंड के कबिलासी पंचायत के अंतर्गत देवरिया गाँव की एक बुजुर्ग महिला की आकस्मित निधन हो गया। पीड़ित परिवार से बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौतम कुमार के साथ कई समाज सेवीयों ने पीड़ित परिवार से मिलकर अपनी संवेदना जताया। मृतक प्की आत्मा को शांति एवं सद्गति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की अंतिम संस्कार के दौरान युवा सामाजसेवी रंजित यादव , देवरिया के संदीप गिरी मंटू गिरी,सुनील गिरी ,धीरज गिरी,बिरजू गिरी ,संजय गिरी,अमित गिरी ,प्रभात गिरी , प्रताप गिरी ,अनिल गिरी, डिंपू गिरी , वर्ष लल्लन भारती , दिनेश्वर गिरी , इंद्रदेव भारती, नरेश भारती , आशीष गोस्वामी,मंतोष गोस्वामी,गोवर्धन ठाकुर ,भुवनेश्वर रविदास ,मथुरा दास ,पिंटू राम, कालिदास राणा ,विंध्याचल राम अन्य कई लोग मौजूद थे।

### सोहराय 28 को मनाने का निर्णय

चरही। आदिवासी बहुल गांव करम टोला, बिनकरवा में सोहराय पर्व मनाने को लेकर बैठक हुई। समाजसेवी महादेव टुडू ने कहा कि यह सोहराय पर्व सभी महिला पुरूष मिलकर हर वर्ष मनाते आ रहे हैं। इस वर्ष यह पर्व 28 जनवरी को पाहन विकास टुडू के द्वारा पारंपरिक तरीके से विधि विधान से पूजा अर्चना कर के शुरू कराया जाएगा। पर्व को सर्व सम्मति से तीन दिवसीय मनाने का निर्णय लिया गया।



# अयोध्या में राम का उत्सव

मनोज कुमार सिन्हा

**अयोध्या धाम.........** 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन होने वाला है. इसकी तैयारियां जोरों-शोरों से चल रही है.

अधिकांश लोगों ने पहली बार हिंदू महाकाव्य रामायण में अयोध्या के बारे में सुना है। यह राजा दशरथ का शहर है और कोसलदेश राज्य की राजधानी है, ‡स्वर्ग के समान समृद्ध स्वयं (थर्ववेद), शहर-सप्त पुरियों में से एक, या प्राचीन भारत के सात पवित्र शहरों (स्कंदपुराण) के लिए भी जाना जाता है राम जन्मभूमि का स्थान हो, वह भूमि जहां राजकुमार राम का जन्म हुआ और उनका पालन-पोषण हुआ, वह शहर जो उनके वनवास पर भेजे जाने पर रोया था, और वह राज्य जिसने 14 साल बाद उनकी वापसी पर खुशी मनाई थी।

**'अयोध्या'** नाम राजा आयुध से आया है, जिनके बारे में माना जाता है कि वे श्री राम के पूर्वजों में से पहले थे। रामायण में कहा गया है कि यह शहर, जो सरयू नदी के दाहिने किनारे पर स्थित है, की स्थापना ऋषि मनु ने की थी, जिन्होंने इसे भगवान विष्णु से प्राप्त किया था। इस पर इक्ष्वाकुओं के सूर्य वंश का शासन था।

इतिहास में एक निश्चित बिंदु तक साकेत के नाम से भी जानी जाने वाली अयोध्या को अंततः इसके वर्तमान नाम से जाना जाने लगा। राम की नगरी में शिव का एकमात्र नागेश्वरनाथ मंदिर, चंद्रगुप्त विक्रमादित्य (376-415 ईस्वी) के समय तक जीवित रहा और उन्हें अयोध्या का पता लगाने में मदद मिली।

विडम्बना यह है कि, अयोध्या, जिसके नाम का अर्थ है 'युद्ध न किया जाना, ने पूरे इतिहास में कटु धार्मिक संघर्ष और कई विदेशी हमलों का सामना किया है। 11वीं शताब्दी में महमूद गजनवी के भतीजे सालार मसूद द्वारा, जिसे महान राजा सुहेलदेव ने विफल कर दिया था।

18वीं शताब्दी में अवध (अवध भी) के नवाबों ने यहां राज्य बनाया। बाद में, नवाबों ने अपनी राजधानी लखनऊ स्थानांतरित कर दी, और अयोध्या एक बार फिर उपेक्षा और खंडहर में गिर गई। पोस्टइंडिपेंडेंट अवॉइड्स ने अयोध्या को फिर से सुर्खियों में ला दिया, और हाल ही में, 2019 में, इस स्थल को श्री राम को समर्पित एक भव्य मंदिर परिसर के लिए हिंदू समुदाय को सौंपा गया था।

अयोध्या बौद्धों, जैनियों और सिखों के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण स्थल है। बुद्ध ने पड़ोसी श्रावस्ती में अपने प्रवास के अलावा यहां समय बिताया था। पांच जैन तीर्थंकरों का जन्म यहीं हुआ था और गुरु नानक देव सहित सिख गुरुओं ने अपने आध्यात्मिक संदेश का प्रचार करने के लिए यहां का दौरा किया था।

अयोध्या एक विशिष्ट महानगरीय जुड़ाव का भी आनंद उठाता है, जो 48 ई।पू। से चला आ रहा है, जब, कोरियाई क्रॉनिकल सैमगुक युसा के अनुसार, सुरीरत्ना, एक स्थानीय राजकुमारी के बारे में कहा जाता है कि वह 2,200 लोगों के साथ कोरिया की ओर रवाना हुई थी। जहाज डूब गया और सुरीरत्ना किनारे पर बह गई। करक राजवंश के कोरियाई राजा सु-रो ने उससे शादी की, और तब से उसे हुह/हियो ह्वांग-ओक के नाम से जाना जाने लगा। आज तक, कई दक्षिण कोरियाई लोग इस शहर को अपना ननिहाल मानते हैं। 2001 में रानी का एक स्मारक बनाया गया, जिसे दक्षिण कोरिया से आए पत्थरों का उपयोग करके बनाया गया था।

## हनुमान गढ़ी

अयोध्या के दूसरे सबसे महत्वपूर्ण मंदिर तक पहुंचने के लिए कठिन सफर करना पड़ता है। प्रत्येक कोने में बुर्जों वाली यह दृढ़ संरचना, श्री राम के भक्त और भयंकर रक्षक हनुमानजी को समर्पित मंदिर का प्रतीक है। इसलिए, यह काफी उपयुक्त है कि यह रामकोट की पहाड़ी रूपरेखा पर राम जन्मभूमि मंदिर स्थल के काफी करीब है। तीर्थयात्रियों को श्री राम के मंदिर में जाने की अनुमति लेने के लिए पहले हनुमान के दर्शन करने पड़ते थे। कहानी यह है कि हनुमान रामकोट पर अपने सुविधाजनक स्थान से अयोध्या के रक्षक भी हैं। वास्तव में हनुमान की मूर्ति काफी छोटी है, लगभग 6", लेकिन यह उस गहरी श्रद्धा को कम नहीं करती है जो यह मंदिर विशेष रूप से हनुमान जयंती और राम नवमी के अवसर पर आकर्षित करता है, जब यह पूरी तरह से जगमगाता है।

## दशरथ महल

राजा दशरथ के महल के स्थान पर स्थित, यह वह जगह है जहां श्री राम और उनके भाई-बहनों ने अपना बचपन और किशोरावस्था बिताई थी, इसके शांतिपूर्ण अंदरूनी हिस्सों और आंगन में धर्मग्रंथों का पाठ और सुखदायक भजन सुने जाते हैं। मंदिर में राम और सीता और भाइयों लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न की मूर्तियाँ हैं, भवन को बड़ा अस्थान और बड़ी जगह भी कहा जाता है। राम विवाह, दीपावली, श्रावण मेला, चैत्र रामनवमी और कार्तिक मेला के उत्सवों के दौरान इसकी उदासी टूट जाती है। दशरथ महल धार्मिक मनोरंजन के लिए कोई अजनबी नहीं है और इसमें सरयू नदी के किनारे जल शो और महान महाकाव्य के बड़े पैमाने पर पुनर्मूल्यांकन का मंचन किया गया है।

## सुग्रीव किला

सभी लोकों से परे आध्यात्मिक शांति में डूबा, सुग्रीव मंदिर अयोध्या शहर के हनुमान गढ़ी क्षेत्र में स्थित है और एक एएसआई स्थल है। इस जादुई मंदिर की शक्ति ऐसी है कि कहा जाता है कि यह देखते ही दुश्मनों को खदेड़ देता है और नष्ट कर देता है। श्री राम के भाई राजा भरत ने अपने वनवास से अयोध्या लौटने पर प्रसिद्ध सुग्रीव किला का निर्माण किया था। इस मंदिर को धार्मिक शिक्षण का प्रशिक्षण केंद्र भी माना जाता है। यहां रामनवमी, गुरु पूर्णिमा और जन्माष्टमी जैसे त्योहार धूमधाम से मनाए जाते हैं।

अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले ही इसके लकड़ी से बने विभिन्न मॉडल की मांग कई गुना बढ़ गई है। इन मॉडल (प्रतिकृति) को बनाने वाली एक इकाई ने दावा किया कि अमेरिका और न्यूजीलैंड से भी मॉडल की खरीद के ऑर्डर मिल रहे हैं। मॉडल में रामजन्मभूमि स्थल पर निमार्णाधीन भव्य मंदिर के डिजाइन को दशार्या गया है। मॉडल एक आधार पर खड़े हैं जिस पर हिंदी में लिखा है- ह्यश्री राम मंदिर अयोध्या' या ह्यश्री रामजन्मभूमि मंदिर अयोध्याह्ण। दुकानदारों के अनुसार, मंदिर के इन मॉडल के अलावा, भगवान राम के नाम वाली धातु की अंगूठियां, लॉकेट और अन्य कपड़े की वस्तुएं भी अयोध्या की दुकानों पर हाथों हाथ बिक रही हैं। एक टीम ने एक कार्यशाला का दौरा किया जो अयोध्या के पड़ोसी फैजाबाद शहर के सहादतगंज इलाके में ऐसे सामानों की बिक्री करती है। इस बीच आइए जानते है कि मंदिर के बारे में कुछ खास बातें।।।अयोध्या के विरासत क्षेत्र शहर के सबसे लोकप्रिय पर्यटक स्थलों का एक विशाल कैनवास हैं। प्राचीनता और धार्मिक महत्व के घाटों और मंदिरों से भरे, ये भारत के शीर्ष आध्यात्मिक केंद्रों में से एक, अयोध्या में जीवित विरासत का एक असाधारण उदाहरण हैं, जिसे हिंदू ग्रंथों में श्री राम का जन्मस्थान और पारिवारिक घर बताया गया है। रिवरसाइड हेरिटेज जोन में कई घाट और मंदिर शामिल हैं, दोनों पुराने और नए। मठों और निर्मित विरासतों के साथ-साथ 18वीं शताब्दी से लेकर आज तक कुलीनों और प्रमुख नगरवासियों द्वारा निर्मित अनेक आलीशान इमारतें बिखरी हुई हैं।

रामकोट हेरिटेज जोन में कई घाट और हिंदू मंदिर भी हैं। राम जन्मभूमि की सुरक्षा को बाधित करने से बचने के लिए, कानून द्वारा रामकोट के आसपास किसी भी नए निर्माण की अनुमति नहीं है।

मणि पर्वत क्षेत्र वह जगह है जहां मणि पर्वत (एक टीला) स्थित है, और यह 400 ई।पू। का है। यह पहाड़ी राम-सीता मंदिर और वार्षिक श्रवण झूला महोत्सव के उत्सव के लिए जानी जाती है।

## मंदिर ट्रस्ट के द्वारा दी गई जानकारी

मंदिर परम्परागत नागर शैली में बनाया जा रहा है।

मंदिर की लंबाई (पूर्व से पश्चिम) 380 फीट, चौड़ाई 250 फीट तथा ऊंचाई 161 फीट रहेगी।

मंदिर तीन मंजिला रहेगा। प्रत्येक मंजिल की ऊंचाई 20 फीट रहेगी। मंदिर में कुल 392 खंभे व 44 द्वार होंगे।

मुख्य गर्भगृह में प्रभु श्रीराम का बालरूप (श्रीरामलला सरकार का विग्रह), तथा प्रथम तल पर श्रीराम दरबार होगा।

मंदिर में 5 मंडप होंगेः नृत्य मंडप, रंग मंडप, सभा मंडप, प्रार्थना मंडप व कीर्तन मंडप खंभों व दीवारों में देवी देवता तथा देवांगनाओं की मूर्तियां उकेरी जा रही हैं।

मंदिर में प्रवेश पूर्व दिशा से, 32 सीढ़ियां चढ़कर सिंहद्वार से होगा।दिव्यांगजन एवं वृद्धों के लिए मंदिर में रैम्प व लिफ्ट की व्यवस्था रहेगी।

मंदिर के चारों ओर चारों ओर आयताकार परकोटा रहेगा। चारों दिशाओं में इसकी कुल लंबाई 732 मीटर तथा चौड़ाई 14 फीट होगी।

परकोटा के चारों कोनों पर सूर्यदेव, मां भगवती, गणपति व भगवान शिव को समर्पित चार मंदिरों का निर्माण होगा। उत्तरी भुजा में मां अन्नपूर्णा, व दक्षिणी भुजा में हनुमान जी का मंदिर रहेगा।

## मंदिर के समीप पौराणिक काल का सीताकूप विद्यमान रहेगा।

मंदिर परिसर में प्रस्तावित अन्य मंदिर- महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, निषादराज, माता शबरी व ऋषिपत्नी देवी अहिल्या को समर्पित होंगे।दक्षिण पश्चिमी भाग में नवरत्न कुबेर टीला पर भगवान शिव के प्राचीन मंदिर का जीर्णो?द्धार किया गया है एवं तथा वहां जटायु प्रतिमा की स्थापना की गई है।

मंदिर में लोहे का प्रयोग नहीं होगा। धरती के ऊपर बिलकुल भी कंक्रीट नहीं है।

मंदिर के नीचे 14 मीटर मोटी रोलर कॉम्पेक्टेड कंक्रीट (फउउ) बिछाई गई है। इसे कृत्रिम चट्टान का रूप दिया गया है।

मंदिर को धरती की नमी से बचाने के लिए 21 फीट ऊंची प्लिंथ ग्रेनाइट से बनाई गई है।

मंदिर परिसर में स्वतंत्र रूप से सीवर ट्रीटमेंट प्लांट, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, अग्निशमन के लिए जल व्यवस्था तथा स्वतंत्र पॉवर स्टेशन का निर्माण किया गया है, ताकि बाहरी संसाधनों पर न्यूनतम निर्भरता रहे। 25 हजार क्षमता वाले एक दर्शनार्थी सुविधा केंद्र का निर्माण किया जा रहा है, जहां दर्शनार्थियों का सामान रखने के लिए लॉकर व चिकित्सा की सुविधा रहेगी।

मंदिर परिसर में स्नानागार, शौचालय, वॉश बेसिन, ओपन टैप्स आदि की सुविधा भी रहेगी।

मंदिर का निर्माण पूर्णतया भारतीय परम्परानुसार व स्वदेशी तकनीक से किया जा रहा है। पर्यावरण-जल संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कुल 70 एकड़ क्षेत्र में 70% क्षेत्र सदा हरित रहेगा।

# महर्षि रमण : सदी के महान संत



महर्षि रमण (जन्म- 30 दिसम्बर, 1879, तिरुचुली गाँव, तमिलनाडु; मृत्यु- 14 अप्रैल, 1950, रमण आश्रम, तमिलनाडु) बीसवीं सदी के महान संत थे, जिन्होंने तमिलनाडु स्थित पवित्र अरुनाचला पहाड़ी पर गहन साधना की थी। उन्हें केवल भारत में ही अपितु विदेशो में भी शांत ऋषि के रूप में जाना जाता है। उन्होंने आत्म विचार पर बहुत बल दिया था। रमण महर्षि के संपर्क में आने पर असीम शांति का अनुभव होता था। आज भी लोग शांति कि खोज में तिरुवन्नामलाई स्थित रमण महर्षि के आश्रम अरुनाचला पहाड़ी और अरुनाचलेश्वर मंदिर में जाते हैं।

कुछ समय के पश्चात महर्षि अरुनाचला पर्वत पर 'विरुपाक्ष' नामक गुफा में रहने लगे। यहाँ पर भी भक्तों ने उनसे आध्यत्मिक प्रश्न करना जारी रखा। कुछ प्रश्नों का जवाब वे इशारों से और बाकी का जवाब लिखकर देते थे। यहीं पर 1902 में 'शिव प्रकासम पिल्लै' नामक व्यक्ति रमण के पास 14 प्रश्न स्लेट पर लिखकर लाये। इन्हीं 14 प्रश्नों के उत्तर रमण की पहली शिक्षाएँ है। इनमें आत्म निरीक्षण की विधि है, जो कि तमिल में नान यार और अंग्रेजी में हू एम आई के नाम से प्रकाशित की गयी। उस समय के प्रसिद्ध संस्कृत विद्वान गणपति आचार्य 1907 में रमण से मिलने गए और उनसे अपने आध्यत्मिक संदेह पर बात की। गणपति आचार्य ने बताया कि जो कुछ भी आध्यात्मिकता के बारे में पढा जा सकता है, मैंने पढा है, यहाँ तक कि वेदान्त शास्त्रों की भी मुझे पूर्ण समझ है। जप भी मैं अपने ह्रदय से करता हूँ। लेकिन फिर भी 'तपस' क्या है, अब तक समझ नहीं पाया हूँ? यही जानने के लिए आपकी शरण मैं आया हूँ। रमण 15 मिनट तक उनकी आँखों में शांत होकर देखते रहे और फिर बोले- अगर कोई यह देख पाए कि 'मैं' के भाव का उद्भव कहाँ से होता है तो उसका मन उसी स्थान पर अवशोषित हो जायेगा, और यही तपस है। अगर कोई देख पाए कि मंत्र बोलते समय मंत्र की ध्वनि कहाँ से पैदा होती है, तो उसका मन उसी स्थान पर अवशोषित हो जायेगा, और यही तपस है। यह रहस्योद्घाटन जानकर विद्वान शास्त्री ने उनके सामने आत्म-समर्पण कर दिया और उन्हें भगवान व महर्षि के नाम से संबोधित किया। शास्त्री ने बाद में रमण-गीता लिखी, जिसमें महर्षि की शिक्षाओं के बारे में बताया गया है। रमण महर्षि के शिष्यों ने उनके लिए एक आश्रम और मंदिर का निर्माण किया, जहाँ पर देश और विदेश से भक्त आकर रहते थे। 14 अप्रैल, 1950 की शाम के समय महर्षि ने सभी भक्तों को दर्शन दिए। आश्रम में सभी जानते थे कि अंत समय निकट है। सबने अरुनाचला शिव भजन गाया। महर्षि ने अपने सेवक से कहा कि- उन्हें बैठा दे। उन्होंने थोड़े समय के लिए अपनी चमकदार और अनुग्रहित आँखे खोली। उनके चेहरे पर मुस्कान थी और उनकी आँखों के बाहरी कोनो से आनंद के आंसू निकले। एक गहरी साँस के साथ वे शांत हो गये।

# विश्वास अंध विश्वास कितना सच कितना झूठ



पारंपरिक अंधविश्वास और टोटके : ऐसे बहुत से अंधविश्वास हैं, जो लोक परंपरा से आते हैं जिनके पीछे कोई ठोस आधार नहीं होता। ये शोध का विषय भी हो सकते हैं। इसमें से बहुत-सी ऐसी बातें हैं, जो धर्म का हिस्सा हैं और बहुत-सी बातें नहीं हैं। हालांकि इनमें से कुछ के जवाब हमारे पास नहीं है। उदारणार्थ-

- आप बिल्ली के रास्ता काटने पर क्यों रुक जाते हैं?
- जाते समय अगर कोई पीछे से टोक दे तो आप क्यों चिढ. जाते हैं?
- किसी दिन विशेष को बाल कटवाने या दाढी बनवाने से परहेज क्यों करते हैं?
- क्या आपको लगता है कि घर या अपने अनुष्ठान के बाहर नींबू-मिर्च लगाने से बुरी नजर से बचाव होगा?
- कोई छींक दे तो आप अपना जाना रोक क्यों देते हैं?
- क्या किसी की छींक को अपने कार्य के लिए अशुभ मानते हैं?
- घर से बाहर निकलते वक्त अपना दायां पैर ही पहले क्यों बाहर निकालते हैं?
- जूते-चप्पल उल्टे हो जाए तो आप मानते हैं कि किसी से लड़ाई-झगड़ा हो सकता है?
- रात में किसी पेड़ के नीचे क्यों नहीं सोते?
- रात में बैंगन, दही और खट्टे पदार्थ क्यों नहीं खाते?
- रात में झाडू क्यों नहीं लगाते और झाड़ू को खड़ा क्यों नहीं रखते?
- अंजुली से या खड़े होकर जल नहीं पीना चाहिए।
- क्या बांस जलाने से वंश नष्ट होता है।

**विश्वास और अंधविश्वास**

ऐसे ढेरों विश्वास और अंधविश्वास हैं जिनमें से कुछ का धर्म में उल्लेख मिलता है और उसका कारण भी लेकिन बहुत से ऐसे विश्वास हैं, जो लोक परंपरा और स्थानीय लोगों की मान्यताओं पर आधारित हैं।



# गुरुवार को क्या नहीं करना चाहिए

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार बृहस्पति ग्रह की अनुकूलता के लिए कुछ ऐसे काम हैं, जो गुरूवार के दिन नहीं करने चाहिए। सुखद जीवन, शिक्षा, ज्ञान और धन इनकी कृपा से ही प्राप्त होता है। शास्त्रों के अनुसार कुछ ऐसे काम हैं जो गुरूवार के दिन नहीं करने चाहिए अन्यथा अनुकूल गुरू भी प्रतकूिल प्रभाव देता है।

## न करें ये काम

- पतिा, गुरू और साधु-संत बृहस्पतिा का प्रतिनिधि करते हैं। कभी भी इनका अपमान न करें।
- खिचड़ी न तो घर में बनाएं और न खाएं।
- नाखून नहीं काटने चाहिए।
- बाल नहीं धोने चाहिए। महिलाओं के लिए कहा जाता है की संपत्ति और संपन्नता सुख में कमी आती है।
- कपड़े नहीं धोने चाहिए।

## करें ये काम

- सूर्य उदय होने से पहले शुद्ध होकर भगवान विष्णु के समक्ष गाय के शुद्ध देसी घी का दीपक जलाएं।
- केसर अथवा हल्दी का तिलक मस्तक पर लगाएं।
- पीली चीजों का दान करें।
- संभव हो तो व्रत रखें।
- भगवान शिव पर पीले रंग के लड्डूअर्पित करें।
- केले के पेड़ का पूजन करें, प्रसाद में पीले रंग के पकवान अथवा फल अर्पित करें।
- केले का दान करें।
- पीले रंग का हार भगवान विष्णु को चढाएं।
- पीले रंग के कपड़े पहनें।
- नमक का सेवन न करें।
- 'ॐ नमो नारायणा' मंत्र का जाप करें, जिससे जिंदगी में आनन्द, कल्याण, स्थिरता और निस्तब्धता आएगी।

पूजा से संबंधित छोटी-छोटी बातें, ध्यान रखने से होते हैं भगवान प्रसन्न

15 दिसंबर-14 जनवरी 2017 तक ये काम करके खुद बनें अपने भाग्यविधाता

**शनि प्रदोषः** शनिदेव को कंट्रोल करती है ये शक्ति, सूर्यास्त के बाद करें ये उपाय

**21 नवंबर को करें उपायः** शत्रु होंगे नतमस्तक, मृत्युतुल्य रोग और प्रेत बाधा का होगा नाश

दैवीय शक्तियों को आर्किषत करते हैं ये भोजन, इच्छा के अनुसार होंगे सारे काम

सोमवार को चांदनी रात में करें कुछ खास, कमाई में होगी दिन दौगुनी-रात चौगुनी तरक्की होगी।

## स्पीड न्यूज

### ज्ञान दान को लेकर हुआ धन संग्रह



**घाघरा।** महात्मा गांधी पुस्तकालय में ज्ञान दान को लेकर कमेटी के पदाधिकारी ने सोमवार को घाघरा प्रखंड मुख्यालय में घूमकर धन संग्रह किया। साथ ही ग्रामीण दुकानदारों से अपने बच्चों को पुस्तकालय में भेज पढ़ाई की बात कही। इस क्रम में महात्मा गांधी पुस्तकालय प्रखंड कमेटी के सचिव अनिरुद्ध चौबे, कोषाध्यक्ष विजय साहू के नेतृत्व में कई सदस्यों ने मुख्यालय के कई दुकानदारों से मिला और पुस्तकालय में पढ़ने वाले बच्चो के लाभ और ज्ञान दान होने से उक्त पुस्तकालय के संचालन संबंधित कई बातों को बताया और लोगों से बच्चों के भविष्य सुधारने को लेकर व बच्चों को नौकरी के क्षेत्र में आगे बढ़ाने को लेकर धन संग्रह किया। मौके पर अमित ठाकुर, जसवंत महतो, झरी उरांव, आशीष सोनी, रूपेश साहू, विपिन साहू, जितेंद्र कुमार शामिल थे।

### उर्दू प्रशिक्षित सहायक शिक्षक संवर्ग को मरणशील संवर्ग घोषित करने का विरोध



**गुमला।** झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के द्वारा इंटरमीडिएट उर्दू प्रशिक्षित सहायक शिक्षक संवर्ग को मरनशील संवर्ग घोषित करते हुए नियुक्ति पद को समाप्त करने की अधिसूचना शिक्षक प्रोन्नति नियमावली 2024 के नाम से जारी की गयी है। जिसका विरोध राज्य के पूरे मुस्लिम समुदाय के द्वारा की जा रही है। कार्यक्रम में अंजुमन इस्लामिया ट्रस्ट गुमला के सचिव सुहैब आलम अधिवक्ता, प्रवक्ता मो खुर्शीद आलम, अन्य पदाधिकारी मुर्तुजा आलम, मो साजिद, परवेज आलम, फैयाज आलम, राहत अफजल, मो फरहान आदि शामिल हुए शामिल हुए। यह जानकारी प्रवक्ता अंजुमन इस्लामिया ट्रस्ट के मो खुर्शीद आलम ने दी।

### नवंबर दिसंबर माह में समाज का होगा सामाजिक मिलन समारोह सह वनभोज

**गुमला।** जिला उरांव सरना कल्याण समिति की बैठक दीप नारायण उरांव की अध्यक्षता में हुई। जिसमें विगत कार्यक्रमों की समीक्षा हुई। साथ ही प्रत्येक वर्ष होने वाले सामाजिक मिलन सह पिकनिक कार्यक्रम के संबंध में गहन विचार विमर्श किया गया। चूंकि समिति के माध्यम से सामाजिक मिलन सह पिकनिक कार्यक्रम नागफेनी नदी के तट पर वृहत पैमाने पर किया जाता है। जिसमें समाज के सभी वर्ग का जुटान होता है। इस वर्ष जनवरी माह और फरवरी माह में अहम सरकारी परीक्षाएं एवं मैट्रिक तथा इंटर की परीक्षा होना तय है। जिसमें सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी के साथ–साथ अभिभावक गण भी अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हो जाते हैं। बैठक में कमलेश उरांव, सागर उरांव, पुनई उरांव, सुख बिहारी उरांव, गोविंद टोप्पो, बसंत उरांव, बलकु उराव, भैया राम उरांव, जौरा उरांव सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।

### देवस्थल में कलश यात्रा के साथ छह दिवसीय भागवत महापुराण कथा शुरू



**लोहरदगा।** देवस्थल शंति नर्ग किस्को मोड़ में छह दिवसीय श्री महाभागवत महापुराण कथा के आयोजन को लेकर कलश यात्रा की गयी। जिसमें बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने शंख नदी से जल उठाया और जयकारे लगाते हुए देवस्थल पहुंचकर कलश यात्रा संपन्न हुई और श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का बितरण किया गया। देव स्थल में दिनांक 15 से 21 जनवरी तक वाराणसी से आये हुए पंडित अमरनाथ चौबे प्रतिदिन प्रातः 8 से 12 बजे तक दैनिक पूजन एवं परायन और दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक भागवत कथा कर रहे हैं। कार्यक्रम में देवस्थल मंदिर कमेटी के सदस्यों जय श्री राम समिति विहिप के सदस्यों और बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी थे।

### बेरोजगारी और शोषण के विरुद्ध न्याय यात्रा रहेगी जारी : सुखैर भगत



**लोहरदगा।** भारत न्याय यात्रा का मुख्य उद्देश्य बेरोजगारी एवं शोषण के विरुद्ध है यह यात्रा अपने निर्णायक पड़ाव तक जारी रहेगा। कांग्रेस के लोकप्रिय नेता राहुल गांधी द्वारा चलाए जा रहे भारत में न्याय यात्रा का आगमन जल्द झारखंड में भी होने जा रहा है। इस निमित्त प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी आदेश के अनुरूप जिला कांग्रेस कमेटी भी तैयारी को लेकर कमर कर चुकी है। उपरोक्त बातें कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखेर भगत ने सोमवार को राजेंद्र भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। मौके पर जिप अध्यक्ष रीना कुमारी के अलावे मोहन दुबे, नेसार अहमद, दीपक महतो समेत अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

# जनजाति परिवार इस साल अपने नये पक्के घर में मनायेंगे दीपावली : पीएम मोदी

## बिशुनपुर पठारी क्षेत्र की विलुप्तप्राय आदिम जनजाति शशि किरण बृजिया से पीएम ने की जन मन की बात

■ 10 वर्षों से कोशिश है कि हर हकदार और जरूरतमंद तक पहुंचे योजनाएं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** पीएम जन मन महाअभियान के तहत सोमवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिशुनपुर प्रखंड के जोभी पाठ पंचायत अंतर्गत टूटवापानी निवासी विलुप्तप्राय आदिम जनजाति शशि किरण बृजिया से सीधी बात की। महिला ने बताया कि परिवार में सात सदस्य हैं महिला समूह से जुड़कर खेती-बाड़ी करती है।

साथ ही फोटोकॉपी मशीन खरीदा है और सिलाई मशीन भी खरीदी है। जिससे स्वरोजगार से जुड़कर काम कर रही है। उसने आगे कहा कि गांव तक पहुंचाने के लिए रोड बन रही है। नल जल योजना के तहत पानी मिलता है। पिताजी को खेती बारी के लिए पैसा मिला है। प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ है। इसके अलावा कृषि लोन का भी लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने कई बिंदुओं पर महिला से बातचीत की उसने आगे कहा कि दोना पत्तल और अचार बनाने की योजना है। जिसके लिए ट्रेनिंग लेगी। पहाड़ी क्षेत्र तक योजनाओं का लाभ पहुंचा। इसके लिए संपूर्ण गुमला जिले की तरफ से महिला ने प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि 10 वर्षों से लगातार कोशिश हो रही है कि हर इलाके में हकदार और जरूरतमंद तक योजनाओं कल पहुंचे और यही मोदी की गारंटी है।



महिला को केंद्र सरकार की विभिन्न योजना का लाभ प्रदान करते केंद्रीय मंत्री, सांसद व अन्य।



इसी महिला से पीएम नरेंद्र मोदी ने की बात।

**कार्यक्रम में से थे मौजूद :** कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा सहित सांसद सुदर्शन भगत, सांसद समीर उरांव, भाजपा नेत्री आशा लकड़ा, पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव, उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, उप विकास आयुक्त हेमंत सती, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, विकास भारती विशुनपुर के कार्यकर्ता व कृषि विज्ञान केंद्र के सदस्य उपस्थित थे।

### मोदी की गारंटी मतलब गारंटी के पूर्ण होने की गारंटी : पीएम

नरेंद्र मोदी ने सीधी बात करने के उपरांत जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि नमस्कार, जोहार, राम-राम, आज पूरा देश उत्सव मना रहा है। अयोध्या में दीपावली का माहौल है। आज देश के एक लाख अति पिछड़े जनजातीय परिवार को घर बनाने के लिए पैसे ट्रांसफर किए जा रहे हैं। घरों का निर्माण कार्य जल्द शुरू हो और जनजातीय परिवार के लोग इस साल की दीपावली अपने नए पक्के मकान में मनाए। उन्होंने कहा कि 10 साल में 4 करोड़ गरीबों को पक्का मकान दिया गया है।

### केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने परिसंपत्तियों का किया वितरण

जनजातीय मामले सह कृषि विभाग के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कार्यक्रम में लाभुको के बीच करोड़ों रुपए की परिसंपत्ति का वितरण किया। उन्होंने कहा कि 75 पीवीटीजी जाति के 39 लाख आबादी तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित है। दो माह पूर्व महाअभियान की शुरूआत हुई और 8000 से अधिक गांव में कैंप लगाए गए। आजादी के 75 साल तक कोई लाभ नहीं मिला था। लेकिन प्रधानमंत्री के लक्ष्य निर्धारण का परिणाम है कि आज गांव गांव तक योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है।

### केंद्रीय मंत्री ने किया स्टॉल का निरीक्षण

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद सुदर्शन भगत, राज्यसभा सांसद समीर उरांव, भाजपा नेत्री आशा लकड़ा सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। इसके उपरांत मेडिकल यूनिट वैन को हरी झंडी दिखलाकर रवाना किया। मेडिकल यूनिट वैन गांव गांव पहुंच कर ग्रामीणों का निशुल्क उपचार करेगी। वही स्टॉल का निरीक्षण करने के उपरांत मीडिया से मुखातिब हुए।

# केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को मिला राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण

■ केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए विहिप कार्यकर्ताओं ने दिया निमंत्रण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** विकास भारती बिशुनपुर के प्रांगण में बिशनपुर खंड कार्यवाह श्री बिंदेश्वर साहू के नेतृत्व में विकास भारती के संस्थापक पद्मश्री डॉ अशोक भगत, केंद्रीय जनजाति कल्याण मंत्री एवं कृषि कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा एवं राज्यसभा सांसद सह अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव के साथ विकास भारती के कई गणमान्य लोगों को अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा अभियान के निमित्त निमंत्रण दिया गया एवं आग्रह किया गया कि जन सामान्य के बीच उद्घाटन समारोह के दिन बृहत संख्या में दीपोत्सव आदि का कार्यक्रम करते हुए समाज के सभी लोगों को इसके लिए प्रेरित करने का प्रयास करें एवं जगह-जगह भक्ति मय कार्यक्रम का आयोजन हो ऐसा प्रयास करें।



केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पद्मश्री अशोक भगत समेत अन्य लोगों को आमंत्रण पत्र देते विहिप के सदस्य।

■ मौके पर विभाग प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के श्रीमान शम्मी जी महेंद्र भगत जी संतोष झा भिखारी भगत जी योगेश जी सुदीप जायसवाल सुबोध साहू विजय जायसवाल आदि उपस्थित थे।

## केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा पहुंचे लोहरदगा, कई संस्थाओं ने किया स्वागत

# नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बुलंदी को छू रहा भारत: अर्जुन मुंडा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** बिशुनपुर से रांची जाने के क्रम में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का गुरुकुल शांति आश्रम लोहरदगा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम पर कई संस्थाओं ने उन्हें स्वागत किया। जिसमें सेवा भारती, भाजपा, विश्व हिंदू परिषद, आर्य वीर एवं महिला शक्ति ने भी अंग वस्त्र एवं पुष्प देकर उन्हें सम्मानित किया। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि आज हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश प्रकृति की ओर में बढ़ते चला जा रहा है। आज गुमला जिला के बिशनपुर में प्रधानमंत्री जी से वीडियो कॉन्फ्रेंस से सीधा संवाद किया गया। जिसमें इन जिलों में कई योजनाओं पर प्रधानमंत्री ने सहमति प्रदान की। किसानों के उत्थान, कई सड़कों के साथ-साथ इस क्षेत्र में बनने वाले प्रधानमंत्री आवास योजना के राशि में बढ़ोतरी करने की सहमति दी है। मंच का संचालन दीपक मुखर्जी एवं धन्यवाद ज्ञापन ओमप्रकाश सिंह ने किया। कार्यक्रम पर आचार्य शरद चंद्र आर्य, ओम प्रकाश सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, दीपक मुखर्जी, दीपक सर्राफ, राजमोहन राम, अजय पंकज, जयप्रकाश शर्मा भी थे।



लोगों से बातचीत करते केंद्रीय मंत्री व अन्य।

# गांव-ग्रामीणों का विकास मेरी प्राथमिकता : डॉ रामेश्वर उरांव

■ मनोकामना सिद्ध बाबा भोलेनाथ मंदिर प्रांगण में मकर संक्रांति पर मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कैरो।** लोहरदगा जिला अंतर्गत कैरो प्रखंड के सढ़ाबे पंचायत स्थित खरता-हनहट दक्षिणि कोयल नदी तट स्थित अतिप्राचीन मनोकामना सिद्ध बाबा भोलेनाथ मंदिर प्रांगण में मकर संक्रांति पर सुबह में पूजा अर्चना, प्रसाद वितरण, भंडारा व झारखंड के मशहूर कलाकारों द्वारा दिन भर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक सह झारखंड सरकार में खाद्य आपूर्ती एवं वित्त विभाग के मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि इस पावन स्थल में लोगों की मांग पर विवाह मंडप का निर्माण किया है जिसका आज विधिवत उद्घाटन हुआ ताकि क्षेत्र के लोग इस मनोरम जगह पर अपनी धार्मिक कार्य को कर सके। विधायक मद आम जनता से जुड़ी कार्यो के लिए ही हुआ करता है और मैं ग्रामीण क्षेत्र में घूम घूम कर ऐसे जरूरत को हर संभव देने का काम करता रहूंगा।



कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि व मौजूद अन्य।

### प्रस्ताव दें, होगी तत्काल पहल

उन्होंने कहा कि इस स्थल को विकसित करने के लिए जैसे ही प्रस्ताव आयेगा तो तत्काल उसपर पहल किया जायेगा। कार्यक्रम के लिए आयोजक समिति को बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक के रुप में मांडर क्षेत्र के पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने कहा की इस पावन स्थल के बारे में वर्षो से जानकारी मिलती रही है किंतु इस बारे आने का मौका मिला और ऐसे छोटे किन्तु प्रकृति के समीप मंदिर का होना और इस तरह का आयोजन निश्चित रूप से बड़ा ही मनमोहक है और भोलेनाथ से अपेक्षा होगी कि हर बार यहां आने का मौका मिले। कार्यक्रम में पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की पत्नी सह आजसू नेत्री नीरू शांति भगत ने कहा की प्रकृति के इतने करीब भगवान भोलेनाथ का वास होना और इस तरह का सुंदर कार्यक्रम होने से जहाँ एक तरफ अपनापन बढ़ता है वहीं दूसरी तरफ क्षेत्र का विकास भी होता है। कार्यक्रम में मेला के मुख्य संगरक्षक भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री विंदेश्वर उरांव ने कहा कि भगवान का विशेष कृपा है कि इस स्थल पर आने का सौभाग्य मिलता रहा है जहाँ आज के दिन से मकर रेखा में सूर्य प्रवेश करती है वहीं पूरे प्रकृति में आज से एक नई उमंग दिखाई देता है। कार्यक्रम में चान्हो जिप सदस्य आशुतोष तिवारी, कैरो जिप सदस्य सुखदेव उरांव, स्थानीय मुखिया सुमित्रा उरांव, पंसस सीमा भगत, बिपिन सिंह आदि भी थे।

## मकर संक्रांति पर हीरदाह में भव्य मेला का हुआ आयोजन



■ सांसद, पूर्व विधायक सहित कई लोग हुए शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रायडीह।** प्रखंड के हीरादह धाम में मकर संक्रान्ति और राम दरबार के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विराट धार्मिक मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ और कलश हीरादह धाम के शंख नदी से जल उठाकर मंदिर में कलश स्थापना किया गया। उसके बाद दोपहर 1 बजे से 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन का शुभारंभ किया गया। हरे रामा हरे कृष्णा के साथ वातावरण भक्तिमय हो गया। द्वितीय दिन अखंड हरि कीर्तन का समापन किया गया।

## 18 से 65 वर्ष के सभी स्वस्थ लोग करें रक्तदान : प्रदीप गुप्ता

**गुमला।** मिशन बदलाव सदस्य सह अगदबोध फाउंडेशन के निदेशक प्रदीप गुप्ता ने रिम्स में इलाजरत गिरिडीह निवासी महिला मुनिया देवी की जीवन रक्षा को लेकर रक्तदान किया। मरीज महिला को मदद की जरूरत थी और उनको बी पाजिटिव ब्लड की जरूरत थी। रिम्स में ईलाज के दौरान महिला को हड्डियां का ऑपरेशन भी हुआ है। मिशन बदलाव टीमके व्हाट्सएप ग्रुप से जब मदद की मांग की गयी तो समस्या को समझते हुए उन्होंने रिम्स में जाकर ब्लड डोनेट किया।

## कोनकेल में जंगली हाथियों ने मचाया उत्पात, घर ध्वस्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चैनपुर।** मुख्यालय के कोनकेल में सोमवार की अहले सुबह करीब 3:30 बजे ग्रेगोरी मिंज के घर को तीन जंगली हाथियों ने ध्वस्त कर दिया गया। साथ ही घर में रखे सामानों को नष्ट कर दिया। घटना के संबंध में पीड़ित घर मालिक ग्रेगोरी मिंज ने बताया कि सोमवार की अहले सुबह करीब 3:30 अचानक घर की दीवार गिरने की आवाज आयी। तभी गांव वालों के चिल्लाने की आवाज सुन समझ गये कि हाथी घर की दीवार को गिरा दिया है। बाहर निकल कर देखे तो एक जंगली हाथी घर के दीवाल को धांस रहा है और घर में रखे धान को निकाल कर खा रहा है। किसी तरह जान बचाकर सभी परिवार के सदस्य भागे सभी गांव वाले घर से निकलकर टॉर्च वा डंडे लेकर हाथी को भगाने लगे।

### महिला मंडल सहयोग संचालन समिति की बैठक आज

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल से जुड़ी महिला मंडल सहयोग संचालन समिति गुमला जिला इकाई की महत्वपूर्ण बैठक 16 जनवरी को गुमला में आयोजित की गई है। विदित हो कि 8 मार्च महिला दिवस पर रांची में होनेवाली महिला मंडल सहयोग संचालन समिति की केंद्रीय महिला सम्मेलन की तैयारी को लेकर झारखंड के जिलों में बैठक हो रही है। जिसके तहत गुमला जिला में बैठक कर 8 मार्च को केंद्रीय महिला सम्मेलन में गुमला जिला से भी हजारों महिला प्रतिनिधियों की भागीदारी के लिए 16 जनवरी 2024 को जिला स्तरीय बैठक बुलायी गयी है। बैठक में गुमला जिला के सभी प्रखंड प्रभारी को आमंत्रित की गई है। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह भाग लेंगे। यह जानकारी पुष्पा उरांव ने दी है।

### नेहरू युवा केंद्र ने मनाया समाज सेवा दिवस




**सिसई।** युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार ने रेफरल अस्पताल सिसई के कुपोषण उपचार केंद्र में सोमवार को नेहरू युवा केंद्र संगठन गुमला ने समाज सेवा दिवस मनाया। इस दौरान नेहरू युवा केंद्र संगठन के प्रखंड एन वाई वी और समाज सेवियों ने कुपोषण उपचार केंद्र में ईलाज कराने आए कमजोर बच्चों के बीच फल, बिस्किट और पौष्टिक आहार का वितरण किया गया। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के गुमला जिला अध्यक्ष सुनील कुमार भगत, समाजसेवी अनुज साहु, राजु साहु, संदीप साहु, बिपिन कुमार, कृष्णा साहु, एन सी जूही तब्शुम, एएन एम सबिता कुमारी, कुक दुर्गी खेरवार, सफाई कर्मी पूनम देवी सहित कुपोषण उपचार केंद्र में ईलाज कराने आए बच्चे और उनके माताएं मौजूद थे।

### एक दूसरे की मदद करना ही मानव धर्म है : एसपी



**लोहरदगा।** जिले में लगातार ठंड बढ़ती जा रही है। साथ ही तापमान में भी गिरावट देखने को मिल रहा है। ठंड को देखते हुए कई जगहों पर अलाव का इंतजाम किया जा रहा हैं। वही जिले के शहरी क्षेत्र के बालिका उच्च विद्यालय प्रांगण में पूर्व डिप्टी चेयरमैन बलराम साहू के द्वारा गरीब जरूरतमंद और असहाय लोगो के बीच 1000 कंबल का वितरण किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिले के पुलिस कप्तान हारिस बिन जमां शामिल हुए। मुख्य अतिथि पुलिस कप्तान हारिस बिन जमां ने कहा सभी धर्मो में मानव कल्याण के लिए सिखाया जाता है, ताकि लोग गरीबों का मदद कर सके। एक दूसरे का मदद करना ही मानव धर्म है इसलिए जब भी मौका मिले गरीब और जरूरतमंदों की मदद जरूर करें जिससे समाज में एक नई ऊर्जा स्थापित होगी।

# कामरेड महेंद्र सिंह की शून्यता को कभी नहीं भरा जा सका : काशीनाथ केवट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** सोमवार को महा जननायक शहीद महेंद्र सिंह का उन्नीसवीं शहादत दिवस है। कॉमरेड महेंद्र सिंह जैसे जननायक झारखंडी जनता के लिए कई मायने में प्रेरणास्त्रोत बने हुए हैं। उनकी सादगी का जीवन,अपने और अपने परिवार हितों से बिल्कुल परे जनता व समाज हित के संघर्ष में निरंतर समर्पित रहना व्यवहारिक जीवन में उनका आदर्श था। वे बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी और बौद्धिक बल के जननेता थे। कठिन से कठिन सवालों का सटीक ब्याख्या कर सुनने वालों में जादुई प्रभाव डाल लेते थे कॉमरेड महेंद्र सिंह। कॉमरेड महेंद्र जी से हमारी मुलाकात 1985 के आसपास गिरिडीह जेल में हुई थी। तब गिरिडीह जेल में बंद हमारे गाँव के एक व्यक्ति के बेल के लिए मैं वहाँ गया था। वहीं पता चला कि महेंद्र सिंह इसी जेल में बंदी हैं। महेंद्र जी के बारे में मैंने पहले से सुन रखा था। मेरी जिज्ञासा जाग उठी और मैं सीधे गिरिडीह जेल गेट में पहुँच गया। जहां उनसे मेरी मुलाकात हुई। फिर हम दोनों के बीच गहन राजनीतिक चर्चा हुई। फिर तो मैं अनेकों बार उनसे मुलाकात के लिए गया। हर मुलाकात में काफी देर तक राजनीतिक चर्चा करते थे महेंद्र जी। उन्हें कोई रोकता टोकता नहीं था। मेरी जिज्ञासा हुई कि एक बंदी के मुलाकाती का समय निर्धारित हुआ करता है, फिर महेंद्र जी को इतनी छूट कैसे ? इससे जानने के लिए मैने दूसरे दिन कई बन्दियों से बातें की। बंदियों ने बताया कि कैसे अपने तार्किक बातों से महेंद्र सिंह ने जेल के अधिकारियों को भी अपने आगोश में ले रखा था। दरअसल जेल को उन्होंने एक प्रयोगशाला के रूप में प्रयोग किया था। वे जेल में रहकर भी जनसंघर्षों को लगातार ऊर्जा देते और जनता पर होनेवाले जुल्मोसितम के विरुद्ध जेल के बंदियों को गोलबंद कर मुखर आवाज उठाते थे। एक निर्विवाद जननेता के रूप में प्रतिष्ठित महेंद्र सिंह ने गिरिडीह जेल को अपने कला कौशल का उपयोग कर संघर्ष के मैदान में तब्दील कर दिया। आखिरकार, इस संघर्ष ने सर्वोच्च न्यायालय का ध्यान आकर्षित किया और न्यायालय ने जेल प्रशासन के कार्यों पर कड़ी फटकार लगाई। उल्लेखनीय है कि 1978 में सीपीआई एमएल में शामिल होने के बाद से ही महेंद्र सिंह पर प्रशासन द्वारा दमनचक्र चलाया जा रहा था। कई बार उन्हें झूठे आरोपों में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। 1985 में उन्हें हत्या के एक झूठे मुकदमें में गिरफ्तार कर लिया गया और आजीवन कारावास की सजा भी सुनाई गई। 1988 में, रांची हाई कोर्ट की खंडपीठ ने महेंद्र सिंह को इस टिप्पणी के साथ रिहा कर दिया कि कमजोर लोगों के उत्पीड़न के खिलाफ लड़ने के कारण उन्हें झूठे आरोपों में फंसाया गया था। 1990 में महेंद्र सिंह पहली बार बगोदर से विधायक चुने गए। 1995 में उन्होंने एक बार फिर बगोदर सीट जीती और 2000 में वह तीसरी बार फिर से चुने गए। झारखंड बनने के बाद भी वह चुनाव जीते और सदन में सीपीआई (एमएल) से एकमात्र विधायक होने के बावजूद उन्हें संपूर्ण विपक्षी दल संकट के समय इन्हें ही तारणहार मानते थे।

# टुसू मेला में शामिल हुए मंत्री बन्ना गुप्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर/ गम्हरिया।** जमशेदपुर के सोनारी दोमुहानी तट पर भव्य टुसू मेला का आयोजन किया गया है। मेला का आनंद लेने बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंच रहे हैं। मेले में मुर्गा लड़ाई के अलावा अन्य मनोरंजन के साधन है जिसका लुत्फ लोग उठा रहे हैं। आज मेले देखने झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता भी पहुंचे जिनका आयोजकों ने अभिनंदन कर गर्मजोशी से स्वागत किया।

दूसरी ओर, सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया प्रखंड के पालूबेड़ा स्थित जय मां पाउंड़ी क्लब सिकितदोह की ओर से मकर संक्रांति के अवसर पर भव्य मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व जिप सदस्य सुधीर चंद्र महतो ने विधिवत फीता काटकर किया। इस मौके पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि टुसु पर्व झारखंड की संस्कृति की पहचान है। इस संस्कृति को बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से मेले का लुत्फ उठाने की अपील किया। इस मौके पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रसिद्ध झूमर सम्राट संतोष महतो एन्ड टीम के कलाकारों को आमंत्रित किया गया था।



सिकितदोह में टुसू मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम का दृश्य।

# ओलंपिक क्वालीफायर : इटली पर बड़ी जीत दर्ज कर सेफा में जगह बनाने उतरेगी भारतीय टीम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पहला मैच गंवाने के बाद दूसरे मैच में जीत दर्ज करके अपना अभियान पटरी पर लाने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम मंगलवार को यहां इटली की कम रैंकिंग वाली टीम पर बड़ी जीत दर्ज करके एफआइएच महिला ओलंपिक क्वालीफायर के सेमीफाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेगी। विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज भारत की टूनार्मेंट में शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसे पूल बी के अपने पहले मैच में 12वें रैंकिंग वाले अमेरिका से 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। सविता पूनिया की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने हालांकि अपने दूसरे मैच में न्यूजीलैंड को 3-1 से हराकर पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को कायम रखा। एशियाई खेलों के जरिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद भारतीय टीम के पास इस साल होने वाले ओलंपिक खेलों में जगह बनाने का यह आखिरी मौका है। इस टूनार्मेंट में शीर्ष पर रहने वाली तीन टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी। अमेरिका दो मैच में जीत दर्ज करके पूल बी में शीर्ष पर है जबकि भारत और न्यूजीलैंड के तीन-तीन अंक हैं। गोल अंतर में हालांकि भारतीय टीम न्यूजीलैंड से पीछे है। ऐसी स्थिति में भारत को विश्व में 20वें नंबर की इटली की टीम के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। दोनों पूल से पहले दो स्थान पर रहने वाली टीम सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। सेमीफाइनल गुरुवार को खेले जाएंगे। भारतीय टीम ने अगर अमेरिका के खिलाफ अपने शुरूआती मैच में लचर प्रदर्शन किया तो न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले मैच में उसने शानदार खेल दिखाया। टीम अब इटली के खिलाफ अपनी इस लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ रक्षा पंक्ति, मध्य पंक्ति और अग्रिम पंक्ति में शानदार तालमेल दिखाया। कोच यानेक शोपमैन को उम्मीद रहेगी कि टीम अगले मैच में भी इसी तरह का प्रदर्शन करेगी। भारत की सबसे बड़ी समस्या पेनल्टी कार्नर को गोल में नहीं बदल पाना है। उसने दो मैच में अभी तक 13 पेनल्टी कार्नर हासिल किए हैं लेकिन उनमें से केवल एक बार ही गोल कर पाया। इटली ने अभी तक अपने दोनों मैच गंवाए हैं और वह क्वालीफाई करने की दौड़ से बाहर हो गया है लेकिन उसकी टीम भारत के राह में रोड़ा बन सकती है और इसलिए सविता पूनिया की टीम अपने इस प्रतिद्वंद्वी को हल्के से लेने की गलती नहीं करेगी। भारतीय कोच शोपमैन ने अपने खिलाड़ियों को इटली से सतर्क रहने की हिदायत देते हुए कहा, यह मैच कड़ा हो सकता है क्योंकि इटली की टीम भी अर्जेंटीना की तरह साहसिक खेल खेलती है। हमें धैर्य बनाए रखना होगा। हमें हर हाल में पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलना होगा। भारत के लिए यह फायदे की बात है कि उसे अपना मैच अमेरिका और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले मैच के बाद खेलना है। इससे उसके सामने तस्वीर स्पष्ट होगी कि उसे कितने अंतर से जीत दर्ज करनी है।







## गुजरात ने कर्नाटक को छह रन से हराया

**अहमदाबाद।** स्पिनर सिद्धार्थ देसाई सात विकेट की बदौलत रणजी ट्रॉफी में एलिट ग्रुप-सी के रोमांचक मुकाबले में गुजरात ने कर्नाटक को छह रन से दिया है। चौथी पारी में कर्नाटक के सामने जीत के लिए महज 109 रनों का लक्ष्य था लेकिन गुजरात के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कर्नाटक को 103 रन पर समेट दिया। हालांकि एक समय कर्नाटक की टीम ने बिना विकेट खोए 50 रन बना लिये। उसके बाद गुजरात के स्पिनर सिद्धार्थ देसाई ने सात विकेट लेकर में कर्नाटक को ऑलआउट कर दिया।

## डीपफेक का शिकार बने तेंदुलकर, फर्जी वीडियो वायरल होने के बाद लोगों को किया सतर्क

**नयी दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने उस वीडियो को फर्जी बताया है जिसमें उन्हें और उनकी बेटी सारा को एक ऐप इस्तेमाल कर आसानी से पैसा कमाने के लिए कहा गया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल वीडियो में पृष्ठभूमि में तेंदुलकर को एक अलग व्यक्ति की आवाज के साथ दिखाया गया है। क्लिप में कहा गया कि तेंदुलकर की बेटी एक खास गेम खेलती है जिससे उन्हें पैसे कमाने में मदद मिलती है। क्लिप सामने आने के बाद तेंदुलकर ने सफाई देते हुए अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट डाला है। सचिन कहा कि वह 'टेक्नोलॉजी के बड़े पैमाने पर दुरुपयोग' को देखकर परेशान थे। उन्होंने 'गलत सूचना और डीपफेक के प्रसार' को रोकने की भी अपील की और लोगों से अधिक सतर्क और सावधान रहने को भी कहा। तेंदुलकर ने कहा, ये वीडियो फर्जी हैं। टेक्नोलॉजी का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग देखना परेशान करने वाला है। सभी से बड़ी संख्या में इस तरह के वीडियो, विज्ञापन और ऐप्स की रिपोर्ट करने का अनुरोध करें। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को शिकायतों के प्रति सतर्क और प्रतिक्रियाशील रहने की जरूरत है।

## 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल अंडर 14 फुटबॉल की तैयारी अंतिम चरण में



**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड की मेजबानी में 17 से 21 जानवरी तक आयोजित होने वाली 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल 2023-24 के अंतर्गत अंडर 14 बालक एवं बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता की तैयारी अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। प्रतियोगिता के मैच बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम, खेल गांव प्रैक्टिस ग्राउंड, बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी, मंदिर मैदान मोरहाबादी एवं विकास विद्यालय में खेले जाएंगे।

### टीमों का पहुंचना शुरू, पारंपरिक तरीके से हो रहा स्वागत

प्रतियोगिता के आयोजन सचिव धीरसेन सोरेंग ने बताया कि अभी तक हरियाणा,पंजाब, महाराष्ट्र, तेलंगाना, नवोदय विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय की टीमें रांची पहुंच चुकी है। स्टेशन पहुंचने पर टीमों का स्वागत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् द्वारा पारंपरिक तरीके से किया जा रहा है। 16 जानवरी को विद्या भारती, आंध्र प्रदेश, केरल, गुजरात, पुडुचेरी, मणिपुर, पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और जम्मू एवं शेष टीमें शाम तक रांची पहुंचेंगी। 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल की अध्यक्ष किरण कुमारी पासी (आइएएस) ने बताया कि खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा प्रदान करने के लिए विभाग कृतसंकल्पित है।

### प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम घोषित

**बालक टीम :** बादल उरांव, सुजीत मुर्मू, सुरेश उरांव, शीतल विक्टर कंडुलना, मोहित हेंब्रम, अजय उरांव, निखिल कुमार महतो, आशीष कुजूर, शुभम कुमार, संगल शुकुल मुंडा, सत्यम महतो, विकास मुर्मू, रिदम राज, विजय मुर्मू , अनिकेश उरांव, ऋषि कुमार, रणधीर कुमार सोरेन, प्रवीण उरांव एवं दीपक कुमार यादव शामिल हैं।

**बालिका :** माउटुशी मंडल, दीपिका कुमारी, बीना कुमारी, गौरी सिंह, सुनीता टुडू, सोनल मुंडा, उषा उरांव, रंजीता हेमब्रेम, मेरी हंसदा, आयुषी कुमारी, सूचिता ओरांव, प्रीती कुमारी, रीमा कुमारी, सिमरन कुमारी, अनुष्का कुमारी एवं राज शामिल हैं।

## प्रखर चतुर्वेदी ने फाइनल में ठोके 400 रन तोड़ा युवराज का 25 साल पुराना रिकॉर्ड

**एजेंसी**

**शिवमोगा।** कर्नाटक के बल्लेबाज प्रखर चतुर्वेदी ने भारत के प्रमुख अंडर-19 मल्टी-डे टूनार्मेंट कूच बिहार ट्रॉफी के फाइनल में मुंबई के खिलाफ एक पारी में 400 रन बनाकर भारतीय क्रिकेट इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया। कूच बिहार ट्रॉफी के फाइनल में युवराज सिंह के 25 साल पुराने सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए, चतुर्वेदी ने न केवल पहली पारी की बढ़त के आधार पर कर्नाटक के लिए जीत हासिल की, बल्कि क्रिकेट की दुनिया में भी अपना नाम दर्ज कराया। उनका नाबाद 404 रन अब टूनार्मेंट के इतिहास में दूसरा सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर बन गया है। कूच बिहार ट्रॉफी के फाइनल मैच में पिछला सर्वोच्च स्कोर युवराज का था, युवी ने दिसंबर 1999 में बिहार की टीम पर पंजाब की जीत (पहली पारी की बढ़त पर) में 358 रन बनाए थे, जिसमें एमएस धोनी भी शामिल थे। इस टूनार्मेंट में सर्वोच्च व्यक्तिगत रन का स्कोर विजय जोल के नाम है। जोल ने 2011-12 सीजन में असम के खिलाफ महाराष्ट्र के लिए 451 रन बनाए थे। चतुर्वेदी की पारी की शुरूआत कर्नाटक द्वारा मुंबई की पहली पारी में बनाए गए 380 रनों के जवाब के साथ हुई। कार्तिक एसयू के साथ पारी की शुरूआत करते हुए, दोनों ने शतकीय साझेदारी की। कार्तिक ने अर्धशतक लगाया, कार्तिक के आउट होने के बाद चतुर्वेदी ने हर्षिल धमानी के साथ मिलकर इतिहास रच दिया। चतुर्वेदी और धमाणी ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 290 रनों की जबरदस्त साझेदारी की, जिससे मुंबई की उम्मीदों पर पानी फिर गया और कर्नाटक को बढ़त मिल गई। धमाणी ने बेहतरीन शतकीय पारी खेलते हुए 169 रन बनाए। अंत में कर्नाटक ने चतुर्वेदी की कप्तानी पारी की बदौलत अपनी पहली पारी में 8 विकेट पर 890 रन बनाए और पहली पारी के आधार पर 532 रनों की बढ़त हासिल कर मैच अपना नाम किया।



### मुंबई की बोनस अंक के साथ लगातार दूसरी जीत

**मुंबई।** बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी ने मैच में 10 विकेट चटकाए जिससे मुंबई ने सोमवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच में आंध्र को 10 विकेट से हराकर बोनस अंक के साथ लगातार दूसरी जीत दर्ज की। फॉलोआन खेल रही आंध्र की टीम शेक रशीद (66) और हनुमा विहारी (46) की उपयोगी पारियों के बावजूद मुलानी (96 रन पर चार विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने दूसरी पारी में 73.4 ओवर में 244 रन पर सिमट गई। मुंबई को 34 रन का लक्ष्य मिला। मुलानी ने मैच में 161 रन देकर 10 विकेट चटकाए और प्रथम श्रेणी मैच में छठी बार 10 या इससे अधिक विकेट चटकाने में सफल रहे। मुंबई ने इसके जवाब में बिना विकेट खोए 8.4 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया और उसे एक बोनस अंक सहित सात अंक मिले। इस 41 बार के चैंपियन ने पहले दौर के मैच में बिहार को पारी और 51 रन से हराया था।

## बीसीसीआइ ने मंगाये आवेदन, सीनियर राष्ट्रीय चयनकर्ता को बदलने की तैयारी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पांच सीनियर राष्ट्रीय चयनकताओं में से किसी एक को बदलने के लिए सोमवार को आवेदन मंगाए और पूरी संभावना है कि नया चयनकर्ता पूर्व तेज गेंदबाज सलिल अंकोला की जगह लेगा क्योंकि पश्चिम क्षेत्र से चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर के रूप में पहले ही एक प्रतिनिधि है। बीसीसीआइ ने अपनी वेबसाइट पर विज्ञापन दिया है जिसमें चयनकर्ता के लिए वही योग्यता मांगी गई है जो 2 साल पहले मांगी गई थी। आवेदन करने वाले खिलाड़ी ने कम से कम सात टेस्ट मैच या 30 प्रथम श्रेणी मैच खेले हों। अगर उम्मीदवार ने 10 वनडे या 20 प्रथम श्रेणी मैच भी खेले हों तो वह भी आवेदन कर सकता है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 25 जनवरी है। पांच सदस्यीय चयन समिति में अगरकर (अध्यक्ष, मुंबई, पश्चिम क्षेत्र), एस शरथ (तमिलनाडु, दक्षिण क्षेत्र), एसएस दास (विदर्भ, मध्य क्षेत्र), सुब्रतो बनर्जी (बंगाल, बिहार, पूर्वी क्षेत्र) और अंकोला (मुंबई, महाराष्ट्र, पश्चिम क्षेत्र) शामिल हैं। बीसीसीआइ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, अजित अगरकर को छोड़कर बाकी सभी ने 31 दिसंबर 2023 को अपना एक साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है। उन्हें एक साल का अनुबंध दिया गया था। उन्होंने कहा, वैसे ऐसा कोई नियम नहीं है कि किसी एक क्षेत्र से दो चयनकर्ता नहीं हो सकते लेकिन बीसीसीआइ ने हमेशा एक क्षेत्र से एक चयनकर्ता रखने की रणनीति अपनाई है तथा चेतन शर्मा को बर्खास्त किए जाने के बाद उत्तर क्षेत्र का चयन समिति में कोई प्रतिनिधि नहीं है। सूत्रों ने कहा, इसके बाद चार चयनकताओं का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया गया जिसे चार साल तक प्रतिवर्ष बढ़ाया जा सकता है। दुर्भाग्य से लगता है कि सलिल को अपना पद छोड़ना होगा। साक्षात्कार के लिए कोई तिथि तय नहीं की गई है लेकिन संभावना है कि नया चयनकर्ता आइपीएल के दौरान अपना पद संभालेगा क्योंकि इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम तीन टेस्ट मैच के लिए टीम चुनने के बाद चयन समिति की कोई बैठक नहीं होगी।

## योगेश ने पुरुषों की 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल में जीता स्वर्ण

**जकार्ता।** भारत के योगेश सिंह ने सोमवार को एशियन शूटिंग चैंपियनशिप 2024 में 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल स्पर्धा में एक और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सोमवार को यहां खेले गये मुकाबले में भारतीय निशानेबाज ने नॉन-ओलंपिक डिस्पिलिन में 10 खिलाड़ियों में प्रिसिजन स्टेज में 573-288 और रैपिड स्टेज में 285 के स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। ओमान के मुआद अल बलुशी ने 570 अंक के साथ रजत पदक जीता, जबकि इंडोनेशिया के अनंग यूलियान्टो को 567 अंक के साथ कांस्य पदक मिला। इस प्रतिस्पर्धा में अन्य भारतीय निशानेबाजों में, पंकज यादव मामूली अंतर से यूलियान्टो के समान 567 स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहकर पदक से चूक गए।

## गॉफ दूसरे दौर में, मेदवेदेव को मिला वॉकओवर, मरे व वावरिंका बाहर

**ऑस्ट्रेलियन ओपन**

**एजेंसी**

**मेलबर्न।** अमेरिका की युवा स्टार कोको गॉफ ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में शानदार शुरूआत की। उन्होंने महिला एकल के पहले दौर में स्लोवाकिया की अन्ना करोलिना श्मीडलोवा को 6-3, 6-0 से हराया। गॉफ ने स्लोवाकिया की खिलाड़ी को सिर्फ एक घंटा में हरा दिया। 19 वर्षीय गॉफ का अगला मुकाबला हमवतन कैरोलिन डोलेहाइड से होगा। डोलेहाइड ने शुरूआती दौर में फ्रांस की क्वालीफायर लेओलिया जीनजीन को 6-2, 6-4 से हराया। पुरुष एकल में रूस के दानिल मेदवेदेव को वॉकओवर मिला। उनके खिलाफ खेलने उतरे फ्रांस के क्वालीफायर टेरेंस एटमाने चोट के कारण मैच के बीच में ही रिटायर हो गए। वह अपना पहला ग्रैंड स्लैम मैच खेल रहे थे। मेदवेदेव मैच रोके जाने के समय 5-7, 6-2, 6-4, 1-0 से आगे थे। एटमाने के आगे जारी नहीं रह पाने के कारण उन्हें वॉकओवर मिल गया। उनका अगला मुकाबला फिनलैंड के एमिल रुसुवुओरी से होगा, जिन्होंने पहले दौर में क्वालीफायर पैट्रिक किप्सन को हराया था।





### अगुट को शेल्टन ने हराया

अमेरिका के बेन शेल्टन ने स्पेन के रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट को 6-2, 7-6, 7-5 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। उन्हें इस मैच को जीतने में 2 घंटे 46 मिनट का समय लगा। शेल्टन का अगला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के क्रिस्टोफर ओ'कोनेल से होना है। क्रिस्टोफर ने चिली के क्रिश्चियन गरिन को 6-3, 5-7, 6-4, 1-6, 5-7 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई।

### एंडी मरे और स्टैन वावरिंका बाहर



पांच बार के उपविजेता एंडी मरे और 2014 के चैंपियन स्टैन वावरिंका ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में काफी शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन दोनों अनुभवी जोड़ी सोमवार को पहले दौर में ही बाहर हो गईं। मरे अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एटचेवेरी से 6-4, 6-2, 6-2 से हार गए। वहीं, वावरिंका को 20वीं वरीयता प्राप्त एड्रियन मन्नारिनो ने शिकस्त दी। मन्नारिनो ने यह मैच 6-4, 3-6, 5-7, 6-3, 6-0 से जीत लिया।

## ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए द. अफ्रीकी महिला टीम घोषित

**जोहान्सबर्ग।** क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने 27 जनवरी से 18 फरवरी तक होने वाले ऑस्ट्रेलिया के बहु-प्रारूप दौरे के सफेद गेंद चरण के लिए कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट के नेतृत्व में 15 खिलाड़ियों की महिला टीम की घोषणा की है। अफ्रीका टीम में अनुभवी ऑलराउंडर मारिजन कप्प और क्लो ट्राईटन भी हैं, जो लौरा के साथ महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) की नियमित खिलाड़ी रही हैं। क्लोए कमर की चोट के कारण हाल ही में डब्ल्यूबीबीएल सीजन के बाद से एक्शन से बाहर थीं। दक्षिण अफ्रीका के लिए अपना पहला एकदिवसीय चयन अर्जित करने वाली तेज गेंदबाज अयंदा ह्लुबी हैं, जिन्होंने पिछले साल दिसंबर में किंबरली में बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे टी20 में पदार्पण किया था।

## रवि, तिलक, वाशिंगटन व जितेश महाकाल की भस्म आरती में हुए शामिल

**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में सोमवार सुबह हुई भस्म आरती में भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी रवि बिश्नोई, तिलक वर्मा, वाशिंगटन सुंदर और जितेश शर्मा शामिल हुए। चारों खिलाड़ियों ने नंदी हॉल से बैठकर बाबा महाकाल की दिव्य भस्म आरती के दर्शन किए और बाबा का आशीर्वाद लिया। करीब दो घंटे तक भस्म आरती में शामिल होने के बाद चारों खिलाड़ी इंदौर के लिए रवाना हो गए। भस्म आरती के बाद जितेश शर्मा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मैं बाबा महाकाल का भक्त हूं और समय मिलने पर उनके दर्शन करने आ जाता हूं, यहां आकर मुझे अद्भुत आनंद की प्राप्ति होती है।

## इंडिया ओपन 2024 : इंडिया ओपन में चमक बिखेरने उतरेंगे भारतीय खिलाड़ी

### योनेक्स-सनराइज्ज इंडिया ओपन 2024 में 23 देशों के कुल 247 शटलर भाग लेंगे

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय और मौजूदा राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन लक्ष्य सेन सहित भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों की नजरें योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन 2024 के जरिये पेरिस ओलंपिक के लिए योग्यता हासिल करने पर होंगी। पिछले साल सुपर 500 से सुपर 750 का दर्जा प्राप्त, बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआइ) द्वारा आयोजित योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन, 16-21 जनवरी 2024 से नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में होने वाला है। यहां आयोजित एक प्रेस वार्ता में बीडब्ल्यूएफ के अध्यक्ष पॉल-एरिक होयर ने कहा, पिछले दशक में, भारत खेल की शक्तियों में से एक के रूप में उभरा है। योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन जैसे आयोजनों की इस घटना में महत्वपूर्ण भूमिका रही है, क्योंकि आने वाले खिलाड़ी और प्रशंसक सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को करीब से देखकर प्रेरित होते हैं। इस वर्ष अतिरिक्त उत्साह है क्योंकि घड़ी पेरिस 2024 के करीब आ रही है। मैं कामना करता हूं कि एचएसबीसी बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर पर यह सप्ताह निस्संदेह एक सुपर सप्ताह होगा, इसमें सभी शामिल होंगे। यह प्रतिष्ठित टूनार्मेंट भारतीय खिलाड़ियों को अपने घरेलू मैदान पर काफी उच्च रैंकिंग अंक अर्जित करने का अवसर प्रदान करेगा, जिससे पेरिस ओलंपिक के लिए योग्यता हासिल करने की उनकी उम्मीदें बढ़ जाएंगी। बीएआइ महासचिव संजय मिश्रा ने कहा, योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन लंबे समय से भारतीय बैडमिंटन के लिए एक विरासत टूनार्मेंट के रूप में खड़ा है। इस चैंपियनशिप ने हमेशा भविष्य के चैंपियनों के लिए एक मजबूत मंच और प्रजनन मैदान की भूमिका निभाई है। जैसा कि हम भारत में सबसे बड़े बैडमिंटन शो को देखने की तैयारी कर रहे हैं, रोमांचक माहौल और तीव्र प्रतिस्पर्धा इस कार्यक्रम को देश भर के प्रशंसकों के लिए एक अविस्मरणीय बनाने का वादा करती है। प्रणय ने कहा, योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन मेरे लिए बहुत महत्व रखता है, लेकिन यह वर्ष अतिरिक्त विशेष है क्योंकि यह ग्रीष्मकालीन ओलंपिक से पहले मेरी रैंकिंग में सुधार करने के लिए एक आधार प्रदान करेगा। घरेलू धरती पर खेलने से अतिरिक्त प्रोत्साहन मिलेगा।

शीर्ष वरीयता प्राप्त डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन, सिंगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू और एशियाई खेल 2022 के कांस्य पदक विजेता जापान के कोडाई नाराओका सहित पुरुष एकल बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग के मौजूदा शीर्ष 10 में शामिल सभी प्रतियोगिता में दिखेंगे। महिला एकल वर्ग में, तीन बार की चैंपियन थाईलैंड की रत्चानोक इंतानोन और दो बार की विश्व चैंपियन अकाने यामागुची व रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता नोजोमी ओकुहारा प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हैं। पुरुष एकल




में पांच, महिला एकल में चार, दोनों युगल श्रेणियों में दस-दस और मिश्रित युगल में आठ खिलाड़ियों के साथ, जापान टूनार्मेंट में सबसे बड़े दल के साथ उतर रहा है, जिसमें सभी श्रेणियों में कुल 37 खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। जापान के बाद, चीन ने 34 खिलाड़ियों वाला दूसरा सबसे बड़ा दल मैदान में उतारा है, उसके बाद चीनी ताइपे ने 23 खिलाड़ियों को शामिल किया है। प्रणय और सेन के साथ, 10 खिलाड़ियों वाले भारतीय दल का नेतृत्व पुरुष युगल में एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और पुरुष एकल वर्ग में पूर्व विश्व नंबर 1 किदांबी श्रीकांत करेंगे। महिला युगल में त्रिसा जॉली-गायत्री गोपीचंद और अश्विनी पोनप्पा-तनिषा क्रैस्टो की जोड़ियां रेस टू पेरिस रैंकिंग में अपनी स्थिति मजबूत करने का लक्ष्य रखेंगी।

# बिहार में सभी सड़क ऊपरी पुलों का होगा 'सुरक्षा निरीक्षण ऑडिट', पथ निर्माण विभाग ने अधिकारियों को दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार पथ निर्माण विभाग ने अधिकारियों को सभी सड़क ऊपरी पुलों का 'सुरक्षा निरीक्षण ऑडिट' करने का निर्देश दिया है। पथ निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता सोहेल अख्तर ने विभाग के सभी मुख्य अभियंताओं को लिखे पत्र में सभी आरओबी का 'सुरक्षा निरीक्षण ऑडिट' करने और उनके पहुंच पथों पर पर्याप्त 'क्रैश बैरियर' का निर्माण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है ताकि राज्य में रेलमार्गों पर वाहनों के गिरने की घटनाओं पर जल्द से जल्द अंकुश लगाया जा सके। मुख्य अभियंता ने 11 जनवरी को लिखे इस पत्र में अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया था कि आरओबी की पहुंच पथों पर 'क्रैश बैरियर'/बाड़ का निर्माण भारतीय सड़क कांग्रेस के निर्धारित मानकों के अनुसार किया जाना चाहिए। बिहार में आरओबी से रेलमार्गों पर वाहनों के गिरने की घटनाओं में वृद्धि के संबंध में रेलवे बोर्ड द्वारा 10 नवंबर, 2023 को एक पत्र लिखकर चिंता प्रकट करने के बाद ये निर्देश जारी किए गए हैं। मुख्य अभियंता के पत्र में कहा गया है, 'रेलवे बोर्ड ने आरसीडी को लिखे एक पत्र में बिहार में आरओबी से रेलमार्गों पर वाहनों के गिरने की घटनाओं में वृद्धि पर चिंता व्यक्त की है। ऐसी घटनाओं के पीछे प्राथमिक कारण पहुंच पथों पर पर्याप्त सुरक्षा बाड़ की अनुपस्थिति है। इसलिए सभी आरओबी का सुरक्षा निरीक्षण ऑडिट करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए प्राथमिकता के आधार पर संपर्क सड़कों पर क्रैश बैरियर बनाने के निर्देश जारी किए जाते हैं।" पत्र में कहा गया है, 'जियोटैग की गई तस्वीरों के साथ कार्यवाही रिपोर्ट (एटीआर) जल्द से जल्द आरसीडी मुख्यालय को भेजी जानी चाहिए ताकि इसे आगे के विचार के लिए रेलवे बोर्ड को भेजा जा सके।

## पार्किंग के झगड़े में गयी चार की जान

### बुजुर्ग की हत्या के बाद लोगों ने कार सवारों को मार डाला



खबर मन्त्र संवाददाता

**औरंगाबाद।** कार पार्किंग को लेकर शुरू हुए झगड़े में चार लोगों की जान चली गयी। इनमें से तीन की मौत पिटाई से हुई, जबकि, एक बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या की गयी। बिहार के औरंगाबाद जिले के नबीनगर थाना क्षेत्र के तेतरिया मोड़ के पास की घटना है। पार्किंग को लेकर कार पर सवार लोगों ने बुजुर्ग शख्स की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान महुअरी गांव के रहनेवाले रामशरण चौहान के रूप में की गयी। हत्या के बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गये और कार सवार दो अपराधियों की पीट-पीटकर मार डाला। दो अन्य अपराधी ग्रामीणों की पिटाई से गंभीर रूप से घायल हो गये। बाद में एक और शख्स ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

**कार पार्किंग से शुरू हुआ झगड़ा**

बताया जाता है कि दुकान के आगे कार खड़ा करने को लेकर दुकानदार से विवाद के बाद कार में बैठे चार लोगों में से एक ने पिस्टल से दुकानदार पर गोली चला दी। गोली दुकानदार के बगल में बैठे एक ग्रामीण को लगी, जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गये। इलाज के लिए नबीनगर अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही मौत हो गयी। इसके बाद आक्रोशित हुए स्थानीय लोगों ने मौके पर ही कार में सवार चारों लोगों की जमकर पिटाई कर दी, जिससे दो की मौत हो गयी। दो की हालत चिंताजनक बनी हुई थी। इसमें से भी एक की मौत हो गई। घटना जपला-नबीनगर रोड पर हुई। तेतरिया मोड़ के पास की घटना है। अपराधियों की गोली से मरने वाले की पहचान नबीनगर थाने के महुअरी गांव निवासी रामशरण चौहान (60) के रूप में की गयी।

**भीड़ ने दो को मार डाला, एक गंभीर**

वहीं, ग्रामीणों के आक्रोश का शिकार बनकर मारे गये तीन अपराधियों और एक घायल की अभी पहचान नहीं हो सकी है। इन्हें नबीनगर रेफरल अस्पताल में इलाज के बाद बेहतर ट्रीटमेंट के लिए बड़े अस्पताल में रेफर किया गया है। मामले की जानकारी मिलते ही औरंगाबाद के सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) मो. अमानुल्ला खां घटनास्थल पर पहुंचे। मौके पर नबीनगर थाने की पुलिस कैम्प कर स्थिति पर नजर बनाए हुए है। फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसल) पटना की टीम को घटनास्थल पर बुलाया गया। घटना की पुष्टि करते हुए एसडीपीओ ने बताया कि हमलावरों की अभी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी है।

## राबड़ी आवास में दही चूड़ा के भोज का आयोजन

### सीएम नीतीश सहित कई नेता हुए शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता



**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में आज मकर संक्रांति का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस मौके पर राबड़ी आवास में भी मकर संक्रांति धूमधाम से मनाई गई, जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ-साथ महागठबंधन के कई नेता नजर आए। मकर संक्रांति के अवसर पर राबड़ी आवास में दही चूड़ा के भोज का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में महागठबंधन के कई नेताओं को निमंत्रण दिया गया था। इस भोज में विशेष रूप से बिहार के नीतीश कुमार को बुलाया गया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ मंत्री संजय झा, ललन सिंह, विजय चौधरी के साथ पैदल ही राबड़ी आवास में पहुंचे। बता दें कि मुख्यमंत्री राबड़ी आवास में करीब 10 मिनट रहे और फिर वहां से रत्नेश सदा के आवास पर आयोजित दही चूड़ा भोज में शामिल होने के लिए निकल गए। बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा, 'जब से महागठबंधन बना है तब से भाजपा घबराई हुई है। जिस हिसाब से नौकरियां दी जा रही हैं, आरक्षण बढ़ाया गया, जाति आधारित गणना की गई इन सबसे लोगों में डर है। कोई कुछ भी कहे इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। इस मौके पर तेजस्वी यादव ने कहा कि मंत्रिमंडल के सारे नेता यहां आए हैं। मैंने उनका स्वागत किया है। यहां दही चुड़ा और कई प्रकार की सब्जियों की व्यवस्था की गई है, जिसे लोग बहुत मन से खा रहे हैं। यह हमारे यहां पुरानी परंपरा रही है, लालू जी के समय भी ऐसा होता रहा है। वहीं विरोधी दल भाजपा ने तेजस्वी के द्वारा दिए बयान पर कहा कि वह लोग घबराए हुए हैं। हमने कई अच्छे काम किए हैं, जैसे कि जातीय जनगणना, लोगों को नौकरियां देने का काम, यह लोग डर गए हैं, इसलिए ऐसी बयानबाजी कर रहे हैं।

## हंसडीहा ने रांगा टीम को चार विकेट से हराया

**हंसडीहा।** हंसडीहा स्थित हाई स्कूल क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित चिराग कप क्रिकेट टूनार्मेंट का समापन सोमवार को हो गया।टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला हंसडीहा एवं रांगा टीम के बीच खेला गया। हंसडीहा की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। वहीं रांगा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में सात विकेट खोकर हंसडीहा की टीम को 94 रन का लक्ष्य दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी हंसडीहा की टीम ने चार विकेट खोकर चार गेंद शेष रहते ही लक्ष्य को हासिल कर लिया। हंसडीहा की ओर से शुभम ने सर्वाधिक 40 रन बनाए जबकि उमाकांत ने छक्का जड़कर टीम को जीत दिलाई। फाईनल मैच में मेन ऑफ द मैच केशव कुमार तथा सीरीज चंदन राणा को दिया गया। विजेता व उपविजेता टीम को लोक जनशक्ति पार्टी के युवा नेता अंकित सिन्हा ने कप प्रदान कर किया।

## मेगा इवेंट कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** आज बोआरीजोर प्रखंड के बाबूपुर पंचायत भवन के मैदान में कार्यक्रम आयोजित की गई। उक्त कार्यक्रम के दौरान जनजाति कार्य मंत्रालय द्वारा देश के पीवीटीजी समुदायों के 100 जिलों में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आज माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न जिले के पीएम जनमन के लाभुकों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया गया और विभिन्न योजनाओं का लाभ पाकर उनके जीवन में हुए परिवर्तन के बारे में जानकारियां ली गई। ज्ञात हो कि 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में अनुसूचित जनजाति (एसटी) की आबादी 10.45 करोड़ है, जिसमें 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के 75 समुदायों को विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के रूप में पहचाना गया है। ये पीवीटीजी सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक क्षेत्रों में कमजोरियों से जूझ रहे हैं। 2023-24 में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों को बढ़ाने के लिए एक प्रधानमंत्री पीवीटीजी विकास मिशन शुरू किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण तक बेहतर पहुंच, साथ ही बढ़ी हुई सड़क और दूरसंचार कनेक्टिविटी और पीवीटीजी के घरों और आवासों के लिए स्थायी आजीविका के अवसर जैसी आवश्यक सुविधाएं प्रदान करना है। व्यापक आईईसी अभियान शुरू में 100 जिलों में शुरू किया गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य इन जनजातीय समुदायों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करके पीवीटीजी परिवारों को व्यक्तिगत अधिकारों और बस्तियों को बुनियादी सुविधाओं से संतृप्त करना है।

## खबर एक नजर में

### भूकंप से बचने और बचाने के लिए एसडीआरएफ की टीम ने दिया प्रशिक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** एस डी आर एफ की टीम द्वारा आपदा मित्रों को मॉक डील कर बारीकी से भूकंप के दौरान बचाने और एक दूसरे का बचाव करने के बारे में बताया गया। प्रशिक्षक द्वारा बताया गया कि भूकंप के दौरान व्यक्ति को झुक जाना चाहिए। अपने सर को किसी ठोस वस्तु से ढक लेना चाहिए। मकान के कोने या पिलर के निकट दीवार को पकड़ ले। भूकंप के समय मजबूत टेबल, चौकी पलंग या जो भी ठोस वस्तु दिखाई पड़े उसके नीचे छिप जाए।

गिरने वाली वस्तुओं से दूर रहें। कमरे के अंदरूनी कोने के पास रहे।यदि किसी बड़े हॉल,सिनेमा घर, मॉल,अपार्टमेंट, कार्यालय में हो तो अपनी जगह पर शांत रहें। झटका रुकने पर कतारबद्ध बाहर निकले। भूकंप के बाद गैस सिलेंडर बंद कर दें। बिजली स्विच को ऑफ कर दें। बिजली पोल, विज्ञापन बोर्ड पेड़ से दूर रहें। लिफ्ट का उपयोग नहीं करें।भूकंप के समय अपने आसपास सुरक्षित स्थानों की पहचान कर लें और कमरे के अंदरूनी किनारे के पास रहे गिरने वाली वस्तुओं से दूरी बनाए रखें।सबसे पहले अपने सर को बचाएं।

बिजली पोल, निमार्नाधीन मकान, पेड़, टेलीफोन खंभे के पास न जाएं।एवं भगदड़ की स्थिति में बिल्कुल नहीं आवे। भूकंप के दौरान कमजोर मकान के ढहने से जान माल की क्षति होती है। इसलिए भूकंपरोधी मकान बनाएं। इस दौरान कुछ बातों का ध्यान रखें मकान निर्माण में बालू एवं गिट्टी को पॉलिथीन सीट से ढक कर रखें। ईंट को जोड़ने से पहले चार से छह घंटे तक साफ पानी में डूबाकर रखें। दीवारों के जोड़ पर बैंड में छड़ को सही तरीका से बांध दें।दो ईंट के बीच 10 से 12 एम एम का गैप रखें। गैप में पूरा-पूरा मसाला भरे। स्टील चारों को कंक्रीट के अंदर छुपाने के लिए छड़ों के नीचे कभर ब्लॉक लगावें।

## पेज 1 का शेष

### सीएमओ ने इडी...

**इडी पर दुर्भावना से प्रेरित होने का आरोप :** इडी ने पत्र में लिखा था, कि इससे पहले आपको पत्र (समन) भेज कर सात दिनों का समय दिया गया था। इन सात दिनों में दो दिन के अंदर आपको उपयुक्त जगह बताने और बयान दर्ज कराने का समय दिया गया था। लेकिन आप ने इडी पर दुर्भावना से प्रेरित होकर काम करने का आरोप लगाया। आपने कानून का पालन नहीं किया। आप इडी द्वारा भेजे गये कानून सम्मत समन का अनुपालन करें और दो दिनों के अंदर बयान दर्ज कराने के लिए जगह और समय बतायें। समन का अनुपालन नहीं करने की स्थिति में निदेशालय इसका अनुपालन कराने के लिए बाध्य होगा। आपका बयान दर्ज करने के लिए खुद ही आपके पास पहुंचेगा। ऐसी स्थिति में विधि- व्यवस्था बनाये रखना आपकी जिम्मेदारी है। इसलिए अपने ही स्तर से राज्य के मुख्य सचिव और डीजीपी को विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए उचित निर्देश दें।

### श्री रामलला की नयी...

**पुरानी मूर्ति :** चंपत राय ने बताया कि पुरानी मूर्ति मंदिर परिसर में ही रहेगी। वर्तमान में भगवान श्रीरामलला की मूर्ति की पूजा अर्चना की जा रही है, उन्हें भी नए मंदिर के गर्भ गृह में ही स्थापित किया जायेगा। नयी प्रतिमा के साथ-साथ उनकी भी एक समान पूजा अर्चना होगी। भगवान की वर्तमान प्रतिमाएं जिनकी उपासना, सेवा, पूजा लगातार 70 साल (1950 से) से चली आ रही है, वो भी मूल मंदिर के मूल गर्भ गृह में ही उपस्थित रहेंगी। जैसे अभी उनकी पूजा और उपासना की जा रही है, वैसी ही 22 जनवरी से भी अनवरत की जायेगी। उन्होंने ये भी बताया कि पुरानी प्रतिमाओं के साथ-साथ श्रीरामलला की नई प्रतिमा को भी अंग वस्त्र पहनाये जाएंगे। वर्तमान में जिस मंदिर में श्रीरामलला की पूजा होती है, वहां श्रीरामलला अपने तीनों भाइयों के संग विराजमान हैं।

### मेरी सरकार का 10 साल...

**आदिवासी भाई-बहनों में कमाल की दूरदृष्टि :** पीएम ने कहा कि मेरे आदिवासी भाई बहन भले ही दूर दराज के इलाकों में रहते हों, लेकिन दूरदृष्टि कमाल की होती है। आज आदिवासी समाज देख और समझ रहा है कि कैसे हमारी सरकार जनजातीय संस्कृति और उनके सम्मान के लिए काम कर रही है। केंद्र सरकार जो आकांक्षी जिला प्रोग्राम चला रही है उसका सबसे बड़ा लाभ हमारे आदिवासी भाई-बहनों को ही मिला है। हमने आदिवासी इलाकों तक बिजली और सड़क पहुंचायी है। हमने ऐसी व्यवस्था की है कि एक राज्य का राशन कार्ड दूसरे राज्य में भी चल जाए। ऐसे ही आयुष्मान भारत योजना है। इस योजना के तहत आपको देशभर में कहीं भी मुफ्त इलाज मिलेगी ही मिलेगा। अपने संबोधन में पीएम ने कहा कि 10 साल में 4 करोड़ गरीबों को पक्का मकान दिया गया है। उन्होंने कहा, देश तभी विकसित हो सकता है जब सरकारी योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंचे। मोदी ने कहा कि पीएम-जनमन लाभार्थियों से बात करके खुशी हुई। **जनजति समाज लाभान्वित हो यही उद्देश्य :** पीएम ने कहा कि सरकार की योजनाएं अति पिछड़े जनजातीय भाई-बहन तक पहुंचे, यही पीएम जनमन महाअभियान का उद्देश्य है। हमारे देश का विकास तभी हो सकता है जब समाज में कोई छूटे नहीं, हर किसी तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे। सरकार पूरी ताकत लगा रही है कि हमारे अति पिछड़े जनजातीय भाई-बहनों तक सरकार की हर योजना जल्द से जल्द पहुंचे। मेरा कोई अति पिछड़ा भाई-बहन अब सरकार की योजना के लाभ से छूटेगा नहीं। उन्होंने कहा, आज एक ओर जब अयोध्या में दीपावली मनाई जा रही है, तो दूसरी ओर एक लाख अति पिछड़े जनजातीय भाई-बहन जो मेरे परिवार के ही सदस्य हैं, ये मेरे जनजातीय परिवार, अति पिछड़े जनजातीय परिवार उनके घर दिवाली मन रही है, यह अपनेआप में मेरे लिए बड़ी खुशी है। **जिसे किसी ने नहीं पूछा, मोदी पूछता है :** पीएम ने कहा कि आज की राज-कथा बिना गरीब, बिना वंचित, बिना वनवासी भाई-बहनों के कल्याण के संभव ही नहीं है। इसी सोच के साथ हम लगातार काम कर रहे हैं। जिनको कभी किसी ने पूछा नहीं, उनको मोदी आज पूछता भी है और पूजता भी है। आज देश में वो सरकार है जो सबसे पहले गरीबों के बारे में सोचती है। जिनके पास कुछ नहीं है सबसे पहले हम उनके सुख दुख की चिंता कर रहे हैं। केंद्र सरकार जो आकांक्षी जिला प्रोग्राम चला रही है उसका सबसे बड़ा लाभ हमारे आदिवासी भाई-बहनों को ही मिला है। हमने आदिवासी इलाकों तक बिजली और सड़क पहुंचायी है। स्किल सेल अनीमिया के खतरों से आप सभी अच्छी तरह परिचित हैं। इस बीमारी से आदिवासी समाज की कई-कई पीढ़ियां प्रभावित रही हैं। अब सरकार कोशिश में जुटी है कि एक पीढ़ि से दूसरी पीढ़ी में जाने वाली ये बीमारी जड़ से समाप्त हो। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी मतलब गारंटी के पूरा होने की गारंटी। जनजाति परिवार के लोगों को एक-एक घर बनाने के लिए 2.5 लाख रुपये दिया जायेगा।

## प्रदूषण के स्रोतों का पता लगाने का अध्ययन शीघ्र शुरू होगा

**पटना।** बिहार सरकार ने मुजफ्फरपुर और गया शहरों में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने और वास्तविक समय पर वायु प्रदूषण के स्त्रोतों का पता लगाने के लिए ''वास्तविक समय स्त्रोत विभाजन अध्ययन'' कराने का निर्णय लिया है। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (बीएससीपीबी) के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया 'मुजफ्फरपुर और गया में यह अध्ययन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (दिल्ली और पटना) द्वारा किया जाएगा। बीएससीपीबी जल्द ही इस संबंध में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करेगा। एमओयू को अंतिम रूप दिया जा रहा है।'' वास्तविक समय स्त्रोत विभाजन अध्ययन (रीयल टाइम सोर्सेज अपोर्शनमेंट स्टडी..... आरटीएसए) किसी क्षेत्र में वायु प्रदूषण में वृद्धि के लिए जिम्मेदार कारकों जैसे वाहनों, धूल, बायोमास और उद्योगों से उत्सर्जन आदि की पहचान करने में मदद करता है और तदनुसार निवारक उपाय किए जा सकते हैं। बिहार की राजधानी पटना में पर्यावरण और सतत विकास संस्थान, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) पहले से ही इस तरह का अध्ययन कर रहा है जो कि सितंबर 2024 तक पूरा होने की उम्मीद है। प्रदेश के मुजफ्फरपुर और गया शहर में भी अब यह अध्ययन कराए जाने का निर्णय लिया गया है क्योंकि पटना के साथ राज्य के ये दोनों शहर भी वायु प्रदूषण के रुझान के मामले में 122 संवेदनशील शहरों में शामिल हैं।

## खूंटी के बिरहोर समुदाय के लोगों ने सुनी पीएम की बात

### केंद्रीय मंत्री पशुपतिनाथ पारस ने किया परिसंपत्ति का वितरण

**खूंटी (खबर मन्त्र संवाददाता)।** जिले के आदिम जनजाति बिरहोर समुदाय के लोगों ने सोमवार को अड़की प्रखंड मुख्यालय परिसर में पीएम मोदी का संबोधन सुनाष पीएम मोदी ने आदिम जनजाति बिरहोर समुदाय के लोगों को ऑनलाइन संबोधित किया। इस दौरान काफी संख्या में बिरहोर समुदाय के लोग पहुंचे थे। समारोह में शामिल केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण सह उद्योग मंत्री पशुपतिनाथ पारस ने बिरहोर समुदाय के लोगों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया। वह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे।

बिरहोरों ने बताया कि पीएम ने हमारे समाज के विकास की बात की है। यह बात सुनकर काफी अच्छा लगा। वहीं कुछ बिरहोरों ने कहा कि सबकुछ तो मिल गया है, अब बच्चों को पढ़ाना रह गया है। साथ ही बताया कि गांव की सड़कें काफी जर्जर हैं, अगर सड़कों का निर्माण करा दिया जाता तो बेहतर होता।

**मंत्री ने भी किया संबोधित :** केंद्रीय मंत्री पारस ने अड़की में बिरहोर समुदाय के लोगों से कहा कि आपने पीएम मोदी का संबोधन सुना और उन्होंने विस्तार से 10 वर्षों में आदिवासी कल्याण के लिए किये गये कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 2014 में जब मोदी को सत्ता संभालने का मौका मिला तो सबसे पहले उन्होंने दलित समाज की बेटी को राष्ट्रपति बनाया। फिर दूसरी बार सत्ता संभालने के बाद आपके समुदाय के बीच से आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाकर सम्मान दिया। श्री पारस ने कहा कि आजादी के 75 वर्षों बाद देश को ऐसा पीएम मिला जो गरीबों के हित की बात सोचते हैं। प्अपने शासनकाल में जितनी भी योजनाएं बनायी, उसमें गरीबों, दलितों, पिछड़ों और अति पिछड़ों के हित को ध्यान में रखा। पीएम ने वन नेशन वन राशन की व्यवस्था गरीबों के लिए की और मुफ्त में राशन वितरण कराया।

## झामुमो की प्रमंडलीय बैठक 21 जनवरी को

**दुमका।** झामुमो संताल परगना प्रमंडलीय कमेटी की 21 जनवरी को दुमका में बैठक होगी। इसकी जानकारी झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह पार्टी के प्रमंडलीय संयोजक विजय कुमार सिंह ने सोमवार को दी। उन्होंने बताया कि बैठक में क्षेत्र के सभी सांसद, विधायक, पूर्व विधायकों के साथ पार्टी केंद्रीय कमेटी, जिला कमेटी के सभी पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि बैठक में हर साल की तरह आगामी दो फरवरी को आयोजित होने वाले झारखंड दिवस समारोह के साथ आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी, सीएम के नेतृत्व में सरकार के साल के कार्यकाल के दौरान किये गये।

## श्रीराम उत्सव समिति 22 जनवरी को निकालेगी शोभायात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** श्रीराम उत्सव समिति की बैठक यज्ञ मैदान में आयोजित हुई। बैठक में 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले राम लल्ला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर दुमका शहर में भी उत्सव मनाने पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता आदित्य मंटू ओझा ने किया। बैठक में राकेश सिंह ने कहा श्रीराम लल्ला हमारे आराध्य एक बार फिर 500 वर्षो के बाद अयोध्या आ रहे हैं। उनके भव्य स्वागत के लिए हम दुमकावासी भी ललहित हैं। इसीलिए 22 जनवरी को दुमका के युवाओं के द्वारा यज्ञ मैदान परिसर से भव्य शोभायात्रा एवं बाइक रैली निकाली जाएगी। जो शहर के विभिन्न चौक चौराहा से होते हुए शहर का भ्रमण करेगी। बैठक में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल सहित शहर के सैकड़ो युवा उपस्थित हुए।बैठक में मीडिया प्रभारी नितेश वर्मा, यशराज वर्मा, सुनील मोदी, उत्तम कुमार, आदित्य चौरसिया, आनंद, विशाल झा, उत्तम कुमार, आदित्य मोनी, दुर्गेश झा, राकेश सिंह, अमन कुमार, गोविंदा, टोनी वर्मा, संजय झा, अभिषेक कुमार, ऋषभ, पवन वर्मा, विशाल गुप्ता, शुभम गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, अर्पित राज चौरसिया, आयुष चंद्रवंशी, प्रिंस कुमार, साकेत, सीतेश माही, केशव राठौड़,ओमदत तिवारी, केशव मिश्रा, अजय यादव, अंशु गुप्ता आनंद रावत वैभव सिंह सहित कई युवा मौजूद थे।

## पटना साहिब में बड़ी प्रभात फेरी के साथ 357 वें प्रकाश उत्सव का आगाज

### 'बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के लगे जयकारे

खबर मन्त्र संवाददाता



**पटना।** श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 357 वां प्रकाश उत्सव पर्व 2024 पटना साहिब में काफी धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसका शुभारंभ सोमवार सुबह बड़ी प्रभात फेरी के साथ हो गया है। ढोल, ताशा, नगाड़ा, घोड़ा, ऊंट के साथ पटना साहिब के गुरुद्वारा से प्रभात फेरी निकाली गई।

इस दौरान पूरा इलाका 'बोले सो निहाल, सत श्री अकाल', 'वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह' के जयकारों से गूंज उठा। पटना के अशोक राजपथ से मुख्य मार्ग होते हुए प्रभात फेरी वापस पटना साहिब गुरुद्वारा लौटी। बाहर से आई महिला संगतों ने प्रभात फेरी में गुरु के भजन गाकर समय बांधा। तीन दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में सोमवार से ही सिख समुदाय के लोग भक्ति में डूबे नजर आए।

भारतवर्ष से कई राज्यों से श्रद्धालुओं का आवागमन शुरू हो गया है। बता दें कि प्रकाश पर्व को लेकर प्रशासन ने भी अपनी तैयारी और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। इसे लेकर पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह और वरीय आरक्षी अधीक्षक राजीव मिश्रा ने पटना सिटी के गुरुद्वारा साहब प्रबंधन कमेटी के साथ बैठक करके सभी स्थितियों का जायजा लिया है। जिलाधिकारी ने सुरक्षा सहित बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का निर्देश अपने अधीनस्थ पदाधिकारी को दिया है। इसके अलावा वरीय आरक्षी अधीक्षक ने बाहर से आने वाले संगत के लिए सभी तरह की व्यवस्थाओं को करने का निर्देश पुलिस प्रशासन को दिया है।

# उत्तर भारत में ठंड का कहर जारी

## दिल्ली में 200 से ज्यादा हवाई उड़ानों पर कोहरे का असर



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने सोमवार को बताया कि उत्तरी मध्य प्रदेश, बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, झारखंड के कई हिस्सों में सोमवार को तापमान 8-10 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। पंजाब के लुधियाना में मैदानी इलाकों में सबसे कम न्यूनतम तापमान 1.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सोमवार की सुबह पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिम उत्तर प्रदेश, उत्तरी राजस्थान के अधिकांश हिस्सों तथा बिहार के अलग-अलग स्थानों में न्यूनतम तापमान 3-7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार, 18 जनवरी से उत्तर भारत में ठंड के साथ कोहरे से भी राहत मिलने के आसार हैं। वहीं, दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में अगले दो दिन और कड़ाके की ठंड रहने की संभावना है। पंजाब के कुछ हिस्सों में 16 जनवरी से दिन का तापमान काफी कम रहेगा। उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में 16 जनवरी को काफी ठंड रहेगी। इसके साथ बिहार, हरियाणा और चंडीगढ़ के कुछ हिस्सों में 16 जनवरी को भी ठिठुरती ठंड रहने की संभावना है।

दिल्ली में घने कोहरे का असर सोमवार की सुबह से ही रहा। इस कारण दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रनवे पर विजिबिलिटी बहुत कम रहने से बड़ी संख्या में उड़ानें प्रभावित हुईं। करीब 200 से ज्यादा हवाई उड़ानों पर कोहरे का असर पड़ा। देश के दूसरे हिस्सों हैदराबाद, लखनऊ, मुंबई, गोरखपुर, भुवनेश्वर आदि जगहों से आने वाली फ्लाइट कई-कई घंटे देरी से संचालित हुईं। इस कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ है। विभिन्न राज्यों से दिल्ली आने वाली 22 ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। ट्रेनें 1 से 5 घंटे तक की देरी से चल रही हैं।

**सरसों में रोग एवं कीड़ों की प्रबल संभावना :** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के पादप रोग विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ एसके विश्वास ने सोमवार को बताया कि कोहरे या ठंड में आसमान में बादल रहने से माहू कीट या चेपा का सरसों की फसल में आक्रमण अधिक होता है। उन्होंने कहा कि तिलहनी फसलों में सरसों का विशेष स्थान है। इस मौसम में कीट के हमले से बचाव के लिए इमिडाक्लोप्रिड घोल या नीम के तेल को तरल साबुन के साथ छिड़काव करना चाहिए।

## गुजरात में पतंगबाजी से सात लोगों की मौत

**अहमदाबाद।** मक्रर संक्रांति पर पतंगबाजी के मांझे की चपेट में आने से सात लोगों की मौत हुई है। राज्य के दाहोद, पंचमहाल, भावनगर और वलसाड में सात लोगों की गई जान। इस पर्व के पहले भी सूरत में एक युवती की जान पतंग के मांझे की चपेट में आने से हो गई थी। दाहोद के कंथोलिया में 10 वर्षीय बालक सिद्धार्थ (कक्षा 5 का छात्र) पतंग लूटने के दौरान अपनी जान गंवा बैठा। बालक बिजली के तार में फंसे पतंग को उतारने की कोशिश कर रहा था, जिस दौरान उसे तेज झटका लगा, जिससे उसकी जान चली गई। वलसाड के खाटकीवाल में पतंग उड़ाने के दौरान 6 वर्षीय बालक छत से नीचे गिरा। इससे उसकी मौत हो गई। पंचमहाल में पतंग के मांझे के कारण 7 वर्षीय बालक तरुण माछी का गला लहूलुहान हो गया। उसे शीघ्र अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। वडोदरा में वाघोडिया रोड के पास परिवार चौराहे पर चाइनीज मांझे की चपेट में आने से 20 वर्षीय अनिकेत की मौत हो गई।

## एक नजर में

### पीएम मोदी ने पुतिन से फोन पर की बात

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात की और विभिन्न सकारात्मक विकास पर चर्चा की। वे द्विपक्षीय विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए एक रोडमैप विकसित करने पर सहमत हुए। प्रधानमंत्री 2024 में रूस की ब्रिक्स प्रेसीडेंसी के लिए शुभकामनाएं दीं। नेताओं ने दोनों देशों के बीच हाल के उच्चस्तरीय आदान-प्रदान के बाद द्विपक्षीय सहयोग के कई मुद्दों पर प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों में विकास का सकारात्मक मूल्यांकन किया और भारत-रूस विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए भविष्य की पहल के लिए एक रोडमैप विकसित करने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री ने 2024 में रूस के ब्रिक्स की अध्यक्षता के लिए शुभकामनाएं दीं और भारत के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। दोनों नेता संपर्क में बने रहने पर सहमत हुए। बाद में प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति पुतिन से अच्छी बातचीत हुई। हमने अपनी विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी में विभिन्न सकारात्मक विकासों पर चर्चा की और भविष्य की पहल के लिए एक रोडमैप तैयार करने पर सहमति व्यक्त की।

### पाक में 150 पार्टियों को चुनाव चिह्न आवंटित

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने आगामी आम चुनावों में राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभा सीटों के लिए 150 राजनीतिक दलों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिये हैं। द न्यूज ने सोमवार को यह जानकारी दी। गत शनिवार को सुप्रीम कोर्ट द्वारा 'बल्ला' चुनाव चिह्न अमान्य घोषित कर दिये जाने फैसले के बाद ईसीपी वेबसाइट पर अपलोड की गई पार्टियों की सूची से देश की पिछली सत्तारूढ़ पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) गायब थी।

### श्रीलंका में 10 भारतीय मछुआरे गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका की नौसेना ने श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध शिकार कर रहे 10 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। नौसेना ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि उन्होंने रविवार रात चलाए गए एक विशेष अभियान के दौरान 10 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। नौसेना ने कहा कि उसने एक ट्रॉलर भी जब्त कर लिया है जिसमें मछुआरे सवार थे। जाफना के प्वाइंट पेड्रो के उत्तर में श्रीलंकाई जलक्षेत्र में भारतीय अवैध रूप से मछली पकड़ रहे थे।

### इंडोनेशिया में आग से छह की मौत, नौ घायल

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के मध्य जावा प्रांत के टेगल शहर में सोमवार सुबह तीन मंजिला कराओके लाउंज में आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। शहर पुलिस ने यह जानकारी दी। टेगल पुलिस प्रमुख रूली थॉमस ने कहा कि आग स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग आठ बजे लगी, जिसमें छह लोगों की मौत हो गयी और नौ अन्य घायल हो गये। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### गवर्नर रेनॉल्ड्स की लोकप्रियता घटी : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि आयोवा की गवर्नर किम रेनॉल्ड्स की लोकप्रियता बहुत तेजी से घटी है और महज दो सप्ताह में वह सर्वाधिक लोकप्रिय गर्वनर के शिखर से गिर कर सबसे कम गवर्नर के पायदान पर रह गयी हैं। श्री ट्रम्प ने इंडियनोला के आयोवा में अभियान रैली में अपने समर्थकों को संबोधित किया और कहा कि गवर्नर किम दो सप्ताह में समर्थकों के बीच सबसे कम लोकप्रिय गवर्नर रह गई हैं। यहां सोमवार को नामांकन वोट की प्रक्रिया शुरू हो रही है।

### केसीआर की बेटी को फिर इडी का समन

**हैदराबाद।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली शराब घोटाला मामले में सोमवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) एमएलसी कल्वाकुंतला कविता को नोटिस भेजा है। नोटिस में कल (मंगलवार) कल होने वाली पूछताछ में शामिल होने के लिए कहा गया है। नोटिस के बाद सभी की निगाहें इस बात पर हैं कि कविता इस समन के मुताबिक पूछताछ के लिए पहुंचेंगी या इसे नजरअंदाज करेंगी। उल्लेखनीय है कि पिछले साल मार्च में ईडी ने कविता से इस संबंध में कई बार पूछताछ की थी। इस बीच कविता ईडी के नोटिस के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा चुकी हैं।

# मकर संक्रांति पर गंगासागर में 65 लाख श्रद्धालु ने किया स्नान



**कोलकाता (हि.स.)।** गंगासागर में मकर संक्रांति के मौके पर सोमवार को लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। राज्य सरकार के एक मंत्री ने दावा किया है कि इस बार गंगासागर मेले में काम से कम 65 लाख लोग शामिल हुए। मकर संक्रांति के अवसर पर सोमवार तड़के देशभर से आए श्रद्धालुओं ने गंगा नदी और बंगाल की खाड़ी के संगम पर स्नान किया। राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस साल गंगासागर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 65 लाख से अधिक है।

श्रद्धालुओं ने कपिल मुनि मंदिर में प्रार्थना भी की। हर साल मकर संक्रांति के अवसर पर लाखों श्रद्धालु स्नान और कपिल मुनि मंदिर में पूजा करने के लिए गंगासागर आते हैं। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने के कारण राज्य सरकार ने सागर द्वीप पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस के एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और तटरक्षक बल के जवान तैनात हैं। राज्य के बिजली और खेल मंत्री अरूप विश्वास ने बताया कि रविवार दोपहर तक लगभग 65 लाख श्रद्धालु गंगासागर मेले में आए।

विश्वास ने बताया कि विशाल समुद्र तट पर फैले मेला मैदान की लगभग 1,100 सीसीटीवी कैमरों और 22 ड्रोन की मदद से निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि यहां 14 हजार पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं, 45 वॉच टावर बनाए गए हैं। श्रद्धालुओं को 22 घाटों पर 36 जहाजों, 100 बड़ी नौकाओं और छह नौकाओं के जरिए सागर द्वीप तक पहुंचाया जा रहा है। जबकि मुरीगंगा नदी पर 300 फॉग लाइट (100 मीटर से कम दृश्यता में देखने में सक्षम रोशनी) लगाई गई हैं।

मान्यता है कि त्रेता युग में मकर संक्रांति की जिस पावन तिथि पर मां गंगा ने धरती पर उतर कर सागर तट पर राजा सगर के पुत्रों को स्पर्श कर मोक्ष दिया था, उसी तिथि पर हर साल गंगासागर में पुण्य स्नान होता है।

## छत्तीसगढ़ कोयला घोटाला

### इडी ने जेल में बंद निलंबित अधिकारियों से की पूछताछ

**रायपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने सोमवार को कोयला घोटाला के सन्दर्भ में जेल में बंद निलंबित आईएएस रानू साहू, समीर विश्वनोई, राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी सौम्या चौरसिया समेत सूर्यकांत तिवारी, सुनील अग्रवाल समेत दस आरोपितों से लगातार पूछताछ की है। ईडी की टीम में शामिल दो महिला अधिकारियों ने महिला जेल प्रकोष्ठ में बंद रानू साहू और सौम्या चौरसिया से दो दिनों तक लगातार अलग-अलग बैठाकर पूछताछ की है। ईडी के अनुसार इनसे प्रतिवर्ष डीएमएफ फंड से अर्जित रकम और खर्च की गई राशि का ब्यौरा लिया गया है। पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया गया कि छापेमारी के दौरान तलाशी में पहले ही दस्तावेजों जब्त की जा चुकी है। सारी जानकारी वे पहले ही दे चुके हैं। प्रवर्तन निदेशालय जल्द ही इस मामले में पूरक चालान पेश करेगा।

# प्रधानमंत्री संग्रहालय में राष्ट्रपति ने देखी मोदी दीर्घा

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु सोमवार को यहां प्रधानमंत्री संग्रहालय गयी जहां उन्होंने नरेन्द्र मोदी दीर्घा को भी देखा। संस्कृति मंत्रालय के अनुसार नरेन्द्र मोदी दीर्घा मंगलवार से लोगों के लिए खोली जायेगी और इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी इसे देखने वाली पहली दर्शक बन गयी। राष्ट्रपति प्रधानमंत्री संग्रहालय में करीब डेढ घंटे रही और उन्होंने पुराने भवन में संविधान दीर्घा को भी देखा। संग्रहालय के विभिन्न खंडों जैसे सुशासन, पर्यावरण, विकास, अंतरराष्ट्रीय सद्भाव, विज्ञानोदय, सांस्कृतिक धरोहर और सुरक्षा, जनभागीदारी को रूचि के साथ देखा। वह विशेष रूप से इमर्सिव और इंटरैक्टिव डिस्प्ले से प्रभावित थीं। उन्होंने अनुभूति क्षेत्र का भी दौरा किया। राष्ट्रपति ने संग्रहालय का सराहना करते हुए आगंतुक पुस्तिका में लिखा कि मुझे विश्वास है कि प्रत्येक भारतीय नागरिक जो यहां आएगा और संग्रहालय की विभिन्न दीर्घाओं को देखेगा, उसे गर्व महसूस होगा। उन्होंने वहां आधुनिक भारत के मंदिरों और आजादी के तुरंत बाद बनाए गए संस्थानों की प्रदर्शनियां भी देखीं। उन्होंने तोशाखाना को दिलचस्पी से देखा, जहां देश-विदेश के प्रधानमंत्रियों को मिले उपहार प्रदर्शित हैं। राष्ट्रपति ने भारत के पहले प्रधान मंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के निजी विंग का भी दौरा किया जहां उनका शयनकक्ष और अध्ययन कक्ष स्थित है। संग्रहालय की नई इमारत में राष्ट्रपति ने विभिन्न प्रधानमंत्रियों की दीघाओं में जाने से पहले फ्रीडम एंड यूनिटी गैलरी देखी।

**राष्ट्रपति ने भारत के पहले प्रधान मंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के निजी विंग का भी किया दौरा**



# अमिताभ बच्चन ने अयोध्या में खरीदी करोड़ों की जमीन



**मुंबई।** अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए देश वासी जश्न के लिए उत्सुक हैं। प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, साधू, संत, महंत और विभिन्न क्षेत्रों के दिग्गज समारोह के गवाह बनेंगे। इस समारोह से पहले बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने अयोध्या में जमीन खरीदी है। साथ ही बिग बी इस जगह पर घर भी बनाने जा रहे हैं। इसलिए अमिताभ बच्चन चर्चा में है कि क्या अयोध्यावासी बनेंगे। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले अमिताभ बच्चन ने मुंबई स्थित डेवलपर द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा (होबल) के जरिये अयोध्या में 7-स्टार वाले एन्क्लेव, द सरयू में एक प्लॉट खरीदा है। रिपोर्ट के मुताबिक बिग बी यहां 10 हजार वर्ग फीट का घर बनाने जा रहे हैं। इस प्लॉट की कीमत 14.5 करोड़ रुपये है। अयोध्या में निवेश के बाद अमिताभ बच्चन ने कहा कि अयोध्या इस शहर के लिए मेरे दिल में एक विशेष स्थान है। होबल के अध्यक्ष अभिनंदन लोढ़ा ने कहा कि मैं सरयू के प्रथम नागरिक के रूप में अमिताभ बच्चन का स्वागत करता हूं

## बिग बी के हाथ की हुयी सर्जरी

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार अमिताभ बच्चन ने कहा कि हाल ही में हाथ की सर्जरी हुई है। अमिताभ बच्चन ने अपने नए ब्लॉग पोस्ट में अपने प्रशंसकों को अपने हाथ की सर्जरी के बारे में बताया है। बिग बी ने कहा कि वह इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग के लॉन्च से पहले अक्षय कुमार के साथ शूटिंग कर रहे थे। इस बीच उन्होंने कुछ फोटोशूट भी कराए हैं। इसी बीच उन्होंने अक्षय से अपने हाथ की सर्जरी को लेकर चर्चा की। इस शूट के दौरान की कुछ तस्वीरें उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भी शेयर की हैं। इन तस्वीरों में अमिताभ बच्चन कलाई पर पट्टी बांधे नजर आए। हालांकि, उन्होंने हाथ की सर्जरी के बारे में और कोई जानकारी नहीं दी।

# मकर संक्रांति पर सोनी सब कलाकारों के विचार



**मुंबई।** मकर संक्रांति का आगमन रंग-बिरंगा और खुशियों से भरा है। यह उत्सव हमें नए आरंभ की ओर मोड़ने और खुदाई की शुरूआत की प्रेरणा देता है। सूर्य का उत्साही पर्व, जिसे हम साझा करते हैं आपके साथ, लाएं सुख और समृद्धि का संदेश। देश में कुछ त्योहार ऐसे होते हैं जिनके लिए हम कहीं भी हों, हमें घर जाने की आगे की चाह होती है।

दिवाली निश्चित रूप से उनमें से एक है। अगर आपके पास शहर में या किसी भी शहर में अच्छे दोस्त हैं, जहां आप रह रहे हैं, तो भी आपको वहां होने का अहसास होता है क्योंकि वह त्योहार उसकी सबसे सुंदर और यादगार रातें सिर्फ परिवार के साथ ही बिता सकते हैं। यहां होने के बावजूद, इस संक्रांति में अपने घर की यादें मुझे बहुत याद आएगी। मकर संक्रांति भारतवर्ष भर में मनाया जाता है, लेकिन मैं अपने घर की बनी तिल के लड्डू, मूंगफली के चिकनी, पूरन पोली जैसे अनगिनत स्वादिष्ट व्यंजनों की याद करता हूं।

त्योहारों से पहले ये मेरे लिए एक छुट्टी का साधन थे। ठीक है, मैं अपनी डाइट का ध्यान रखता था, लेकिन चाहे वह दिवाली हो या होली या लोहड़ी या मकर संक्रांति मैं घर जाऊंगा और मैं अपना समय बहुत मजे के साथ बिताऊंगा। ईशा शर्मा जो पश्मींना की भूमिका निभा रही है। घर से दूर रहना और आत्मनिर्भर बनने की इच्छा, और साथ ही माँ की बाहों की खोज - जहाँ सुकून हो और रोने की जगह भी हो सके। कहा जाता है, दूरी सब कुछ बढ़ा देती है। आँगन आपनो का में तन्वी की भूमिका निभा रही है ने कहा कि मकर संक्रांति के इस शुभ अवसर पर, मेरी सबसे प्यारी यादें वहीं हैं जब बचपन में पतंग उड़ाने का आनंद लेती थी और घर की बनी मिठाईयों का स्वाद चखती थी।

RDBA RANCHI ELECTION FOR THE SESSION -2024-26

Please cast your valuable

VOTE

for the post of

GENRAL SECRETARY

In favour of

ANIL KUMAR KANTH



Sl. No. 1

Chamber :- NEW BAR BHAWAN

Chamber No. S13 Third floor,

Civil Court, Ranchi, Jharkhand

Phone No. 9852219763,9304401200

# राम भक्तों ने अमेरिका के 21 शहरों में निकाली कार रैली

## प्राण प्रतिष्ठा को लेकर वाशिंगटन में संगीत कार्यक्रम आयोजित



एजेंसी

**वाशिंगटन।** अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से एक सप्ताह पहले राम भक्तों ने अमेरिका के 21 शहरों में कार रैली निकालीं। वहीं, राजधानी वाशिंगटन में विश्व हिंदू परिषद ने भगवान राम को समर्पित एक अनूठा टेस्ला कार संगीत कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। वाशिंगटन के फ्रेडरिक शहर में स्थित श्री भक्त अंजनेय मंदिर के बाहर सौ से ज्यादा राम भक्त शनिवार रात को अपनी-अपनी टेस्ला कार लेकर जुटे। उन्होंने टेस्ला कार की मुख्य विशेषताओं में से एक का प्रयोग कर भगवान राम को समर्पित कुछ प्रसिद्ध गाने भी बजाए। टेस्ला कार की इस विशेषता के तहत गाड़ी की हेडलाइट और स्पीकर आपस में जुड़ जाते हैं और हेडलाइट से निकलने वाली रोशनी के बीच गाने की धुन पर लोग नाचते हैं। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की अमेरिका इकाई ने टेस्ला संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया। विहिप के मुताबिक, 200 से ज्यादा टेस्ला कार मालिकों ने इस कार्यक्रम के लिए पंजीकरण कराया था और उनमें से बड़ी संख्या में लोग यहां जुटे कार्यक्रम के आयोजकों ने ड्रोन से तस्वीरें भी लीं, जिसमें गाड़ियों को इस तरह से खड़ा किया गया था कि ऊपर से देखने में ह्यरामह्न लिखा हुआ जैसा प्रतीत हो रहा था। विश्व हिंदू परिषद की वाशिंगटन इकाई के अध्यक्ष महेन्द्र सापा ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर आज (शनिवार) हमने टेस्ला राम भगवान संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया। हम पिछले 500 वर्षों से अयोध्या में राम मंदिर के लिए संघर्ष करने वाली हिंदू पीढ़ी के आभारी हैं।

अमेरिका में राम मंदिर समारोह का नेतृत्व कर रही विहिप ने शनिवार को 21 शहरों में कार रैलियों का भी आयोजन किया, जिसमें अटलांटा, ऑस्टिन, बोस्टन, कार्मेल (इंडियाना), उत्तरी कैरोलिना, शिकागो, कोलोराडो, न्यू जर्सी, न्यूयॉर्क, और कैलिफोर्निया समेत अन्य राज्य शामिल हैं। विहिप ने कहा कि रविवार को भी इस तरह की और रैलियों का आयोजन किया जाएगा।

## उत्तर कोरिया ने बैलिस्टिक मिसाइल का किया परीक्षण

प्योंगयांग। उत्तर कोरिया के हाइपरसोनिक वारहेड युक्त मध्यवर्ती दूरी की ठोस-ईंधन बैलिस्टिक मिसाइल के परीक्षण ने कई देशों की नींद उड़ा दी है। इस पर उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने कहा कि रविवार दोपहर हुए इस प्रक्षेपण का उद्देश्य मिसाइल के ठोस-ईंधन इंजन की विश्वसनीयता और हाइपरसोनिक वारहेड की गतिशील उड़ान क्षमताओं की पुष्टि करना था। यह परीक्षण सफल रहा। केसीएनए के अनुसार, इस परीक्षण से किसी भी पड़ोसी देश की सुरक्षा पर कोई असर नहीं पड़ा और इसका क्षेत्रीय स्थिति से कोई लेना-देना नहीं है। दक्षिण कोरिया ने सोमवार को बड़ा दावा किया। जापान टुडे की रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण कोरिया ने कहा है कि यह मिसाइल दूरस्थ अमेरिकी लक्ष्यों पर हमला करने के लिए डिजाइन की गई है।

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar - II | ₹ 120 | English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !